Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

# जुलाई 2024

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# प्रश्न और उत्तर

**1. निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार एक मौलिक अधिकार है?**

A. के. पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ, 2017
B. सुप्रिया चक्रवर्ती बनाम भारत संघ, 2023
C. अनूप बर्णवाल बनाम भारत संघ, 2023
D. एम.के. रंजीतसिंह एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य, 2024

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एम.के. रंजीतसिंह एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य मामला, 2024:**

- भारत के **सर्वोच्च न्यायालय** ने एम.के. रंजीतसिंह एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य, 2024 में **जलवायु परिवर्तन** तथा **मानवाधिकारों** पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया।
- **एम.के. रंजीतसिंह एवं अन्य बनाम भारत संघ और अन्य** में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार एक मौलिक अधिकार है।
- भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिकार को **अनुच्छेद 21** के तहत मान्यता दी है जो **जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार** को मान्यता देता है तथा **अनुच्छेद 14** जो कानून के समक्ष समानता को इंगित करता है।

**2. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. द्वितीय एंग्लो-बर्मा युद्ध
2. पंजदेह घटना
3. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का गठन
4. इंपीरियल सर्विस कॉर्प्स
5. बंगाल में नम्नि वर्ग की आबादी की स्थतिि पर रपिोर्ट

**उपरोक्त में से कितनी घटनाएँ लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल के दौरान घटित हुईं?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लॉर्ड डफरिन (1884-1888):**

- **तृतीय आंग्ल-बर्मा** युद्ध **7-29 नवम्बर, 1885** को लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल में हुआ था।
  - **द्वितीय आंग्ल-बर्मा युद्ध लॉर्ड डलहौजी (1848-1856)** के कार्यकाल के दौरान 1852-1853 के दौरान हुआ था।
- **पंजदेह घटना 1885** में घटित हुई थी, जब रूसी सेना ने **अमु दरिया** के दक्षिण में **पंजदेह** के आस-पास के अफगान क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया था, जो अब **तुर्कमेनिस्तान** में है।
  - इससे **रूस और यूनाइटेड किंगडम** के बीच **कूटनीतिक संकट** उत्पन्न हो गया।
- **एओ ह्यूम** ने 1885 में अपने कार्यकाल के दौरान **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस** की नींव रखी।
- उन्होंने **भारतीयों** द्वारा अधिकारी बनाए गए **इंपीरियल सर्विस कॉर्प्स** की स्थापना करके आधुनिक भारतीय सेना की नींव भी रखी।
- 1888 में उन्होंने **बंगाल में निम्न वर्ग की आबादी की स्थिति पर रिपोर्ट** प्रकाशित की (जिसे **डफरिन रिपोर्ट** के नाम से जाना जाता है)। **अतः विकल्प C सही है।**

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा सांख्यिकी में "महालनोबिस दूरी" का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. प्रेक्षणों के दो समूहों के बीच समानता।
B. नमूना माध्य के बीच अंतर।
C. दो चरों के बीच सहसंबंध।
D. एकल डेटासेट के अंतर्गत भिन्नता।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महालनोबिस दूरी:**

- महालनोबिस दूरी **प्रेक्षणों के दो समूहों के बीच समानता** को दर्शाती है।
- जब **एक बहुस्तरीय चर के प्रेक्षणों की तुलना दूसरे बहुस्तरीय चर के केंद्रक से** की जाती है, तो यह समानता के संख्यात्मक माप प्रस्तुत करता है।
- सर रोनाल्ड एल्मर फिशर (ब्रिटिश सांख्यिकीविद्) ने इस अवधारणा को **"महालनोबिस डी-स्क्वायर" या "महालनोबिस दूरी"** नाम देकर स्वीकार किया। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

**4. "डिजीयात्रा" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कागज़ रहित यात्रा की सुविधा प्रदान करता है और साथ ही कई बिंदुओं पर पहचान की जाँच से बचाता है।
2. यह चेहरे की पहचान का उपयोग करके सेल्फ-बैग ड्रॉप तथा चेक-इन की सुविधा भी प्रदान करता है।
3. इसे डिजीयात्रा फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है, जो नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डिजीयात्रा:**

- **डिजीयात्रा** कागज़ रहित यात्रा की सुविधा प्रदान करती है और कई बिंदुओं पर पहचान जाँच से बचाती है। यात्रियों को अपने **पहचान-पत्र तथा बोर्डिंग पास साथ रखने की आवश्यकता नहीं** होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके अतिरिक्त, यह यात्रियों की पहचान करने और डेटा रिकॉल के लिये चेहरे की पहचान का उपयोग करते हुए स्वयं **बैग ड्रॉप और चेक-इन की सुविधा** भी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे **डिजीयात्रा फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित** किया जा रहा है।
  - डिजीयात्रा फाउंडेशन भारत में नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा समन्वित एक **उद्योग-आधारित डिजिटल पहल** है।
  - यह **कंपनी अधिनियम, 2013** की **धारा 8** के अंतर्गत **एक गैर-लाभकारी कंपनी** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा प्रतिवर्ष जारी की जाती है।
2. FSR वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR):**

- वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) RBI द्वारा द्विवार्षिक यानी वर्ष में दो बार जारी की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC** - RBI गवर्नर की अध्यक्षता में) की **उप-समिति** के वित्तीय स्थिरता तथा वित्तीय प्रणाली के **लचीलेपन** के जोखिमों पर **सामूहिक मूल्यांकन** को दर्शाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस रिपोर्ट में वित्तीय क्षेत्र के **विकास** और विनियमन से संबंधित **मुद्दों** पर भी चर्चा की जाती है।

**6. GST अपीलीय अधिकरण (GSTAT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GSTAT केंद्रीय माल एवं सेवा कर (GST) अधिनियम, 2017 के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है।
2. यह GST अधिनियम, 2017 और संबंधित राज्य/संघ शासित प्रदेश GST अधिनियमों के तहत प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है।
3. इसकी कोई राज्य पीठ नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**GST अपीलीय न्यायाधिकरण (GSTAT):**

- GSTAT **केंद्रीय माल एवं सेवा कर (GST) अधिनियम, 2017** के तहत स्थापित अपीलीय प्राधिकरण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **GST अधिनियम, 2017** के तहत स्थापित एक अपीलीय प्राधिकरण है, जो **प्रथम अपीलीय प्राधिकारी** के आदेशों के विरुद्ध उक्त अधिनियम और संबंधित **राज्य/केंद्रशासित प्रदेश GST अधिनियमों** के तहत विभिन्न अपीलों की सुनवाई करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सरकार ने नई दिल्ली में स्थित **प्रधान पीठ** और देश भर में विभिन्न स्थानों पर **31 राज्य पीठों** को अधिसूचित किया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**7. मशीन लर्निंग में 1-बिट लार्ज लैंग्वेज मॉडल ( LLM ) का उपयोग करने का प्रमुख लाभ क्या है ?**

A. उन्हें कम प्रशिक्षण डेटा की आवश्यकता होती है।
B. वे मीडिया सामग्री प्रसंस्करण की गुणवत्ता को बढ़ाते हैं।
C. वे कम्प्यूटेशनल संसाधन आवश्यकताओं को काफी कम कर देते हैं।
D. वे ग्राफिक्स प्रसंस्करण में छवि रिज़ॉल्यूशन में सुधार करते हैं।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लार्ज लैंग्वेज मॉडल ( LLMs ):**

- 1-बिट लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) क्वांटीकरण के **सबसे चरम रूप का प्रतिनिधित्व** करते हैं, जिसमें प्रत्येक पैरामीटर के लिये **एक बिट ( 0 या 1 )** का उपयोग किया जाता है।
    - इससे पारंपरिक LLM की तुलना में मॉडल का आकार और **कम्प्यूटेशनल संसाधन की आवश्यकता** काफी **कम हो** जाती है।
- **1-बिट LLM** की अवधारणा **माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च एशिया** के शोधकर्त्ताओं की एक टीम द्वारा विकसित की गई थी।
    - उन्होंने बिटनेट का निर्माण किया, जो LLM के लिये पहली **1-बिट क्वांटाइज़ेशन-अवेयर ट्रेनिंग ( QAT ) विधि** है, जिसने **मेमोरी उपयोग और ऊर्जा खपत को कम करते हुए** प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कार्यों में अत्याधुनिक परिणाम प्राप्त किये। **अत: विकल्प C सही है।**

**8. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. अफगानिस्तान
2. ईरान
3. पाकिस्तान
4. इराक
5. ओमान

**उपर्युक्त देशों में से कितने देश गोल्डन क्रीसेंट का हिस्सा हैं ?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गोल्डन क्रीसेंट:**

- **गोल्डन क्रीसेंट** मध्य **एशिया का सबसे बड़ा अफीम उत्पादक** क्षेत्र है, जो **ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान** की पर्वत शृंखलाओं के बीच स्थित है।
- यह अफीम उत्पादन और वितरण के लिये एक प्रमुख **वैश्विक केंद्र** के रूप में कार्य करता है।
- यद्यपि **ईरान** इस क्षेत्र में अफीम का प्राथमिक उत्पादक नहीं है, फिर भी यह **एक पारगमन और उपभोक्ता** देश के रूप में कार्य करता है।




**अत: विकल्प B सही है।**

नोट :

**9. "गलील क्षेत्र (Galilee region)", जो कभी-कभी समाचारों में आता है, कहाँ स्थित है?**


A. इज़रायल
B. फ्राँस
C. दक्षिण अफ्रीका
D. श्रीलंका

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गलील क्षेत्र:**

- **गलील क्षेत्र** उत्तरी **इज़रायल** में स्थित है।
- यह दक्षिण में जेज्रेल घाटी से घिरा है; **उत्तर में लेबनान** के पहाड़ों से, **पूर्व में गलील सागर, जॉर्डन नदी** और गोलान हाइट्स से; तथा **पश्चिम में तटीय पर्वत शृंखला से**।
- यह **गलील सागर** के लिये जाना जाता है, जहाँ कहा जाता है कि **यीशु पानी** पर चले थे।




**अत: विकल्प A सही है।**

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (Crime and Criminal Tracking Network and Systems) परियोजना जाँच, डेटा विश्लेषण, अनुसंधान तथा नीति निर्माण के उद्देश्य से सभी पुलिस स्टेशनों को आपस में जोड़ती है।
2. अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (Inter-Operable Criminal Justice System) पुलिस, न्यायालय, जेल, फोरेंसिक लैब और अभियोजन को एकीकृत करता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आपराधिक न्याय प्रणाली:**

- **अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) परियोजना जाँच, डेटा विश्लेषण, अनुसंधान, नीति निर्माण** और **शिकायतों की रिपोर्टिंग एवं ट्रैकिंग** आदि जैसे नागरिक सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से सभी **पुलिस स्टेशनों** को एक सामान्य **एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर** के तहत जोड़ती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **न्याय वितरण प्रणाली** को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये (अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली (Inter-Operable Criminal Justice System) की स्थापना की गई है।
  - ICJS का मुख्य उद्देश्य आपराधिक न्याय के मुख्य स्तंभों, अर्थात् पुलिस (CCTNS), न्यायालय (ई-न्यायालय), जेल (ई-कारागार), फोरेंसिक लैब (ई-फोरेंसिक) और अभियोजन (ई-अभियोजन) को एकीकृत करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

**11. के-शेप्ड इकोनॉमिक रिकवरी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तब होता है जब अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सुधार अलग-अलग दर पर होता है।
2. इस अवधारणा की उत्पत्ति पहली बार महामंदी (1929-1939) के दौरान हुई थी।
3. इसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था के एक क्षेत्र में सुधार प्रारंभ हो जाता है जबकि अन्य क्षेत्र में संघर्ष जारी रहता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**K-आकार इकोनॉमिक रिकवरी:**

- **K-आकार की रिकवरी** तब होती है जब अर्थव्यवस्था के विभिन्न **क्षेत्र भिन्न-भिन्न दरों,** समय या परिमाण पर **मंदी** से उबरते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह अवधारणा **पहली बार वर्ष 2020 में COVID-19 महामारी** के दौरान सामने आई थी। COVID-19 महामारी से अर्थव्यस्था के विभिन्न क्षेत्रों में **रिकवरी** दर **खंडित** और **असमान** रही है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था के **एक क्षेत्र** में **सुधार** होने लगता है जबकि **अन्य क्षेत्र में संघर्ष जारी** रहता है। इससे अमीर लोग और अधिक समृद्ध हो जाते हैं जबकि शेष व्यक्ति पीछे रह जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन भारत के निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा विचाराधीन टोटलाइज़र मशीनों का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

A. यह प्रत्येक उम्मीदवार के लिये वोट का संचयी योग प्रदान करने के लिये विभिन्न मतदान केंद्रों से वोटों का योग करता है।

B. यह मतदान के प्रारंभिक रुझानों के आधार पर चुनाव के परिणाम का पूर्वानुमान करता है।

C. यह मतदाता की पहचान गुप्त रखने हेतु विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) में प्राप्त वोटों को एकीकृत करता है।

D. यह अन्य सरकारी डेटाबेस के साथ क्रॉस-चेक करके मतदाता सूचियों की सटीकता की पुष्टि करता है।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**टोटलाइज़र मशीन:**

- **टोटलाइज़र मशीनें** कई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (EVM) के वोटों को एकीकृत करती हैं जिसका उद्देश्य **मतदाता की पहचान गुप्त रखना** और **बूथ-वार मतदान पैटर्न** की पहचान करने से रोकना है।
- इस मशीन की सहायता से 14 बूथों के वोटों को एक साथ गिना जा सकता है जिसका उद्देश्य मतदाताओं को चुनाव से पहले किसी भी प्रकार की धमकी और चुनाव के पश्चात उत्पीड़न से बचाना है।
  - वर्तमान में EVM के माध्यम से किये गए वोटों की गिनती **प्रत्येक बूथ** के आधार पर की जाती है।
- इसे बंगलूरु स्थित **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड** और हैदराबाद स्थित **इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड** द्वारा **विकसित** किया गया है। **अतः विकल्प C सही है।**

**13. सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBDC एक कानूनी मुद्रा है जो केंद्रीय बैंक द्वारा डिजिटल रूप में जारी की जाने वाली संप्रभु कागज़ी मुद्रा के समान है।
2. यह मौजूदा मुद्रा के बराबर विनिमय योग्य है और इसे भुगतान के माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाएगा।
3. CBDC के पास अंतिम उपयोग को जोड़कर मुद्रा की प्रोग्रामिंग करने की संभावना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC):**

- **सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC)** एक **केंद्रीय बैंक द्वारा डिजिटल रूप में** जारी की जाने वाली कानूनी मुद्रा है। यह **संप्रभु कागज़ी मुद्रा** के समान है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मौजूदा मुद्रा के बराबर विनिमय योग्य है और इसे **भुगतान के माध्यम, कानूनी निविदा तथा मूल्य** के सुरक्षित भंडार के रूप में स्वीकार किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- CBDC के पास अंतिम **उपयोग को जोड़कर** मुद्रा की प्रोग्रामिंग करने की संभावना है। उदाहरण के लिये बैंकों द्वारा **कृषि ऋण** को यह सुनिश्चित करने के लिये प्रोग्राम किया जा सकता है कि इसका उपयोग केवल इनपुट स्टोर आउटलेट पर किया जाए। **अतः कथन 3 सही है।**

**14. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द "कंगारू कोर्ट" का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक कानूनी अदालत जो वन्यजीव संरक्षण और पशु अधिकारों से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखती है।

B. दूर-दराज़ के क्षेत्रों में स्थापित एक अस्थायी अदालत, जहाँ नियमित अदालतें सुलभ नहीं हैं, न्याय का प्रशासन करती है।

C. एक अदालत जो विशेष रूप से व्यवसायों और निगमों के बीच विवादों से निपटती है।

D. कानूनी अधिकार के बिना लोगों के एक समूह द्वारा आयोजित एक अनौपचारिक अदालत, जो अक्सर स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं और निष्पक्षता की अवहेलना करती है।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**कंगारू कोर्ट:**

- **कंगारू कोर्ट** एक **अनौपचारिक न्यायालय** है जो कानूनी अधिकार के बिना लोगों के एक समूह द्वारा आयोजित की जाती है, जो अक्सर स्थापित **कानूनी प्रक्रियाओं और निष्पक्षता की अवहेलना** करती है।
- इसका प्रयोग उन **कार्यवाहियों या गतिविधियों** के लिये किया जाता है, जहाँ निर्णय अनुचित, पक्षपातपूर्ण और **वैधता से रहित तरीके** से लिया जाता है।
- यह एक **गैरकानूनी और झूठी अदालत** है जो समुदाय द्वारा सहमत कानूनी मानकों का पालन नहीं करती है। **अत: विकल्प D सही है।**

**15. वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में इस समिति का उद्देश्य वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिये तंत्र को मज़बूत और संस्थागत बनाना है।
2. RBI गवर्नर की अध्यक्षता में FSDC उप-समिति का गठन किया गया है।
3. इसके सदस्यों में केवल RBI और SEBI के प्रमुख शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC):**

- केंद्रीय **वित्त मंत्री की अध्यक्षता** में इस समिति का **उद्देश्य वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, अंतर-नियामक समन्वय में वृद्धि करने और वित्तीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने** के लिये तंत्र को मज़बूत तथा संस्थागत बनाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **RBI गवर्नर की अध्यक्षता** में **FSDC उप-समिति का गठन** किया गया है। FSDC के सभी सदस्य उप-समिति के सदस्य भी होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके सदस्यों में **वित्तीय क्षेत्र** के नियामकों **(RBI, SEBI, PFRDA, IRDA एवं वायदा बाज़ार आयोग)** के प्रमुख, वित्त सचिव अथवा आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**16. प्रोफेसर स्वामीनाथन के अधीन राष्ट्रीय किसान आयोग (NCF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वामीनाथन ने "कृषि में महिलाओं के लिये नई पहल" हेतु एक राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना की सिफारिश की।
2. इसमें अनुबंध कृषि के लिये एक आचार संहिता की सिफारिश की गई।
3. इन्होंने C2 (उत्पादन की वास्तविक लागत) प्लस 50% के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तय करने की सिफारिश की।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय किसान आयोग (NCF):**

- **राष्ट्रीय किसान आयोग (NCF)** द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्रालय के तहत **"कृषि में महिलाओं के लिये नई पहल"** हेतु एक **राष्ट्रीय बोर्ड की स्थापना की** सिफारिश की गई। **अत: कथन 1 सही है।**
- **केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय** तथा **केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय** सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
- इन्होंनेअनुबंध कृषि के लिये एक आचार संहिता की सिफारिश की और साथ ही **आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955** में संशोधन की वकालत की। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन्होंने **C2 (उत्पादन की वास्तविक लागत) प्लस 50% के आधार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) तय करने की सिफारिश नहीं** की, जैसा कि प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा मांग की गई थी। इन्होंने **MSP के लिये कानूनी गारंटी की भी सिफारिश नहीं** की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - **अभिजीत सेन समिति** ने सिफारिश की थी कि **कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP)** को **अधिक कुशल क्षेत्रों** में उत्पादन की **C2 लागत** (अर्थात् पारिवारिक श्रम,

नोट :

स्वामित्व पूंजी और भूमि पर किराये की अनुमानित लागत सहित सभी लागतें) के आधार पर कठोरता से कार्य करना चाहिये।

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल और दूरसंचार आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक (ICI) की सूची में शामिल हैं।
2. आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल मदों के भारांक का लगभग 40% हिस्सा है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आठ प्रमुख उद्योग:**

- **सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और स्टील** आठ प्रमुख उद्योगों (ICI) के सूचकांक की सूची में शामिल हैं। **ICI आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त** एवं व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल मदों के भारांक का 40.27 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**18. फिनटेक उद्योग में सैंडबॉक्स दृष्टिकोण का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. वित्तीय उत्पादों के लिये अनुमोदन प्रक्रिया में तेज़ी लाना।
B. ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणालियों को बढ़ाना।
C. एन्क्रिप्शन के माध्यम से ऑनलाइन लेन-देन की सुरक्षा में सुधार करना।
D. नियामक प्रभाव के बिना नवीन वित्तीय प्रौद्योगिकियों के परीक्षण के लिये एक नियंत्रित वातावरण प्रदान करना।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सैंडबॉक्स दृष्टिकोण:**

- **सैंडबॉक्स दृष्टिकोण, विनियामक प्रभाव** के बिना नवीन वित्तीय प्रौद्योगिकियों के परीक्षण के लिये एक नियंत्रित वातावरण प्रदान करता है।
- इसका अर्थ है किसी **तकनीक या प्रणाली को अपनाने से पहले प्रयोग करना** और **सीखना**।
- यह **दृष्टिकोण विफलताओं के प्रभाव को नियंत्रित** करने में मदद करता है।
- सैंडबॉक्स में फिनटेक स्टार्टअप **पूर्ण पैमाने पर लॉन्च** से पहले अपने **उत्पादों या सेवाओं से जुड़े संभावित जोखिमों की पहचान कर** सकते हैं और उन्हें कम कर सकते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

**19. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. सुरक्षा और संप्रभुता के लिये साझेदारी
2. ग्रह के लिये साझेदारी
3. लोगों के लिये साझेदारी
4. सामरिक खनिजों के लिये साझेदारी

**उपर्युक्त में से कौन भारत-फ्रांस रोडमैप "क्षितिज 2047 या होराइज़न 2047" का हिस्सा हैं?**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**"भारत-फ्रांस रोडमैप "क्षितिज 2047 या होराइज़न 2047":**

- 2023 में **भारत-फ्रांस साझेदारी की 25वीं वर्षगाँठ** के अवसर पर दोनों देशों ने 2047 तक द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करने के लिये एक रोडमैप अपनाने पर सहमति व्यक्त की, जिसे **"क्षितिज 2047"** कहा गया।
- **भारत-फ्रांस** रोडमैप **"क्षितिज 2047 या होराइज़न 2047"** के **तीन स्तंभ** हैं:
  - **सुरक्षा और संप्रभुता** के लिये साझेदारी
  - **ग्रह** के लिये साझेदारी
  - **लोगों** के लिये साझेदारी। **अतः विकल्प C सही है।**

**20. "धन्यवाद प्रस्ताव" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद के निचले सदन में केवल "धन्यवाद प्रस्ताव" नामक प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है।
2. चर्चा के अंत में इसे मतदान के लिये रखा जाता है।
3. सदन में इसका पारित न होना सरकार की हार के बराबर है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**धन्यवाद प्रस्ताव:**

- **राष्ट्रपति का अभिभाषण**, जो **"ब्रिटेन में सिंहासन (Throne) से भाषण"** के अनुरूप होता है, पर संसद के दोनों सदनों में **"धन्यवाद प्रस्ताव"** नामक प्रस्ताव पर चर्चा की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- चर्चा के **अंत में इस प्रस्ताव पर मतदान** कराया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस प्रस्ताव को **सदन** में पारित होना ही **चाहिये**। अन्यथा **सरकार की हार** होगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**21. गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये:**

1. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान के पश्चात् यह भारत में चीतों के वास के लिये निर्मित दूसरा स्थल है।
2. नर्मदा नदी इस अभयारण्य के एकदम बीच से होकर प्रवाहित होती है।
3. इसमें सवाना पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें घास के विस्तृत मैदान और शुष्क पर्णपाती वृक्ष और झाड़ियाँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य:**

- **गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य**, **कुनो राष्ट्रीय उद्यान** के पश्चात् भारत में चीतों के वास के लिये निर्मित दूसरा स्थल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- चंबल नदी इस अभयारण्य के ठीक बीच से होकर प्रवाहित होती है। वर्ष 1960 में इस नदी पर निर्मित किया गया गांधी सागर बाँध, अभयारण्य के क्षेत्र में स्थित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसमें **सवाना पारिस्थितिकी तंत्र** है जिसमें **शुष्क पर्णपाती वृक्षों** और **झाड़ियों** के साथ **घास के विस्तृत मैदान** शामिल हैं। इसमें **शैलीय भूभाग** तथा **शीटरॉक** भी हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**22. बैंकिंग में किसी ऋण को विशेष उल्लेख खाते (SMA) के रूप में वर्गीकृत करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. ऐसे ऋणों को इंगित करना जिनका निष्पादन सर्वोत्कृष्ट है।

B. ऐसे ऋणों की पहचान करना जो अतिदेय हैं किंतु अभी तक अनर्जक परिसंपत्तियों (NPA) के रूप में वर्गीकृत नहीं किये गए हैं।

C. ऐसे ऋणों को वर्गीकृत करना जिन्हें पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

D. ऐसे ऋणों को दर्शाना करना जिन्हें बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष उल्लेख खाता (SMA):**

- **विशेष उल्लेख खाते (Special Mention Accounts- SMA)** वे परिसंपत्तियाँ/खाते हैं जो **प्रारंभिक 90 दिनों** में या **अनर्जक परिसंपत्ति (Non-Performing Asset- NPA)** के रूप में पहचाने जाने से पहले **अशोध्य परिसंपत्ति** के संकेत प्रदर्शित करते हैं।
- इसका प्राथमिक **उद्देश्य** उन ऋणों की पहचान करना है जो **अतिदेय (Overdue)** तो हैं किंतु उन्हें **NPA** के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है।
- SMA का वर्गीकरण **NPA** बनने की संभाव्यता वाले खातों की पहचान करने के उद्देश्य से **RBI** द्वारा **वर्ष 2014 में** पेश किया गया था। **अतः विकल्प B सही है।**

**23. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं:**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है, जो भूमिधारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये शुरू की गई है।
2. किसानों को भुगतान के लिये राशि राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दी जाती है।
3. इसमें लघु और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु होने पर 3,000 रुपए मासिक पेंशन प्रदान करने का भी प्रावधान है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN):**

- **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN)** एक **केंद्रीय क्षेत्रक योजना** है, जो कुछ अपवर्जन मानदंडों के अधीन, **देश भर के सभी कृषि योग्य भूमिधारक किसान परिवारों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये** शुरू की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत, किसानों के **आधार से जुड़े बैंक खातों में 6000 रुपए की राशि वार्षिक आधार पर, 2000 रुपए की तीन समान किस्तों में प्रत्यक्ष रूप से हस्तांतरित** की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना (PM-KMY)** का उद्देश्य **लघु और सीमांत किसानों को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद 3,000 रुपए मासिक पेंशन** प्रदान करना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (CTA) के पास तिब्बती शरणार्थियों का पुनर्वास करने एवं तिब्बत में स्वतंत्रता और खुशहाली बहाल करने का दोहरा कार्य है।
2. प्रारंभ में CTA धर्मशाला में स्थित था लेकिन बाद में यह नई दिल्ली में स्थानांतरित हो गया।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (CTA):**

- तिब्बती **शरणार्थियों का पुनर्वास** तथा तिब्बत में **स्वतंत्रता एवं खुशहाली** की बहाली, **केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (CTA)** की स्थापना के दोहरे उद्देश्य हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **29 अप्रैल, 1959** को **दलाई लामा ने उत्तर भारतीय हिल स्टेशन मसूरी में CTA की स्थापना** की। **मई 1960 में इसे धर्मशाला स्थानांतरित** कर दिया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**25. निम्नलिखित संसदीय समितियों पर विचार कीजिये:**

1. लोक लेखा समिति
2. विशेषाधिकार समिति
3. अधीनस्थ विधान समिति
4. रेलवे कन्वेंशन समिति
5. सार्वजनकि उपक्रम समतिि

**उपर्युक्त संसदीय समितियों में से कितनी स्थायी समितियाँ हैं?**

A. केवल दो

B. केवल तीन

C. केवल चार

D. सभी पाँच

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्थायी समितियाँ:**

- **स्थायी समितियाँ स्थायी** होती हैं (प्रत्येक वर्ष या समय-समय पर गठित) और **निरंतर आधार** पर कार्य करती हैं।
- स्थायी समितियों के उदाहरण हैं- **लोक लेखा समिति, विशेषाधिकार समिति, अधीनस्थ विधान समिति, सार्वजनिक उपक्रम समिति** आदि।
- **तदर्थ समितियाँ अस्थायी** होती हैं और उन्हें सौंपे गए कार्य के पूरा होने पर उनका अस्तित्त्व समाप्त हो जाता है। उदाहरण के लिये **रेलवे कन्वेंशन समिति (1949)** की स्थापना रेलवे द्वारा सामान्य राजस्व को देय लाभांश की दर निर्धारित करने के लिये की गई थी। **अतः विकल्प C सही है।**

**26. आचार समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वतंत्रता के बाद के युग में पहली आचार समिति का गठन 1950 में जॉन मथाई की सिफारिश पर किया गया था।
2. यह संसद के सदस्यों की आचार संहिता को लागू करती है।
3. यह सदन और उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों के उल्लंघन के मामलों की जाँच करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आचार समिति:**

- **राज्यसभा में आचार समिति** का गठन वर्ष **1997 में और लोकसभा में वर्ष 2000** में किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संसद सदस्यों की **आचार संहिता** को लागू करता है और कदाचार के मामलों की जाँच करता है तथा **उचित कार्रवाई की सिफारिश** करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **विशेषाधिकार समिति** अर्द्ध-न्यायिक प्रकृति की होती है। यह **सदन और उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों** के उल्लंघन के मामलों की जाँच करती है तथा उचित कार्रवाई की सिफारिश करती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**27. "श्रम निरीक्षण कन्वेंशन" शब्द कभी-कभी समाचारों में किसके संदर्भ में देखा जाता है:**

A. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

B. विश्व आर्थिक मंच

C. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद

D. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**श्रम निरीक्षण कन्वेंशन:**

- श्रम निरीक्षण कन्वेंशन (LIC), **अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** द्वारा **11 जुलाई, 1947** को अपनाया गया एक अभिसमय है।
- यह कन्वेंशन कार्य स्थितियों और श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित श्रम कानूनों तथा विनियमों के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिये श्रम निरीक्षण प्रणाली की **स्थापना एवं संचालन** के लिये **सिद्धांतों व दिशा-निर्देशों** की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।
- सदस्य राज्यों को औद्योगिक कार्यस्थलों पर **श्रम निरीक्षण** की व्यवस्था बनाये रखना आवश्यक है। **अत: विकल्प A सही है।**

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजकोषीय घाटे का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. सरकार के कुल राजस्व और उधार सहित कुल व्यय के बीच का अंतर।

B. यह ब्याज भुगतान को छोड़कर व्यय को पूरा करने के लिये सरकार की उधार आवश्यकताओं को दर्शाता है।

C. वह राशि जिससे सरकार का कुल व्यय उधार से प्राप्त धन को छोड़कर उसके कुल राजस्व से अधिक होता है।

D. एक वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा एकत्र किये गए कुल कर राजस्व में कमी।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय घाटा:**

- **राजकोषीय घाटे** को उस राशि के रूप में परिभाषित किया जाता है जो सरकार के **कुल व्यय, उधार से प्राप्त धन को छोड़कर, उसके कुल राजस्व** से अधिक होती है।
- इसकी गणना **सकल घरेलू उत्पाद** के प्रतिशत के रूप में या सरकार द्वारा अपनी आय से **अधिक खर्च** की गई कुल राशि के रूप में की जाती है।
    - किसी भी स्थिति में आय के आँकड़े में केवल कर और अन्य राजस्व शामिल होते हैं तथा कमी को पूरा करने के लिये **उधार लिया गया धन इसमें शामिल** नहीं होता। **अत: विकल्प C सही है।**

**29. शिक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में गठित कोप्पिलिल राधाकृष्णन समिति का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. विश्वविद्यालयों के कामकाज में वित्तीय अनियमितताओं की जाँच करना।

B. पूरी तरह से परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और किसी भी संभावित उल्लंघन को रोकने के लिये उपाय सुझाना।

C. भारत में कृषि शिक्षा का अध्ययन और सुधार करना।

D. भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार की समीक्षा करना और सुझाव देना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कोप्पिलिल राधाकृष्णन समिति:**

- **शिक्षा मंत्रालय** ने परीक्षाओं का **पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित** करने के लिये **कोप्पिलिल राधाकृष्णन** की अध्यक्षता में सात विशेषज्ञों की एक **उच्च स्तरीय समिति** गठित की।
- पैनल को **संपूर्ण जाँच प्रक्रिया का विश्लेषण** करने और प्रणाली की दक्षता में सुधार लाने तथा किसी भी संभावित उल्लंघन को रोकने के लिये उपाय सुझाने का कार्य सौंपा गया है।
- यह **राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA)** की **मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOP)** की गहन **समीक्षा** भी करेगा। **अत: विकल्प B सही है।**

**30. हवाई अड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (AERA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नरेश चंद्र समिति की सिफारिश पर गठित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह प्रमुख हवाई अड्डों पर वैमानिकी सेवाओं के लिये टैरिफ और अन्य शुल्कों को नियंत्रित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA):**

- **हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (AERA) नरेश चंद्र समिति की सिफारिश** के आधार पर **भारतीय हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008** के तहत गठित एक **वैधानिक निकाय** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह प्रमुख हवाई अड्डों पर वैमानिकी सेवाओं (हवाई यातायात प्रबंधन, विमान की लैंडिंग और पार्किंग, ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएँ) के लिये **टैरिफ तथा अन्य शुल्क** (विकास शुल्क एवं यात्री सेवा शुल्क) को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**31. प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट के प्रसार को बढ़ाने के लिये लॉन्च किया गया था।
2. इसका उद्देश्य वाई-फाई एक्सेस पॉइंट्स (WAPs) के निर्माण के माध्यम से पूरे देश में एक सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क स्थापित करना है।
3. सार्वजनिक डेटा कार्यालय (PDO) वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करते हैं और उपयोगकर्त्ताओं को इंटरनेट एक्सेस प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI):**

- **संचार मंत्रालय** द्वारा सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट के प्रसार को बढ़ाने के लिये **प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI)** लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य **वाई-फाई एक्सेस पॉइंट्स (WAPs)** के निर्माण के माध्यम से पूरे देश में एक सार्वजनिक **वाई-फाई नेटवर्क** स्थापित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **PM-WANI इकोसिस्टम में पब्लिक डेटा ऑफिस (PDO), पब्लिक डेटा ऑफिस एग्रीगेटर (PDOA),** एप प्रदाता और सेंट्रल रजिस्ट्री शामिल हैं।
- पब्लिक डेटा ऑफिस (PDO) वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित करते हैं और उपयोगकर्त्ताओं को इंटरनेट एक्सेस प्रदान करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**32. शेल कंपनियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे फंड रखने और किसी अन्य इकाई के वित्तीय लेन-देन का प्रबंधन करने के लिये बनाया जाता है।
2. पारंपरिक कंपनियों की तरह, उनके पास कर्मचारी होते हैं और एक्सचेंजों पर उनका कारोबार होता है।
3. शेल कंपनी स्थापित करने से कर लाभ मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**शेल कंपनियाँ:**

- **शेल कंपनी** एक ऐसा व्यवसाय है जो **धन रखने और** किसी अन्य इकाई के **वित्तीय लेन-देन का प्रबंधन** करने के लिये बनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पारंपरिक कंपनियों **के विपरीत, शेल कॉर्पोरेशन में कर्मचारी नहीं होते हैं और एक्सचेंजों पर उनका कारोबार** नहीं होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **शेल कंपनी** स्थापित करने से **कर लाभ** भी मिलता है। विदेशी कंपनियाँ **पनामा** जैसे **कर मुक्त** देशों में शेल कंपनियाँ बना सकती हैं और अपने देश में कर बिल कम कर सकती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**33. भारतीय राष्ट्रपति के विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति को अपने आधिकारिक कार्यों के लिये कानूनी दायित्व से व्यक्तिगत प्रतिरक्षा प्राप्त है।
2. अपने कार्यकाल के दौरान, वह किसी भी आपराधिक कार्यवाही से मुक्त है, यहाँ तक कि अपने व्यक्तिगत कार्यों के संबंध में भी।

3. 15 दिनों का नोटिस देने के बाद, उसके व्यक्तिगत कार्यों के संबंध में उसके कार्यकाल के दौरान उसके खिलाफ दीवानी कार्यवाही शुरू की जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रपति के विशेषाधिकार और उन्मुक्तियाँ:**

- **राष्ट्रपति** को अनेक **विशेषाधिकार और छूट** प्राप्त हैं।
- उसे अपने **आधिकारिक कार्यों** के लिये कानूनी दायित्व से व्यक्तिगत प्रतिरक्षा प्राप्त है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अपने कार्यकाल के दौरान, वह किसी भी आपराधिक **कार्यवाही से मुक्त** है, यहाँ तक कि अपने व्यक्तिगत कृत्यों के संबंध में भी। **अत: कथन 2 सही है।**
- दो महीने का **नोटिस देने के बाद, उनके व्यक्तिगत कृत्यों के** संबंध में उनके कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ सिविल कार्यवाही शुरू की जा सकती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**34. पोलियो रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 2 (WPV2) और वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 3 (WPV3) को विश्व स्तर पर समाप्त घोषित कर दिया गया है।
2. वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 (WPV1) केवल पाकिस्तान और अफगानिस्तान में ही स्थानिक है।
3. पोलियो रोग से बचाव के लिये केवल ओरल पोलियो वैक्सीन का उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पोलियो रोग:**

- **वाइल्ड पोलियोवायरस (WPV)** तीन प्रकार के होते हैं: **टाइप 1, टाइप 2 और टाइप 3।**
- वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 2 (WPV2) और वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 3 (WPV3) को क्रमशः वर्ष 2015 तथा 2019 में समाप्त घोषित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 (WPV1) केवल **पाकिस्तान और अफगानिस्तान** में ही पाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पोलियो रोग से बचाव के लिये **दो टीके इस्तेमाल** किये जाते हैं। वे ओरल पोलियो वैक्सीन और निष्क्रिय पोलियोवायरस वैक्सीन (IPV) हैं। **IPV इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन द्वारा** दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम
2. ई-क्रांति- सेवाओं की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी
3. सभी के लिये सूचना
4. इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण

**उपर्युक्त में से कौन डिजिटल इंडिया पहल के नौ स्तंभों में शामिल हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डिजिटल इंडिया पहल:**

- **डिजिटल इंडिया पहल** विभिन्न सरकारी मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित एक व्यापक कार्यक्रम है, जिसका समग्र समन्वय **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** द्वारा किया जाता है।
- इसका उद्देश्य विकास के नौ स्तंभों को आवश्यक बल प्रदान करना है, अर्थात् ब्रॉडबैंड राजमार्ग, मोबाइल कनेक्टिविटी तक सार्वभौमिक पहुँच, **सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेस कार्यक्रम**, ई-गवर्नेंस: प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार में सुधार, **ई-क्रांति- सेवाओं की इलेक्ट्रॉनिक डिलीवरी, सभी के लिये सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण**, नौकरियों हेतु IT और अर्ली हार्वेस्ट कार्यक्रम। **अत: विकल्प D सही है।**

**36. जैव ईंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गन्ना, मक्का और सोयाबीन का उपयोग जैव ईंधन बनाने के लिये किया जाता है।

2. इनका उपयोग केवल परिवहन ईंधन के रूप में किया जा सकता है।
3. जीवाश्म ईंधन की तुलना में इनमें उत्सर्जन की तीव्रता अधिक होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जैव ईंधन:**

- **जैव ईंधन** आमतौर पर जैविक पदार्थों, जैसे **बायोमास और प्राकृतिक अपशिष्ट** का उपयोग करके बनाए गए तरल ईंधन होते हैं।
- जैव ईंधन बनाने के लिये इस्तेमाल की जाने वाली विशिष्ट **सामग्री गन्ना, मक्का और सोयाबीन** हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अधिकांश जैव ईंधन का उपयोग परिवहन ईंधन के रूप में किया जाता है,** लेकिन उनका उपयोग हीटिंग और बिजली उत्पादन के लिये भी किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **जैव ईंधन में जीवाश्म ईंधन की तुलना में उत्सर्जन तीव्रता कम** होती है और इसलिये यह परिवहन को कार्बन मुक्त करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**37. भारतीय संविधान की तीसरी अनुसूची निम्नलिखित से संबंधित है:**

A. राज्य सभा में सीटों का आवंटन
B. पंचायतों की शक्तियाँ, अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ
C. शपथ और प्रतिज्ञान के प्रकार
D. संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**तीसरी अनुसूची:**

- **भारतीय संविधान** की **तीसरी अनुसूची विभिन्न संवैधानिक** पदों की **"शपथ या प्रतिज्ञान के स्वरूप"** को परिभाषित करती है।
- इसमें संविधान के **अनुच्छेद 75(4), 99, 124(6), 148(2), 164(3), 188 और 219** शामिल हैं।
- शपथ के दो प्रकार हैं, **सच्ची आस्था और निष्ठा की शपथ और गोपनीयता** की शपथ। **अतः विकल्प C सही है।**

**38. योग दर्शन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना ऋषि पतंजलि ने की थी और यह भारतीय दर्शन के छह रूढ़िवादी स्कूलों में से एक है।
2. इसका सांख्य स्कूल से निकट संबंध है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**योग दर्शन स्कूल:**

- **योग दर्शन** की स्थापना **ऋषि पतंजलि** ने की थी और यह **भारतीय दर्शन के छह रूढ़िवादी स्कूलों** में से एक है। यह **शारीरिक तथा मानसिक अनुशासन की एक विधि प्रस्तुत** करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका सांख्य दर्शन से निकट संबंध है।
  - **सांख्य और योग विद्यालयों** के अनुसार, **ब्रह्मांड 2 वास्तविकताओं से बना है, पुरुष (चेतना)** तथा **प्रकृति (पदार्थ)। अतः कथन 2 सही है।**

**39. "फिनफ्लुएंसर" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे खुदरा निवेशकों को वित्तीय निवेश के विभिन्न क्षेत्रों पर जानकारी और सलाह प्रदान करते हैं।
2. वे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के साथ पंजीकृत हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फिनफ्लुएंसर:**

- **वित्तीय प्रभावक** जिन्हें लोकप्रिय रूप से "फिनफ्लुएंसर" के रूप में जाना जाता है, खुदरा निवेशकों को स्टॉक ट्रेडिंग,

**व्यक्तिगत वित्त और म्यूचुअल फंड जैसे वित्तीय निवेश क्षेत्रों** की एक सरणी पर जानकारी तथा सलाह प्रदान करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

- फिनफ्लुएंसर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के साथ **पंजीकृत नहीं** हैं या किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण द्वारा विनियमित नहीं हैं, जिससे वे पूंजी बाज़ारों का एक **रिस्की सेगमेंट** बन जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**40. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी बिजली उत्पादन क्षमता पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की लगभग एक तिहाई है।
2. SMR की पूर्वनिर्मित इकाइयों का निर्माण किया जा सकता है और फिर उन्हें साइट पर भेजा तथा स्थापित किया जा सकता है।
3. SMR को मौजूदा ग्रिड में या छोटे विद्युत उत्पादन के लिये दूर से ऑफ-ग्रिड में स्थापित किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMRs):**

- **स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) उन्नत परमाणु रिएक्टर** हैं जिनकी बिजली क्षमता **300 मेगावाट प्रति यूनिट** तक है, जो **पारंपरिक परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता** का लगभग एक तिहाई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- SMR की **पूर्वनिर्मित इकाइयों का निर्माण** किया जा सकता है और फिर उन्हें **साइट पर भेजा** तथा स्थापित किया जा सकता है, जिससे **उन्हें बड़े विद्युत रिएक्टरों की तुलना में** निर्माण करना अधिक किफायती हो जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जिन क्षेत्रों में **ट्रांसमिशन और ग्रिड क्षमता** की पर्याप्त लाइनें नहीं हैं, **वहाँ SMR को मौजूदा ग्रिड** में या छोटे विद्युत उत्पादन के लिये दूर से **ऑफ-ग्रिड** स्थापित किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**41. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 355 संघ सरकार की निम्नलिखित में से किस ज़िम्मेदारी से संबंधित है?**

A. यह सुनिश्चित करना कि राज्य सरकारें संविधान के प्रावधानों के अनुसार काम करें
B. विकास परियोजनाओं को लागू करने के लिये राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करना
C. राज्यों के बीच व्यापार और वाणिज्य को विनियमित करना
D. राज्यों द्वारा ऋण जुटाने के लिये केंद्र सरकार की सहमति

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 355:**

- **अनुच्छेद 355:** संघ का यह कर्त्तव्य होगा कि वह प्रत्येक राज्य को **बाह्य आक्रमण** और **आंतरिक अशांति** से बचाए तथा यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक राज्य की सरकार संविधान के उपबंधों के अनुसार चले।
- यह संविधान के **भाग XVIII** के अंतर्गत ***"आपातकालीन प्रावधान"*** शीर्षक वाला एक प्रावधान है।
- अनुच्छेद 355 के अंतर्गत केंद्र सरकार को किसी भी राज्य को संघ के **कानूनों** और **विनियमों** का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये निर्देश जारी करने का अधिकार है। **अतः विकल्प A सही है।**

**42. निम्नलिखित में से कौन-से प्रावधान ब्रिटिश संविधान से लिये गए हैं?**

1. राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत
2. कानून का शासन
3. द्विसदनीयता
4. कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया
5. केंद्र द्वारा राज्य के राज्यपालों की नियुक्ति

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये?:**

A. केवल 1, 3 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 5
D. केवल 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ब्रिटिश संविधान के प्रावधान:**

- ब्रिटिश संविधान से अपनाए गए **प्रावधान** इस प्रकार हैं:
  - संसदीय सरकार, **कानून का शासन**, विधायी प्रक्रिया, एकल नागरिकता, कैबिनेट प्रणाली, विशेषाधिकार रिट, संसदीय विशेषाधिकार और **द्विसदनीयता।**

- अन्य स्रोत:
  - आयरिश संविधान: **राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत।**
  - जापानी संविधान: **विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया।**
  - कनाडाई संविधान: **केंद्र द्वारा राज्य के राज्यपालों की नियुक्ति। अत: विकल्प B सही है।**

**43. ब्रह्मपुत्र नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्गम नेपाल के अंबू लाप्चा ग्लेशियर से होता है।
2. लोहित और दिहांग नामक दो धाराओं में मिलने के बाद इसे ब्रह्मपुत्र के नाम से जाना जाता है।
3. असम घाटी में नदी के ढलान का अचानक समतल हो जाने के कारण नदी की प्रकृति लटदार हो जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ब्रह्मपुत्र नदी:**

- **ब्रह्मपुत्र नदी** दक्षिण-पश्चिमी तिब्बत में **चेमायुंगडुंग ग्लेशियर** से निकलती है। इसका स्रोत **सिंधु और सतलज के स्रोतों** के समीप है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **सादिया शहर** के ठीक पश्चिम में, **दिहांग नदी** दक्षिण-पश्चिम की ओर मुड़ती है और दो पहाड़ी धाराओं, **लोहित** तथा **दिबांग** के साथ विलीन हो जाती है। इस **संगम** के आगे के भाग को **ब्रह्मपुत्र** नदी कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **तिब्बत** में यह औसत ढलान **2.82 मीटर/किमी.** से घटकर असम घाटी में लगभग **0.1 मीटर/किमी.** रह जाता है। असम घाटी में नदी के ढलान का **अचानक समतल हो जाने** के कारण नदी की प्रकृति **लटदार** हो जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**44. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अंगप्रदक्षिणम नामक हिंदू अनुष्ठान का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. मंत्रों का जाप करते हुए मंदिर के चारों ओर दक्षिणावर्त दिशा में परिक्रमा करना।

B. भक्ति स्वरुप में मंदिर परिसर में साष्टांग प्रणाम की मुद्रा में परिक्रमा करना।

C. मंदिर के देवता को भोग और अन्य प्रसाद चढ़ाना।

D. मंदिर के देवता के सामने लंबे समय तक ध्यान लगाना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अंगप्रदक्षिणम** तीर्थयात्रियों द्वारा भगवान के प्रति अपनी भक्ति दर्शाने के लिये और उन्हें उनकी रक्षा करने तथा उनकी इच्छाओं की पूर्ति करने के लिये धन्यवाद देने हेतु किये जाने वाले महत्त्वपूर्ण कृत्यों में से एक है।
- **अंगप्रदक्षिणम** के दौरान, भक्त अपनी भुजाओं को प्रणाम अवस्था की दिशा में आगे की ओर करके **ज़मीन पर लेट जाता है** और मंदिर के गर्भगृह की ओर मुख करके उसी अवस्था में परिक्रमा करता है।
- इस परिक्रमा किये जाने वाले मार्ग को **विमान प्रदक्षिणम** कहा जाता है। **अत: विकल्प B सही है।**

**45. स्वामी विवेकानंद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने "नव-वेदांत" का प्रचार किया, जो पश्चिमी दृष्टिकोण से हिंदू धर्म की व्याख्या थी।
2. उन्होंने अपने पूर्व नाम "सच्चिदानंद" को बदलकर "विवेकानंद" रख लिया।
3. शिकागो में रहते हुए उन्होंने वर्ष 1893 में पहली वेदांत सोसाइटी की स्थापना की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 3

B. केवल 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्वामी विवेकानंद:**

- स्वामी विवेकानंद ने **"नव-वेदांत"** का प्रचार किया, जो पश्चिमी दृष्टिकोण से हिंदू धर्म की व्याख्या थी और वह **आध्यात्मिकता को भौतिक प्रगति के साथ जोड़ने** में विश्वास करते थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1893 में खेतड़ी राज्य के महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने अपने पूर्व नाम **"सच्चिदानंद"** को बदलकर **"विवेकानंद"** रख लिया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **न्यूयॉर्क में** रहते हुए उन्होंने वर्ष 1894 में पहली **वेदांत सोसाइटी** की स्थापना की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**46. परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह परमाणु आपूर्तिकर्त्ता देशों का एक समूह है जो परमाणु हथियारों के अप्रसार में योगदान देना चाहता है।
2. यह परमाणु हथियारों या अन्य परमाणु विस्फोटक उपकरणों के प्रसार को रोकने के लिये परमाणु व्यापार पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG):**

- **परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG)** परमाणु निर्यात और परमाणु-संबंधित निर्यात के लिये दिशा-निर्देशों के दो समूहों के कार्यान्वयन के माध्यम से **परमाणु हथियारों के अप्रसार में योगदान देना** चाहता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सुनिश्चित करता है कि **शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये परमाणु व्यापार परमाणु** हथियारों या अन्य परमाणु विस्फोटक उपकरणों के प्रसार में योगदान नहीं देता है और यह कि परमाणु क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एवं सहयोग प्रक्रिया में अन्यायपूर्ण रूप से **बाधा नहीं बनती** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की औपचारिक स्थापना वर्ष 1961 में बेलग्रेड, यूगोस्लाविया में हुई थी।**

**कथन-II: NAM का उद्देश्य शीत युद्ध के टकराव के संदर्भ में विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाना था।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गुट निरपेक्ष आंदोलन (Non-Aligned Movement-NAM):**

- **बांडुंग सम्मेलन** में सहमत सिद्धांतों के आधार पर, **गुटनिरपेक्ष आंदोलन** औपचारिक रूप से **वर्ष 1961 में बेलग्रेड, यूगोस्लाविया** में स्थापित किया गया था। **अत: कथन I सही है।**
- **शीत युद्ध के टकराव** के संदर्भ में **विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य** से गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की स्थापना की गई थी। **अत: कथन II सही है।**
- यह एक ऐसे **राजनीतिक समूह** में **स्थान** प्राप्त करने की आकांक्षा रखता है जो वैश्विक मंच पर **पश्चिम के एकतरफा दृष्टिकोण** और कार्यों का **विरोध** करना चाहता है।

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**48. अग्निपथ योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी रैंक से नीचे के कर्मियों को 4 वर्ष की अवधि के लिये भर्ती करना था।
2. 4 वर्षों के अंत में इन भर्तियों में से 50% तक (अग्निवीर) स्थायी रूप से सेवाओं में शामिल हो सकते हैं।
3. 4 वर्षों के बाद सेवानिवृत्त होने वाले अग्निवीरों को सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन नहीं प्राप्त होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अग्निपथ योजना:**

- **अग्निपथ योजना** का उद्देश्य अधिकारी रैंक से नीचे के कार्मिकों अर्थात् सैनिकों, वायुसैनिकों तथा नाविकों को 4 वर्ष की अवधि के लिये भारतीय सशस्त्र बलों में भर्ती करना है, जो **कमीशन प्राप्त अधिकारी नहीं** हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **4 वर्षों के अंत में इन भर्तियों में से 25% तक (अग्निवीर),** योग्यता एवं संगठनात्मक आवश्यकताओं के अधीन, स्थायी कमीशन (अन्य 15 वर्ष) पर सेवाओं में शामिल हो सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- **अग्निवीर 4 वर्षों बाद सेवानिवृत्त** हो जाते हैं और उन्हें **पेंशन भी प्राप्त नहीं होती है।**
  - केवल 25% अग्निवीरों को, जो 4 वर्ष की सेवा के बाद सेना में शामिल हो जाएंगे, उनको पेंशन संबंधी लाभ प्राप्त होंगे, हालाँकि सेवा के प्रारंभिक 4 वर्षों को इसके अंतर्गत नहीं माना जाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**49. भारत-रूस संबंधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत वर्ष 2000 में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान उनके नेतृत्व में की गई थी।
2. रूस के साथ रणनीतिक साझेदारी को "विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक बढ़ा दिया गया है।
3. भारत के पास रूस के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता तंत्र नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत-रूस संबंध:**

- **भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन** प्रक्रिया अक्तूबर, 2000 में राष्ट्रपति **व्लादिमीर पुतिन की** भारत यात्रा के दौरान उनके **नेतृत्व में शुरू की** गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- **दिसंबर 2010** में रणनीतिक साझेदारी को **"विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी"** के स्तर तक बढ़ा दिया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **दिसंबर 2021 में रूस के साथ 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता** (दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्री) तंत्र **शुरू** किया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**50. दश्त-ए-कविर और दश्त-ए-लुट रेगिस्तान, जो कभी-कभी समाचारों में दिखते हैं, कहाँ स्थित हैं:**

A. तुर्कमेनिस्तान
B. मोरक्को
C. जॉर्डन
D. ईरान

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ईरानी रेगिस्तान:**

- ईरान के **आंतरिक मैदानों** का एक बड़ा हिस्सा और साथ ही कई **अंतर-पर्वतीय घाटियाँ रेगिस्तान** से ढकी हुई हैं। ईरान के दो प्रसिद्ध **रेगिस्तान** हैं:
  - **दश्त-ए-काविर:** यह ईरान के पूर्वी केंद्र में स्थित है और इसमें **सेमनान, इस्फहान, यज़्द तथा खुरासान प्रांतों** के कुछ हिस्से शामिल हैं।
  - **दश्त-ए-लुट:** यह **खुरासान, केरमान और यज़्द प्रांतों** के बीच स्थित है तथा इसे विश्व के सबसे **शुष्क एवं गर्म रेगिस्तानों** में से एक माना जाता है।
- ईरान में स्थित **अन्य रेगिस्तान** हैं **नमक रेगिस्तान, सिरजान नमक रेगिस्तान, अबरकूह रेगिस्तान, काविर दर अंजीर** आदि। **अत: विकल्प D सही है।**

**51. अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक सांविधिक निकाय है जिसका उद्देश्य अनुसंधान और विकास (R&D) का संवर्द्धन करना तथा अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है।
2. यह उद्योग, शिक्षा और सरकारी विभागों एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।
3. विज्ञान और अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड (SERB) को ANRF में शामिल कर लिया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF):**

- **ANRF** एक **सांविधिक निकाय** है जिसकी स्थापना **अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन अधिनियम, 2023** के तहत की गई थी। इसका उद्देश्य **अनुसंधान और विकास (R&D) को बढ़ावा देना** तथा भारत के **विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों** एवं **R&D प्रयोगशालाओं** में अनुसंधान व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**

- ANRF उद्योग, शिक्षा, सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है तथा उद्योगों एवं राज्य सरकारों की भागीदारी व योगदान के लिये एक इंटरफेस तंत्र स्थापित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ANRF की स्थापना के साथ वर्ष 2008 में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित **विज्ञान और अभियांत्रिकी अनुसंधान बोर्ड (SERB)** को ANRF में शामिल कर लिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**52. यदा-कदा जन समाचारों में देखे जाने वाले राष्ट्रपति जलवायु आयोग (PCC) का उल्लेख निम्नलिखित में से किसके मामलों के संदर्भ में किया जाता है?**

A. दक्षिण अफ्रीका
B. जापान
C. भारत
D. डेनमार्क

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रपति जलवायु आयोग (PCC):**

- **राष्ट्रपति जलवायु आयोग (PCC) दक्षिण अफ्रीका गणराज्य** के राष्ट्रपति द्वारा स्थापित एक **बहु-हितधारक निकाय** है जो देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और कम कार्बन उत्सर्जन वाली स्थिति स्थापक जलवायु तथा अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर परामर्श प्रदान करती है।
- PCC के पहले कार्यों में से एक **न्यायसंगत परिवर्तन** के लिये एक रूपरेखा विकसित करना था। न्यायोचित परिवर्तन प्रतिमान **रोज़गार, स्थानीय अर्थव्यवस्था, कौशल, सामाजिक समर्थन और शासन** से जुड़ी वास्तविक समस्याओं को संबोधित करने का अवसर प्रदान करता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**53. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| विशेष प्रावधान | संबंधित राज्य |
|---|---|
| 1. अनुच्छेद 371B | a. बिहार |
| 2. अनुच्छेद 371C | b. मणिपुर |
| 3. अनुच्छेद 371D | c. आंध्र प्रदेश |

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राज्यों के लिये विशेष प्रावधान:**

- **अनुच्छेद 371B: असम** राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान।
  - **राष्ट्रपति** असम के जनजातीय क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों से मिलकर बनी **राज्य विधान सभा** की एक समिति के **गठन** और **कार्यों** के लिये **प्रावधान** कर सकते हैं। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अनुच्छेद 371C: मणिपुर** राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान।
  - राष्ट्रपति **मणिपुर** के पहाड़ी क्षेत्रों से निर्वाचित सदस्यों से मिलकर बनी **राज्य विधान सभा** की एक समिति के **गठन** और **कार्यों** के लिये **प्रावधान** कर सकते हैं। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **अनुच्छेद 371D: आंध्र प्रदेश** राज्य के संबंध में विशेष प्रावधान।
  - यह **आंध्र प्रदेश** के लोगों को समान अवसर और सुविधाएँ प्रदान करता है तथा रोज़गार एवं शिक्षा के मामलों में उनके अधिकारों की रक्षा करता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प C सही है।**

**54. राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारत और पाकिस्तान द्वारा परमाणु परीक्षण के बाद की गई थी।
2. यह भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च निकाय है।
3. NSC के गठन से पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कार्य खुफिया ब्यूरो के निदेशक द्वारा किये जाते थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC):**

- **राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC)** की स्थापना **भारत और पाकिस्तान द्वारा परमाणु परीक्षण के बाद** 1998 में भारत सरकार द्वारा की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह भारत में **राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन** हेतु **सर्वोच्च निकाय** है। **अत: कथन 2 सही है।**

- NSC के गठन से पहले **राष्ट्रीय सुरक्षा** से संबंधित कार्य **प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव** द्वारा किये जाते थे। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**55. रतले जलविद्युत परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह लद्दाख में चिनाब नदी पर एक "रन ऑफ रिवर" परियोजना है।
2. इसे विश्व बैंक ने अस्वीकृत कर दिया है क्योंकि यह सिंधु जल संधि 1960 का उल्लंघन करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**रतले जलविद्युत परियोजना:**

- **रतले जलविद्युत परियोजना** किश्तवाड़ (**जम्मू-कश्मीर**) में **चिनाब नदी** पर एक **"रन ऑफ रिवर"** परियोजना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी उत्पादन क्षमता **850 मेगावाट** है तथा इसमें एक **गुरुत्व बाँध** भी है।
- पाकिस्तान ने 2013 में **आरोप** लगाया था कि यह परियोजना 1960 की सिंधु जल **संधि** का उल्लंघन है, लेकिन **विश्व बैंक ने इस परियोजना को मंज़ूरी** दे दी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**56. कॉफी की खेती के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे आमतौर पर तेज़ धूप में उगाया जाता है।
2. कॉफी के पौधों की दो सबसे आम प्रजातियाँ अरेबिका और रोबस्टा हैं।
3. अरेबिका का स्वाद मीठा और चिकना होता है जबकि रोबस्टा आमतौर पर ज़्यादा कड़वी होती है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कॉफी की खेती:**

- **पाला, बर्फबारी, 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान और तेज़ धूप कॉफी की फसल** के लिये हानिकारक होती तथा इसीलिये इसे **छायादार पेड़ों** के नीचे उगाया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कॉफी के पौधों की **दो सबसे आम प्रजातियाँ अरेबिका** और **रोबस्टा** हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अरेबिका का स्वाद अधिक मीठा** और **चिकना** होता है, जबकि **रोबस्टा** आमतौर पर अधिक **कड़वी** होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**57. गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की वैक्सीन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वावैक वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम के लिये भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित वैक्सीन है।
2. गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खिलाफ यह वैक्सीन विश्व का पहला पुनः संयोजक डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (rDNA) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की वैक्सीन:**

- सर्वावैक वैक्सीन गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की रोकथाम के लिये भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित वैक्सीन है। यह एक **क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (qHPV)** है जिसे वायरस के चार प्रकारों- **टाइप 6, टाइप 11, टाइप 16 और टाइप 18** के विरुद्ध प्रभावी माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के खिलाफ वैक्सीन, विश्व में दूसरी **रीकॉम्बिनेंट डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (rDNA) वैक्सीन** है जिसमें हेपेटाइटिस-बी के विरुद्ध पहली वैक्सीन बनाने की तकनीक का उपयोग किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

58. **हाल ही में समाचारों में देखा गया सुबिक खाड़ी और क्लार्क एयर बेस कहाँ स्थित है?**

A. इज़रायल
B. ऑस्ट्रेलिया
C. फिलीपींस
D. कतर

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सुबिक खाड़ी और क्लार्क एयर बेस:**

- **सुबिक खाड़ी फिलीपींस** के **लूज़ोन** द्वीप के पश्चिमी तट पर स्थित एक खाड़ी है। यह **दक्षिण चीन सागर** में स्थित है।
  - वर्ष 1901 से 1992 तक **संयुक्त राज्य अमेरिका** ने खाड़ी के **दक्षिण-पूर्वी तट** पर एक नौसैनिक अड्डा संचालित किया।
- **क्लार्क एयर बेस फिलीपींस के लुज़ोन द्वीप पर स्थित एक पूर्व अमेरिकी सैन्य एयर बेस** है।
  - द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यह **संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर सबसे बड़ा अमेरिकी** सैन्य हवाई अड्डा बन गया तथा **दक्षिण कोरिया** और बाद में दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिकी सेनाओं के साथ संपर्क का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम बन गया। **अतः विकल्प C सही है।**

59. **फारस की खाड़ी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अरब प्रायद्वीप और ईरान के बीच स्थित है।
2. केशम, होर्मुज़ जलडमरूमध्य के समीप फारस की खाड़ी में सबसे बड़ा द्वीप है।
3. ओमान के दक्षिणी भाग में स्थित बंदर अब्बास में आवश्यक बंदरगाह सुविधा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फारस की खाड़ी:**

- **फारस की खाड़ी अरब प्रायद्वीप** और **ईरान** के बीच स्थित है। यह एक महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग है जो अरब प्रायद्वीप को दक्षिण-पश्चिमी एशिया से अलग करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **केशम**, फारस की खाड़ी में **होर्मुज़ जलडमरूमध्य** के समीप **सबसे बड़ा** द्वीप है। इसे ईरान द्वारा नियंत्रित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ईरान के दक्षिणी भाग में स्थित **बंदर अब्बास** एक महत्त्वपूर्ण बंदरगाह शहर है। यह होर्मुज़ जलडमरूमध्य में स्थित है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

60. **थिम्पू वार्ता, 1985 निम्नलिखित में से किसके समाधान के लिये आयोजित की गई थी?**

A. मानस राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीव अपराध
B. भारत और बांग्लादेश के बीच परिक्षेत्रों का आदान-प्रदान
C. भूटान से संचालित उग्रवाद
D. श्रीलंका के गृहयुद्ध का समाधान

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**थिम्पू वार्ता, 1985:**

- **भारत द्वारा प्रायोजित थिम्पू वार्ता श्रीलंकाई गृहयुद्ध** के **समाधान** के लिये आयोजित की गई थी।
- वार्ता के **चार प्रमुख सिद्धांत** इस प्रकार थे:
  - श्रीलंका के **तमिल** नागरिकों को मान्यता
  - श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिये एक पहचानी गई **मातृभूमि के अस्तित्त्व की मान्यता**
  - **तमिल राष्ट्र** के **आत्मनिर्णय** के अधिकार की मान्यता
  - श्रीलंका में तमिलों की **नागरिकता** के अधिकार और **मौलिक अधिकारों** की मान्यता। **अतः विकल्प D सही है।**

61. **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपभोक्ताओं के किन अधिकारों की गारंटी प्रदान की गई है?**

1. सुरक्षा का अधिकार
2. सूचित किये जाने का अधिकार
3. सुनवाई का अधिकार
4. उपभोक्ता जागरूकता का अधिकार

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019:**

- **उपभोक्ता** वह व्यक्ति है जो किसी वस्तु या सेवा को किसी ऐसे प्रतिफल के बदले खरीदता है जिसके लिये **भुगतान** किया जा चुका है या **वादा** किया जा चुका है या **आंशिक रूप से भुगतान** किया जा चुका है और **आंशिक रूप से वादा** किया जा चुका है।
- इस अधिनियम के तहत **उपभोक्ताओं को छह अधिकार** प्राप्त हैं अर्थात् **सुरक्षा का अधिकार, सूचित किये जाने का अधिकार, चुनने का अधिकार, सुनवाई का अधिकार, निवारण का अधिकार और उपभोक्ता जागरूकता का अधिकार**। **अत: विकल्प D सही है।**

**62. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) एक ऐसी कंपनी है जो अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में वित्तीय गतिविधि में लगी हुई है।

B. शब्द "प्रमुख व्यवसाय" को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में परिभाषित किया गया है।

C. कोई कंपनी वित्तीय व्यवसाय में है या नहीं, यह निर्धारित करने के लिये 50-50 परीक्षण लागू किया जाता है।

D. NBFC भुगतान एवं निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं हैं।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC):**

- एक **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)** एक ऐसी कंपनी है जो अपने प्रमुख व्यवसाय के रूप में **वित्तीय गतिविधियों में संलग्न** है।
  - इसमें **कोई भी संस्था शामिल नहीं** है **जिसका मुख्य व्यवसाय कृषि गतिविधि, औद्योगिक गतिविधि**, किसी भी **वस्तु (प्रतिभूतियों के अतिरिक्त) की खरीद या बिक्री** अथवा **कोई भी सेवा प्रदान** करना तथा अचल संपत्ति की बिक्री/खरीद/निर्माण करना है।
- **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934** में "मुख्य व्यवसाय" शब्द को **परिभाषित नहीं** किया गया है।
- **मुख्य व्यवसाय** के रूप में वित्तीय गतिविधि तब होती है जब किसी कंपनी की **वित्तीय परिसंपत्तियाँ कुल परिसंपत्तियों का 50% से अधिक** होती हैं और साथ ही **वित्तीय परिसंपत्तियों से आय सकल आय का 50% से अधिक** होती है।
  - यह परीक्षण लोकप्रिय रूप से **50-50 परीक्षण** के रूप में जाना जाता है और साथ ही **यह निर्धारित करने के लिये लागू किया जाता है कि कोई कंपनी वित्तीय व्यवसाय में है या नहीं**।
- NBFC भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं एवं **स्वयं आहरित चेक जारी नहीं** कर सकते हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

**63. "कराधान के सिद्धांतों" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कर संग्रह प्रणाली को प्रभावी और कार्यात्मक बनाने के लिये मार्गदर्शक नियमों एवं सिद्धांतों को संदर्भित करता है।
2. एडम स्मिथ ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "वेल्थ ऑफ नेशंस" में कराधान के 6 सिद्धांत प्रस्तुत किये।
3. एडम स्मिथ द्वारा उल्लिखित कराधान के सिद्धांतों में समानता और निश्चितता शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कराधान के सिद्धांत:**

- **कराधान के सिद्धांतों** से हमारा तात्पर्य केवल उन **विशेषताओं या गुणों** से है जो एक अच्छी कर प्रणाली में होनी चाहिये। यह **कर संग्रह प्रणाली** को प्रभावी और कार्यात्मक बनाने के लिये **मार्गदर्शक नियमों** एवं **सिद्धांतों** को संदर्भित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अपनी प्रसिद्ध पुस्तक **"वेल्थ ऑफ नेशन"** में एडम स्मिथ ने कराधान के 4 सिद्धांत प्रस्तुत किये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- एडम स्मिथ द्वारा उल्लिखित कराधान के 4 सिद्धांत हैं - **समानता, निश्चितता, मितव्ययिता और सुविधा**। **अत: कथन 3 सही है।**

**64. शेयर बाज़ार में न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (Minimum Public Shareholding) विनियमन लागू करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. यह सुनिश्चित करना कि निजी कंपनियाँ पूरी तरह से निजी स्वामित्व वाली बनी रहें।

नोट :

B. बाज़ार में तरलता बढ़ाना और निवेशकों के बीच शेयरों का व्यापक वितरण सुनिश्चित करना।
C. निवेशकों के एक छोटे समूह के बीच शेयरों के स्वामित्व को केंद्रित करना।
D. घरेलू कंपनियों में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (Minimum Public Shareholding- MPS):**

- **न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (MPS)** नियम के अनुसार, कंपनी के **25% इक्विटी शेयर** अनिवार्य रूप से जनता के पास होने चाहिये।
  - यहाँ **"सार्वजनिक"** को **गैर-प्रवर्तक शेयरधारकों** के रूप में परिभाषित किया गया है।
- MPS नियम का पालन करने के लिये 75% से अधिक शेयर रखने वाले प्रमोटरों को **अनिवार्य** रूप से अतिरिक्त शेयर जनता को बेचने होंगे।
- इससे **बाज़ार** में तरलता बढ़ती है और **निवेशकों के बीच** शेयरों का व्यापक वितरण सुनिश्चित होता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**65. गुज्जर-बकरवाल समुदाय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ा समूह हैं।
2. उन्हें गद्दी और सिप्पी के साथ अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा दिया गया था।
3. वे ट्रांसह्यूमन्स का अभ्यास करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गुज्जर-बकरवाल समुदाय**

- जम्मू-कश्मीर में **कश्मीरियों** और **डोगराओं** के बाद **गुज्जर-बकरवाल तीसरा सबसे** बड़ा समूह है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उन्हें **वर्ष 1991 में गद्दी और सिप्पी** के दो छोटे समूहों के साथ **अनुसूचित जनजाति (ST)** का दर्जा दिया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे **पारगमन (Transhumance)** का अभ्यास करते हैं। **गर्मियों में वे घाटी के ऊपरी इलाकों में चले जाते हैं** और सर्दियों में वे अपने झुंडों को ठंड से बचाने के लिये घाटी के निचले इलाकों में ले जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**66. काला सागर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रोमानिया, तुर्की, बुल्गारिया, यूक्रेन, रूस और जॉर्जिया काला सागर के साथ सीमा साझा करते हैं।
2. यह पोंटिक, काकेशस और क्रीमियन पर्वतों से भी घिरा हुआ है।
3. यह बोस्पोरस जलडमरूमध्य, मरमारा सागर और डार्डानेल्स जलडमरूमध्य के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**काला सागर:**

- यह **यूरेशिया** में स्थित है और **यूरोप**, काकेशस तथा **अनातोलिया** से घिरा हुआ है। **रोमानिया, तुर्की, बुल्गारिया, यूक्रेन, रूस एवं जॉर्जिया काला सागर** के साथ सीमा साझा करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह क्रमशः **दक्षिण, पूर्व और उत्तर में पोंटिक, काकेशस तथा क्रीमियन पर्वतों से** घिरा हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह **बोस्पोरस जलडमरूमध्य, मरमारा सागर और डार्डानेल्स जलडमरूमध्य** के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ता है।
  - भूमध्य सागर से मिलने से पहले यह **एजियन सागर** और क्रेते सागर से भी जुड़ता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**67. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. ऋण पर अर्जित ब्याज
2. भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिशेष से स्थानांतरण
3. संचार सेवा शुल्क
4. संपत्ति कर

**उपर्युक्त में से कौन-से गैर-कर राजस्व के घटक हैं?**

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गैर-कर राजस्व:**

- **गैर-कर राजस्व** से तात्पर्य करों के अलावा अन्य स्रोतों से अर्जित आय है।
- गैर-कर राजस्व के **घटक हैं:**
  - **ब्याज:** इसमें गैर-नियोजित परियोजनाओं, **20 वर्ष की परिपक्वता अवधि वाली नियोजित** परियोजनाओं के लिये राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को दिये गए ऋणों पर अर्जित ब्याज शामिल है।
  - **लाभांश और लाभ:** इसमें **भारतीय रिज़र्व बैंक** के अधिशेष, **लाभांश और सार्वजनिक क्षेत्र** के **उद्यमों (PSE)** से लाभ का हस्तांतरण शामिल है।
  - **संचार सेवा शुल्क:** इसमें दूरसंचार ऑपरेटरों द्वारा स्पेक्ट्रम उपयोग के लिये **दूरसंचार विभाग** को भुगतान किया जाने वाला लाइसेंस शुल्क शामिल है।
- **संपत्ति कर** सरकार के कर **राजस्व का एक हिस्सा** है। **अत: विकल्प A सही है।**

**68. बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (BRAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह व्यापार सुधारों में उनके प्रदर्शन के आधार पर राज्यों का आकलन करने की प्रणाली के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का तत्त्व पेश करता है।
3. राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का आकलन करने का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को बढ़ाने के लिये राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के बीच एक पदानुक्रम बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (BRAP):**

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT)** द्वारा **बिज़नेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (BRAP)** जारी की जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह व्यापार सुधारों में उनके **प्रदर्शन के आधार पर राज्यों का आकलन करने की प्रणाली** के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा का एक तत्त्व प्रस्तुत करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों** का मूल्यांकन करने का **उद्देश्य** राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के बीच पदानुक्रम बनाना नहीं है, बल्कि एक सक्षम ढाँचा बनाना है, जिसमें **राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों** के बीच अध्ययन को साझा किया जा सके, जिससे **देश भर में अच्छे अभ्यासों** का प्रसार हो सके। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**69. सैन्य अभियानों में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित स्ट्राइकर लड़ाकू वाहन की प्राथमिक भूमिका क्या है?**

A. मेन बैटल टैंक
B. रिकॉनिसेंस
C. आर्टिलरी
D. इन्फैंट्री कॅरियर (Infantry Carrier)

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**स्ट्राइकर कॉम्बैट व्हीकल्स:**

- **स्ट्राइकर कॉम्बैट व्हीकल्स** एक **8 पहियों** वाला बख्तरबंद वाहन है।
- यह **महत्त्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर अमेरिका-भारत पहल (iCET)** के भाग के रूप में अपनाई जाने वाली **संयुक्त उत्पादन** प्रौद्योगिकियों में से एक है।
- यह **हल्के वाहनों की तुलना में अधिक घातक** है, फिर भी भारी वज़न वाले मुख्य युद्धक टैंकों की तुलना में हल्का और अधिक कुशल है। **अत: विकल्प D सही है।**

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रॉस-सब्सिडी का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. असंबंधित कंपनियों के बीच फंड ट्रांसफर करना
B. एक उत्पाद या सेवा से होने वाले लाभ का उपयोग दूसरे के समर्थन करने के लिये करना
C. एक साथ कई शेयर बाज़ारों में निवेश करना
D. बंद उद्योगों को फंड देने के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्रोतों से फंड उधार लेना

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्रॉस-सब्सिडी:**

- **क्रॉस सब्सिडीकरण** एक ऐसी स्थिति है जिसमें ग्राहकों या ग्राहकों के एक समूह से किसी उत्पाद या सेवा के लिये अधिक कीमत वसूली जाती है ताकि **दूसरे समूह को कम कीमत पर सब्सिडी** दी जा सके।

- यह **एक उत्पाद या सेवा से होने वाले लाभ** को दूसरे **उत्पाद या सेवा के समर्थन में स्थानांतरित** करता है।
- यह किसी **एकल उत्पाद** या सेवा के अंतर्गत भी हो सकता है, जैसे कि जब कोई कंपनी सभी ग्राहकों को बुनियादी सेवा प्रदान करने की लागत को कम करने हेतु **प्रीमियम सुविधाओं** या अनुकूलन के लिये **अधिक कीमत वसूलती** है। **अत: विकल्प B सही है।**

**71. RBI द्वारा सरकार को अधिशेष हस्तांतरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आर्थिक पूंजी ढाँचे (ECF) ने यह निर्धारित करने के लिये एक विधि तैयार की कि केंद्रीय बैंक को सरकार को कितना अधिशेष हस्तांतरित करना चाहिये।
2. लेखांकन की दृष्टि से अधिशेष हस्तांतरण RBI बैलेंस शीट के आकार को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**RBI अधिशेष हस्तांतरण:**

- आर्थिक पूंजी ढाँचे (ECF) ने यह निर्धारित करने के लिये एक विधि तैयार की कि **केंद्रीय बैंक को सरकार** को कितना **अधिशेष हस्तांतरित** करना चाहिये। ECF को **बिमल जालान समिति की सिफारिश** के अनुसार अपनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- लेखांकन दृष्टि से अधिशेष हस्तांतरण न तो **RBI की बैलेंस शीट के आकार को प्रभावित** करता है, न ही **आरक्षित मुद्रा विस्तार** में योगदान देता है।
  - **बैलेंस शीट का आकार अपरिवर्तित** रहता है क्योंकि अवितरित लाभ, जो RBI की अन्य देनदारियों का एक हिस्सा है, कम हो जाता है और साथ ही RBI के साथ केंद्र सरकार का बैलेंस बढ़ जाता है, जो एक दूसरे की भरपाई करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**72. सदन के नेता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा नियमों के अनुसार, "सदन के नेता" का अर्थ प्रधानमंत्री होता है, अगर वह लोकसभा का सदस्य है।
2. राज्यसभा में "सदन के नेता" की कोई अवधारणा नहीं है।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका में इसी पदाधिकारी को "बहुमत प्राप्त नेता" के रूप में जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सदन के नेता:**

- **लोकसभा नियमों** के अनुसार, **"सदन के नेता"** का अर्थ **प्रधानमंत्री** है, यदि वह लोकसभा का **सदस्य** है, या कोई मंत्री जो **लोकसभा** का सदस्य है और जिसे सदन के नेता के रूप में कार्य करने के लिये प्रधानमंत्री द्वारा नामित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्यसभा में एक **"सदन का नेता"** भी होता है। वह एक मंत्री और **राज्यसभा** का सदस्य होता है तथा उसे **प्रधानमंत्री** द्वारा इस तरह कार्य करने के लिये **नामित** किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका** में इसी पदाधिकारी को **"बहुमत प्राप्त नेता" के रूप में** जाना जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**73. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 167 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राज्यपाल को जानकारी प्रदान करने के लिये मुख्यमंत्री के कर्त्तव्यों को निर्धारित करता है।
2. मुख्यमंत्री का कर्त्तव्य है कि वह प्रशासन से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों और विधिक प्रस्तावों के बारे में राज्यपाल को बताए।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 167:**

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 167** में **राज्यपाल** को **सूचना** प्रदान करने के लिये **मुख्यमंत्री** के **कर्त्तव्यों** का उल्लेख किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- अनुच्छेद 167 में मुख्यमंत्री के **निम्नलिखित कर्त्तव्यों** का उल्लेख है:
  - राज्यपाल को **प्रशासन** और **विधिक** प्रस्तावों से संबंधित **मंत्रिपरिषद** के **सभी निर्णयों** से अवगत कराना। **अतः कथन 2 सही है।**
  - राजकीय मामलों के **प्रशासन** और **विधिक** प्रस्तावों से संबंधित ऐसी जानकारी प्रदान करना, जिसे राज्यपाल **मांगें।**
  - यदि राज्यपाल **ऐसा चाहता** है, तो **मंत्रिपरिषद** के विचार के लिये कोई भी मामला **प्रस्तुत** करना, जिस पर किसी **मंत्री** द्वारा निर्णय लिया गया हो, लेकिन जिस पर **परिषद** द्वारा विचार नहीं **किया गया** हो।

**74. समग्र पोषण के लिये प्रधानमंत्री की व्यापक योजना (पोषण अभियान) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय पोषण अभियान को क्रियान्वित कर रहा है।
2. इसका लक्ष्य प्रत्येक स्थिति में प्रतिवर्ष 2% की दर से बौनापन, अल्पपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वज़न वाले बच्चों की दर को कम करना है।
3. प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा, वाश (जल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य), कृमि मुक्ति तथा ORS-ज़िंक प्रमुख पोषण रणनीतियाँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**समग्र पोषण के लिये प्रधानमंत्री की व्यापक योजना (पोषण अभियान):**

- **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MWCD) पोषण अभियान** को लागू कर रहा है। इसका उद्देश्य गर्भवती **महिलाओं, माताओं** और **बच्चों** के लिये समग्र विकास एवं पर्याप्त **पोषण** सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका लक्ष्य **स्टंटिंग, कुपोषण, एनीमिया** (छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोरियों में) **को कम करना** तथा **जन्म के समय कम वज़न** वाले बच्चों को क्रमशः **2%, 2%, 3% एवं 2%** प्रतिवर्ष कम करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- IYCF (शिशु और छोटे बच्चों का आहार), भोजन एवं पोषण, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, **WASH (जल, स्वच्छता एवं सफाई), कृमि मुक्ति, ORS-जिंक,** खाद्य सुदृढ़ीकरण, आहार विविधीकरण, किशोर पोषण, मातृ स्वास्थ्य तथा पोषण, **ECD (प्रारंभिक बचपन विकास) / ECCE (प्रारंभिक बचपन देखभाल व शिक्षा),** अभिसरण, ICT-RTM (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सक्षम वास्तविक समय निगरानी) और क्षमता निर्माण प्रमुख पोषण रणनीतियाँ हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**75. माल्थस के जनसंख्या सिद्धांत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने अपने काम "ऐसे ऑन पापुलेशन" में जनसंख्या वृद्धि के अपने सिद्धांत को रेखांकित किया।
2. उन्होंने तर्क दिया कि मानव आबादी, मानव निर्वाह के साधनों की वृद्धि की दर की तुलना में बहुत तेज़ दर से बढ़ती है।
3. उनका मानना था कि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिये अकाल और बीमारियों के रूप में "नकारात्मक जाँच" अपरिहार्य है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**माल्थस का जनसंख्या सिद्धांत:**

- अंग्रेज़ी राजनीतिक अर्थशास्त्री **थॉमस रॉबर्ट माल्थस** ने अपनी रचना **"ऐसे ऑन पापुलेशन (1798)"** में जनसंख्या वृद्धि के अपने सिद्धांत को रेखांकित किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- उन्होंने तर्क दिया कि **मानव आबादी, मानव निर्वाह** के साधनों (विशेष रूप से भोजन, वस्त्र और अन्य कृषि-आधारित उत्पाद) की **वृद्धि** की **दर की तुलना** में **बहुत तेज़ दर से बढ़ती** है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **जनसंख्या,** गुणोत्तर श्रेढ़ी (यानी, 2, 4, 8, 16, 32 आदि) में बढ़ती है, **कृषि उत्पादन** केवल **समांतर श्रेढ़ी** (यानी, 2, 4, 6, 8, 10 आदि) में बढ़ सकता है।
- उनका मानना था कि **अकाल और महामारियों** के रूप में जनसंख्या वृद्धि पर **"सकारात्मक रोक"** अपरिहार्य है क्योंकि वह **खाद्य आपूर्ति** तथा **बढ़ती आबादी** के बीच असंतुलन से निपटने का **प्रकृति का माध्यम** है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**76. जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICPD) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. यह वियना में संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में आयोजित किया गया था।
2. इसने यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य तथा प्रजनन अधिकारों की अवधारणाओं को पेश किया।
3. इसने सर्वसम्मति से कार्य योजना को अपनाया जो जनसांख्यिकीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के बजाय व्यक्तिगत महिलाओं और पुरुषों की ज़रूरतों को पूरा करने पर केंद्रित है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICPD):**

- 5-13 सितंबर, 1994 को **मिस्र के काहिरा में संयुक्त राष्ट्र** के तत्त्वावधान में **जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICPD)** आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसने जनसंख्या के मामलों में **महिलाओं के हितों** की मौलिक भूमिका पर ज़ोर दिया और **यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य** तथा **प्रजनन अधिकारों** की अवधारणाओं को पेश किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसने सर्वसम्मति से कार्य योजना को अपनाया जो जनसंख्या और विकास के बीच अभिन्न संबंधों पर ज़ोर देता है तथा जनसांख्यिकीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के बजाय व्यक्तिगत महिलाओं एवं पुरुषों की ज़रूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**77. भारत में हेडलाइन मुद्रास्फीति का निर्धारण किसके आधार पर किया जाता है?**

A. क्रय प्रबंधक सूचकांक (PMI)
B. थोक मूल्य सूचकांक (WPI)
C. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)
D. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्त (CPI-C)

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हेडलाइन मुद्रास्फीति:**

- **भारत** में हेडलाइन मुद्रास्फीति **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-संयुक्त (CPI-C)** पर आधारित है।
- **हेडलाइन मुद्रास्फीति** अर्थव्यवस्था में **कुल मुद्रास्फीति** है।
- हेडलाइन मुद्रास्फीति अधिकांश घरों द्वारा उपभोग की जाने वाली **वस्तुओं और सेवाओं के समुच्चय** को बारीकी से दर्शाती है, जिससे यह एक **विस्तृत एवं व्यापक** उपाय बन जाता है। **अतः विकल्प D सही है।**

**78. कभी-कभी समाचारों में दिखाई देने वाला मूरमान्स्क बंदरगाह कहाँ स्थित है?**

A. फिनलैंड
B. इंडोनेशिया
C. रूस
D. मिस्र

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मूरमान्स्क बंदरगाह:**

- **मूरमान्स्क बंदरगाह ध्रुवीय वृत्त** के उत्तर में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा बंदरगाह है।
- यह रूस के **कोला प्रायद्वीप** पर **बैरेंट्स सागर** के तट पर स्थित है।
- यह रूस का सबसे उत्तरी **नॉन-फ्रीज़िंग बंदरगाह** है।
- यह रूस के **आइसब्रेकर खाड़ी** का मुख्य घर भी है। **अतः विकल्प C सही है।**

**79. इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IPO का अर्थ द्वितीयक बाज़ार में जनता को प्रतिभूतियों की बिक्री करना है।
2. IPO के तहत, बुक बिल्डिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग कुशल मूल्य खोज के लिये किया जाता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO):**

- एक निगम **प्राथमिक बाज़ार** में **इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग**, अधिकार निर्गम या निजी प्लेसमेंट के माध्यम से पूंजी जुटा सकता है।
- **इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (IPO) प्राथमिक बाज़ार** में जनता को **प्रतिभूतियों की बिक्री** करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **बुक बिल्डिंग** एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग IPO में **कुशल मूल्य खोज** के लिये किया जाता है। इसके तहत, निवेशकों से विभिन्न कीमतों पर बोलियाँ **एकत्र** की जाती हैं, जो फ्लोर प्राइस से ऊपर या बराबर होती हैं। बोली समापन तिथि के बाद ऑफर मूल्य **निर्धारित** किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय सतत् जलीय कृषि केंद्र (NaCSA) समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) का एक आउटरीच संगठन है।
2. MPEDA मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सतत् जलीय कृषि केंद्र (NaCSA):**

- राष्ट्रीय सतत् जलीय कृषि केंद्र (NaCSA) समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) का एक आउटरीच संगठन है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका गठन **व्हाइट स्पॉट श्रिम्प रोग** (White Spot Shrimp disease) के बड़े पैमाने पर प्रकोप के बाद हुआ था, जिसने **नब्बे के दशक के अंत** में निर्यातोन्मुख श्रिम्प पालन को नष्ट कर दिया था।
- MPEDA **समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1972** के तहत स्थापित एक **वैधानिक निकाय** है।
  - MPEDA **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**81. वैश्विक विकास पहल (GDI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र में GDI का प्रस्ताव रखा।
2. यह गरीबी उन्मूलन, खाद्य सुरक्षा, महामारी-रोधी और टीके, जलवायु परिवर्तन तथा हरित विकास पर केंद्रित है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक विकास पहल (GDI):**

- **चीन** ने सितंबर 2021 में **संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र में वैश्विक विकास पहल (GDI)** का प्रस्ताव रखा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **गरीबी उन्मूलन, खाद्य सुरक्षा, महामारी-रोधी और टीके, जलवायु परिवर्तन तथा हरित विकास** पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह मज़बूत, हरित और स्वस्थ वैश्विक विकास को बढ़ावा देने के लिये **संयुक्त राष्ट्र के वर्ष 2030 एजेंडे** के साथ अत्यधिक **सुसंगत** है।

**82. निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये:**

1. वर्ष 1985 के शाहबानो मामले को भारत में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई में मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है।
2. इस मामले ने विवाह और तलाक के मामलों में समान अधिकारों के लिये मुस्लिम महिलाओं की लड़ाई की नींव रखी।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शाहबानो मामला 1985:**

- **शाहबानो मामला 1985** को भारत में **मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों** की लड़ाई और स्थापित **मुस्लिम पर्सनल लॉ** के विरुद्ध लड़ाई में **विधिक मील के पत्थर** के रूप में देखा जाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने **विवाह और तलाक** के मामलों में **समान अधिकारों** के लिये मुस्लिम महिलाओं की लड़ाई की नींव रखी। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**83. विचलन बाद राजस्व घाटा (PDRD) अनुदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत राज्यों को PDRD अनुदान प्रदान करती है।
2. इनका भुगतान भारत की संचित निधि से किया जाता है।
3. इन्हें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार मासिक किस्तों में जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विचलन बाद राजस्व घाटा (PDRD) अनुदान:**

- **केंद्र** भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 275** के तहत राज्यों को **विचलन बाद राजस्व घाटा (PDRD) अनुदान** प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनुदान **भारत की संचित निधि** से दिये जाते हैं और अलग-अलग राज्यों के लिये अलग-अलग राशि तय की जा सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र के विभाज्य कर पूल के विचलन के बाद राज्यों के राजस्व खातों में अंतर को पूरा करने के लिये उन्हें **मासिक किस्तों** में **वित्त आयोग** की सिफारिशों के अनुसार जारी किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**84. अल्ज़ाइमर रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मस्तिष्क विकार है जो मस्तिष्क के विस्तार और मस्तिष्क कोशिकाओं के प्रसार का कारण बनता है।
2. बीटा-अमाइलॉइड नामक प्रोटीन के टुकड़े के जमा होने से तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुँचता है और वे नष्ट हो जाती हैं।
3. अल्ज़ाइमर रोग का कोई उपचार नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अल्ज़ाइमर रोग:**

- **अल्ज़ाइमर रोग** एक **मस्तिष्क विकार** है जिसके कारण **मस्तिष्क सिकुड़** जाता है और **मस्तिष्क** की **कोशिकाएँ** अंतत: **मर** जाती हैं। यह **डिमेंशिया (dementia)** का सबसे आम कारण है, जिसमें स्मृति, सोच, व्यवहार और सामाजिक कौशल में क्रमिक गिरावट आती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **प्लाक बीटा-अमाइलॉइड** नामक **प्रोटीन** के टुकड़े के जमा होते हैं जो तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुँचाते हैं और मार देते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अल्ज़ाइमर रोग** का कोई **उपचार नहीं** है। मस्तिष्क के कार्य में गंभीर कमी से **निर्जलीकरण**, **कुपोषण** या **संक्रमण** हो सकता है। इन जटिलताओं के परिणामस्वरूप **मृत्यु** हो सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**85. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. सकल मूल्य वर्द्धन
2. सकल मूल्य निर्गत
3. श्रम रोज़गार
4. श्रम गुणवत्ता
5. पूंजी स्टॉक

**RBI का उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापना-भारत KLEMS डेटाबेस में उपर्युक्त में से कितने पैरामीटर शामिल हैं?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

नोट :

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापना-भारत KLEMS डेटाबेस:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने "उद्योग स्तर पर उत्पादकता मापना-भारत KLEMS डेटाबेस" जारी किया है।
  - इसमें [पूंजी (K), श्रम (L), ऊर्जा (E), सामग्री (M) और सेवाएँ (S)] शामिल हैं।
- इसमें शामिल पैरामीटर हैं **सकल मूल्य वर्द्धन (GVA), सकल मूल्य निर्गत (GVO), श्रम रोज़गार (L), श्रम गुणवत्ता (LQ), पूंजी स्टॉक (K),** पूंजी संरचना (KQ), ऊर्जा (E), सामग्री (M) और सेवा (S) इनपुट की खपत, श्रम उत्पादकता (LP) तथा कुल कारक उत्पादकता (TFP)। **अतः विकल्प D सही है।**

**86. केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (CBHI- Central Bureau of Health Intelligence) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गृह मंत्रालय में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की स्वास्थ्य आसूचना शाखा है।
2. यह "राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल" प्रकाशित करता है, जो अधिकांश प्रासंगिक स्वास्थ्य सूचनाओं पर प्रकाश डालता है।
3. यह स्वास्थ्य क्षेत्र नीति सुधार विकल्प आँकड़े (HS-PROD) के लिये सुधार पहलों पर जानकारी एकत्र करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (CBHI):**

- **केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (CBHI- Central Bureau of Health Intelligence) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय** की स्वास्थ्य आसूचना शाखा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **"राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल"** प्रकाशित करता है, जो **6 प्रमुख संकेतकों** के तहत अधिकांश प्रासंगिक **स्वास्थ्य आसूचनाओं** पर प्रकाश डालता है। इन संकेतकों में जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, स्वास्थ्य स्थिति, स्वास्थ्य वित्त, स्वास्थ्य अवसंरचना और मानव संसाधन शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह **स्वास्थ्य क्षेत्र नीति सुधार विकल्प आँकड़े (HS-PROD)** के लिये सुधार पहलों पर जानकारी **एकत्र** करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**87. पर ड्रॉप मोर क्रॉप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित है।
2. यह प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) का एक घटक है।
3. सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों की स्थापना के लिये सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पर ड्रॉप मोर क्रॉप:**

- **पर ड्रॉप मोर क्रॉप (PDMC)** एक **केंद्र प्रायोजित योजना (CSS)** है जो **सूक्ष्म सिंचाई**, अर्थात् **ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों** के माध्यम से खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY)** का एक घटक है और इसे **राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)** के तहत लागू किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई करने के लिये सरकार की ओर से **छोटे और सीमांत किसानों के लिये 55 फीसदी की दर** से तथा अन्य किसानों के लिये **45 फीसदी** की दर से **वित्तीय** सहायता प्रदान की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**88. भारतीय संविधान में दसवीं अनुसूची किस संशोधन द्वारा जोड़ी गई?**

A. 52वाँ संशोधन अधिनियम, 1985
B. 42वाँ संशोधन अधिनियम, 1976
C. 44वाँ संशोधन अधिनियम, 1978
D. 61वाँ संशोधन अधिनियम, 1988

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दसवीं अनुसूची:**

- भारतीय संविधान की **दसवीं अनुसूची 52वें संशोधन अधिनियम, 1985** द्वारा जोड़ी गई थी।
- इसे लोकप्रिय रूप से "**दलबदल विरोधी कानून**" के रूप में जाना जाता है।
- यह संसद सदस्यों (MP) और विधान सभा सदस्यों (MLA) को **एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने पर दंडित करता** है।
- हालाँकि यह सांसदों/विधायकों के एक समूह को दलबदल के लिये दंड के बिना किसी अन्य राजनीतिक दल में **शामिल होने (यानी, विलय)** की **अनुमति** देता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**89. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC)
2. वासेनर व्यवस्था
3. व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि संगठन (CTBTO)
4. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

**उपर्युक्त संगठनों में से कितने का मुख्यालय/सचिवालय वियना, ऑस्ट्रिया में स्थित है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**वियना में अंतर्राष्ट्रीय संगठन:**

- **पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) सचिवालय, OPEC** का कार्यकारी निकाय है। यह **वियना, ऑस्ट्रिया** में स्थित है।
- **वासेनार व्यवस्था का** सचिवालय **वियना, ऑस्ट्रिया** में स्थित है।
- **व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि संगठन (CTBTO)** का मुख्यालय **वियना, ऑस्ट्रिया** में स्थित है। जिसकी **स्थापना वर्ष 1996** की गई थी।
- **विश्व व्यापार संगठन (WTO) एक अंतर-सरकारी संगठन** है जिसका **मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड** में स्थित है। **अत: विकल्प C सही है।**

**90. भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (NCAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें दुर्घटना परीक्षणों में उनके प्रदर्शन के आधार पर ऑटोमोबाइल को "स्टार रेटिंग" देने की व्यवस्था का प्रस्ताव है।
2. यह 2500 किलोग्राम तक के सभी वाहनों के लिये अनिवार्य है।
3. वाहन का मूल्यांकन केवल एडल्ट ऑक्युपेंट प्रोटेक्शन (AOP) के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (NCAP):**

- **भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (NCAP)** के अंतर्गत दुर्घटना परीक्षणों में प्रदर्शन के आधार पर ऑटोमोबाइल को "स्टार रेटिंग" देने की एक प्रणाली का प्रस्ताव दिया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **श्रेणी M1** के उन वाहनों पर लागू है जिनका **सकल वाहन भार 3500 किलोग्राम तक** है तथा यह स्वैच्छिक प्रकृति का है।
  - **श्रेणी M1** से तात्पर्य **यात्रियों के परिवहन के लिये प्रयुक्त मोटर वाहन** से है, जिसमें चालक की सीट के अतिरिक्त अधिकतम **8 सीटें** होती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह वाहन का मूल्यांकन **एडल्ट ऑक्युपेंट प्रोटेक्शन (AOP), चाइल्ड ऑक्युपेंट प्रोटेक्शन (COP)** तथा **सेफ्टी असिस्ट टेक्नोलॉजी (SAT)** के लिये किया जाएगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**91. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत स्थापित एक खाद्य सुरक्षा प्रणाली है।
2. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) की शुरुआत 1960 के दशक में खाद्यान्नों की गंभीर कमी के कारण उत्पन्न हुई थी।
3. दूर-दराज़, पहाड़ी, दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में इसकी पहुँच में सुधार लाने के लिये नवीकृत/संशोधित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (RPDS) शुरू की गई।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS):**

- **सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय** के तहत स्थापित **एक खाद्य सुरक्षा प्रणाली** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **PDS** की शुरुआत 1960 के दशक में **खाद्यान्नों की गंभीर कमी के कारण** हुई थी। **हरित क्रांति के बाद वर्ष 1970 और 1980 के दशक में PDS का विस्तार** किया गया तथा साथ ही इसमें **आदिवासी क्षेत्रों तथा उच्च निर्धनता दर वाले क्षेत्रों को भी शामिल** किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- चूँकि गरीबों का एक बड़ा **हिस्सा ग्रामीण, पहाड़ी, अलग-थलग और पहुँच से परे स्थानों पर रहता है, इसलिये इसकी पहुँच बढ़ाने** हेतु **नवीकृत/संशोधित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (RPDS)** शुरू की गई। **अत: कथन 3 सही है।**

**92. 16वें वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 280 के अंतर्गत 16वें वित्त आयोग का गठन किया गया तथा बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम को इसका अध्यक्ष बनाया गया।
2. इसकी सिफारिशें 1 जनवरी, 2026 से प्रारंभ होकर 5 वर्ष की अवधि तक के लिये लागू रहेगी।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**16वाँ वित्त आयोग:**

- संविधान के **अनुच्छेद 280** के तहत, **16वें वित्त आयोग का गठन** किया गया था, जिसके **अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया** थे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी सिफारिशें **1 अप्रैल, 2026 से** प्रारंभ होकर **5 वर्ष की अवधि तक के लिये** लागू होंगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**93. मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जैविक तथा सरोगेट दोनों माताओं को बच्चे के जन्म के बाद 26 सप्ताह का सवैतनिक अवकाश की अनुमति देता है।
2. 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान में क्रेच की सुविधा होनी चाहिये।
3. असंगठित क्षेत्र की महिलाएँ मातृत्व लाभ नहीं प्राप्त कर सकती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017:**

- **मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017** के माध्यम से 1961 की **धारा 5 में संशोधन** किया गया, जिससे बच्चे के जन्म के बाद **26 सप्ताह का सवैतनिक अवकाश** प्रदान किया जा सकेगा, हालाँकि यह अवकाश **केवल जैविक माताओं को ही प्राप्त** हो सकेगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक प्रतिष्ठान में क्रेच की सुविधा** होनी चाहिये तथा **नियोक्ता को क्रेच में उनको प्रतिदिन चार बार जाने की अनुमति** देनी चाहिये पर साथ ही **उनके आराम के लिये भी समय भी** देना चाहिये। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **असंगठित क्षेत्र की महिलाएँ मातृत्व लाभ प्राप्त नहीं** कर सकती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**94. नेशनल कंज़र्वेटिव कन्वेंशन का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. राष्ट्रीय पहचान, संप्रभुता, पारंपरिक मूल्यों और रूढ़िवादी नीतियों को बढ़ावा देना।

B. संरक्षणवादी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों तथा वैश्विक आर्थिक नीतियों पर ध्यान केंद्रित करना।

C. प्रगतिशील सामाजिक नीतियों एवं पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना।

D. निजी क्षेत्र में तकनीकी प्रगति बढ़ाने के लिये रणनीतियों पर चर्चा करना।

नोट :

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नेशनल कंज़र्वेटिव कन्वेंशन:**

- **नेशनल कंज़र्वेटिव कन्वेंशन,** राष्ट्रीय रूढ़िवाद पर चर्चा करने और उसे बढ़ावा देने हेतु रूढ़िवादी विचारकों, नीति निर्माताओं के साथ-साथ कार्यकर्त्ताओं को एकत्रित करता है।
- यह सम्मेलन में आमतौर पर **राष्ट्रीय पहचान, संप्रभुता, पारंपरिक मूल्यों के साथ-साथ सार्वजनिक नीति से संबंधित विभिन्न विषयों पर भाषण, सामूहिक चर्चा** एवं बहस होती है।
- इसका उद्देश्य **राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूढ़िवादी राजनीतिक रणनीतियों एवं विचारों को आकार देने के साथ ही उसे प्रभावित करना** भी है। **अत: विकल्प A सही है।**

**95. निम्नलिखित में से किसे "भारत का आर्थिक संविधान" या "राज्य पूंजीवाद की बाइबिल" माना जाता था?**

A. औद्योगिक नीति, 1980

B. नई औद्योगिक नीति 1991

C. औद्योगिक नीति प्रपत्र, 1977

D. औद्योगिक नीति प्रपत्र, 1956

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**औद्योगिक नीति प्रपत्र, 1956:**

- भारत सरकार ने **औद्योगिक नीति प्रपत्र, 1956** के माध्यम से **औद्योगिक नीति संकल्प, 1948** को संशोधित किया।
- इसे **"भारत का आर्थिक संविधान"** या **"राज्य पूंजीवाद की बाइबिल"** माना जाता था।
- इसमें उद्योगों को **अनुसूची A, अनुसूची B तथा अनुसूची C में वर्गीकृत** किया गया।
- इसने **जून 1991** तक **उद्योगों के संबंध में सरकार की नीति के लिये बुनियादी ढाँचा** प्रदान किया। **अत: विकल्प D सही है।**

**96. उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नाटो की आधारशिला आधिकारिक तौर पर पेरिस संधि, 1949 पर हस्ताक्षर के साथ रखी गई थी।
2. नाटो की स्थापना करने वाली संधि को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 से अधिकार प्राप्त हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO):**

- **उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO)** की नींव आधिकारिक तौर पर **4 अप्रैल, 1949** को **उत्तरी अटलांटिक संधि पर 1949 में हस्ताक्षर** के साथ रखी गई थी, जिसे **वाशिंगटन संधि, 1949** के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संधि **संयुक्त राष्ट्र चार्टर** के **अनुच्छेद 51** से अधिकार प्राप्त करती है, जो **स्वतंत्र राज्यों के व्यक्तिगत या सामूहिक रक्षा के अंतर्निहित अधिकार की पुष्टि** करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**97. त्रिशूली नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नदी उत्तराखंड से निकलती है और गहरी खाई बनाते हुए नेपाल में प्रवेश करती है।
2. इस नदी द्वारा बनाई गई घाटी काठमांडू और तिब्बत के बीच प्राचीन व्यापार मार्ग का निर्माण करती है।
3. यह नारायणी नदी की सहायक नदियों में से एक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**त्रिशूली नदी:**

- त्रिशूली नदी **तिब्बत के ग्यिरोंग काउंटी** से निकलती है, जहाँ **क्यिरोंग त्सांगपो (केरुंग खोला)** और **लेंडे खोला** नदियाँ मिलकर **त्रिशूली नदी** बनाती हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह नदी **रसुवा गढ़ी (नेपाल-तिब्बत सीमा)** में प्रवेश करने से पहले एक **गहरी खाई** से होकर गुज़रती है। इस नदी द्वारा बनाई गई घाटी काठमांडू और तिब्बत के बीच **प्राचीन व्यापार मार्ग** का निर्माण करती थी। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह मध्य नेपाल में **नारायणी नदी (गंडक नदी)** की सहायक नदियों में से **एक** है। **अतः कथन 3 सही है।**

**98. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन "त्रिशंकु संसद" का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. ऐसी संसद जिसमें निचले सदन में कोई भी राजनीतिक दल बहुमत हासिल नहीं कर पाता।

B. ऐसी संसद जिसमें सभी निर्णय एक ही सत्तारूढ़ दल द्वारा लिये जाते हैं।

C. ऐसी संसद जो केवल आपातकालीन स्थितियों के दौरान ही मिलती है।

D. ऐसी संसद जो हर साल भंग हो जाती है और फिर से चुनी जाती है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**त्रिशंकु संसद:**

- **त्रिशंकु संसद** तब होती है जब कोई भी राजनीतिक दल **निचले सदन में बहुमत** हासिल नहीं कर पाता है।
- इसे **समग्र नियंत्रण की स्थिति के रूप में** भी जाना जाता है।
- भारत में **पहली त्रिशंकु संसद 1989** के आम चुनाव में हुई थी, क्योंकि किसी भी पार्टी के पास लोकसभा में बहुमत नहीं था।
- जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो सरकार के पास **तीन विकल्प** बचते हैं:
  - गठबंधन सरकार बनाए
  - अल्पमत सरकार बनाए
  - पुनः चुनाव कराए **अतः विकल्प A सही है।**

**99. संसद में विश्वास प्रस्ताव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खंडित जनादेश के परिणामस्वरूप संसद में अस्थिरता की उभरती स्थितियों से निपटने के लिये एक विधायी उपकरण है।
2. संकीर्ण बहुमत से गठित सरकारें सदन में अपना बहुमत तभी साबित करती हैं जब राष्ट्रपति उन्हें बुलाते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्वास प्रस्ताव:**

- यह खंडित जनादेश के परिणामस्वरूप संसद में अस्थिरता की उभरती स्थितियों से निपटने के लिये एक विधायी उपकरण है। जिसके परिणामस्वरूप **संसद में अस्थिरता, अल्पमत सरकारें और गठबंधन सरकारें** बनती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- अल्प **बहुमत से गठित सरकारों को राष्ट्रपति सदन में बहुमत साबित करने के लिये** कह सकते हैं।
  - वर्तमान सरकार कभी-कभी **अपने आप ही विश्वास प्रस्ताव** लाकर और **सदन का विश्वास जीतकर** अपना बहुमत साबित करना चाहती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**100. मुद्रास्फीति अंतर क्या है?**

A. किसी बाज़ार में वस्तुओं की उच्चतम और निम्नतम कीमतों के बीच का अंतर।

B. वह अवधि जब किसी दिये गए वर्ष में मुद्रास्फीति की दरें अपने उच्चतम स्तर पर होती हैं।

C. नाममात्र और पूंजी निर्माण के बीच का अंतर।

D. वास्तविक GDP और संभावित GDP के बीच का अंतर जब वास्तविक GDP संभावित GDP से अधिक हो।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति अंतर:**

- मुद्रास्फीति अंतराल वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद और संभावित सकल घरेलू उत्पाद के बीच अंतर को मापता है, जब वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद पूर्ण रोज़गार पर परिचालन करते हुए संभावित सकल घरेलू उत्पाद से अधिक होता है।
- ऐसा रोज़गार के उच्च स्तर, बढ़ी हुई व्यापारिक गतिविधियों या उच्च सरकारी व्यय के कारण होता है।
- यह व्यापार चक्र में उस बिंदु को दर्शाता है जब अर्थव्यवस्था का विस्तार होता है क्योंकि उपभोक्ता अधिक सामान और सेवाएँ खरीदते हैं। जब मांग बढ़ती है लेकिन उत्पादन में देरी होती है, तो बाज़ार संतुलन को बहाल करने के लिये कीमतें बढ़ जाती हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

**101. 'संस्कृतिकरण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अवधारणा को सर्वप्रथम प्रो. एम.एन. श्रीनिवास ने अपनी पुस्तक "रिलिजन एंड सोसाइटी अमंग द कुर्ग्स ऑफ साउथ इंडिया" में पेश किया था।

नोट :

2. यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें निम्न जाति के लोग उच्च जाति के रीति-रिवाज़ों, अनुष्ठानों और उनकी जीवनशैली को अपनाते हैं।
3. इस प्रक्रिया में निम्न जाति के लोग सामाजिक संरचना को परिवर्तित करने का प्रयास करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संस्कृतिकरण:**

- संस्कृतिकरण की अवधारणा को सर्वप्रथम **प्रो. एम.एन. श्रीनिवास** ने अपनी पुस्तक **"रिलिजन एंड सोसाइटी अमंग द कुर्ग्स ऑफ साउथ इंडिया"** में पेश किया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें **निम्न जाति** के लोग उच्च जाति के **रीति-रिवाज़ों, अनुष्ठानों** और उनकी **जीवनशैली** को **अपनाते हैं।** इसका उपयोग भारतीय समाज की परंपरागत जाति संरचना में **सांस्कृतिक गतिशीलता** का वर्णन करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह निम्न जाति के लोगों की **सामाजिक गतिशीलता** के लिये सहायक होता है। इस प्रक्रिया में निम्न जाति के लोग **सामाजिक संरचना** में किसी भी प्रकार का परिवर्तन न कर मात्र अपनी **स्थिति** में परिवर्तन करने का प्रयास करते हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**102. अंतर-राज्यीय परिषद मिलकर बना होता है:**

1. प्रधानमंत्री
2. सभी राज्यों के मुख्यमंत्री
3. विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री
4. आठ केंद्रीय मंत्रिमंडलीय मंत्री
5. विधानसभा वाले केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासक

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. 1, 2, 3, 4 और 5
B. केवल 1, 2, 3 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. केवल 1, 2, 3 और 5

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर-राज्यीय परिषद:**

- **केंद्र-राज्य संबंधों पर सरकारिया आयोग (1983-88)** ने संविधान के **अनुच्छेद 263** के तहत एक स्थायी **अंतर-राज्यीय परिषद** की स्थापना किये जाने की अनुशंसा की।
- यह निम्नलिखित **सदस्यों** से मिलकर बना होता है:
  - अध्यक्ष के रूप में **प्रधानमंत्री**
  - सभी राज्यों के **मुख्यमंत्री**
  - **विधानसभा** वाले **केंद्रशासित प्रदेशों** के **मुख्यमंत्री**
  - केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासक जिनके पास विधान सभाएँ नहीं हैं।
  - राष्ट्रपति शासन के अधीन राज्यों के राज्यपाल।
  - गृह मंत्री सहित छह केंद्रीय कैबिनेट मंत्री जिन्हें प्रधानमंत्री द्वारा नामित किया जाएगा। **अत: विकल्प C सही है।**

**103. अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक दर्शन जो चयन की स्वतंत्रता को लाभकारी व्यवहारों के प्रति सौम्य मार्गदर्शन के साथ जोड़ता है।
B. एक ऐसी प्रणाली जहाँ सरकार व्यक्तियों की कल्याण की रक्षा के लिये सभी निर्णय लेती है।
C. एक सिद्धांत जो बिना किसी सरकारी हस्तक्षेप के पूर्ण स्वतंत्रता की वकालत करता है।
D. एक अवधारणा जहाँ व्यक्तियों को अपने स्वयं के कल्याण हेतु कठोर नियमों का पालन करने के लिये विवश किया जाता है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद:**

- स्वेच्छातंत्रीय पितृसत्तावाद एक **आर्थिक अवधारणा** है जो **लाभकारी प्रथाओं के प्रति सौम्य मार्गदर्शन के साथ चयन की स्वतंत्रता** को जोड़ती है।
- इसका उद्देश्य **लोगों को चयन की स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए उन्हें बेहतर विकल्पों की ओर मार्गदर्शित** करना है।
- इसमें लोगों को उनके **सर्वोत्तम कल्याण हेतु विकल्प चयन के लिये प्रेरित करने के साथ ही व्यवहार तकनीकों का अनुप्रयोग** भी शामिल है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

**104. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) में मुख्य रूप से क्या शामिल है?**

A. सतत् औद्योगिक प्रक्रियाओं को अपनाने वाले उत्पादकों पर करों में कटौती करना।

B. पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में उपभोक्ताओं की जागरूकता बढ़ाना।

C. उत्पादकों के बीच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों को बढ़ावा देना।

D. अपशिष्ट प्रबंधन की ज़िम्मेदारी उपभोक्ताओं से उत्पादकों पर स्थानांतरित करना।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR):**

- **विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR),** एक नीतिगत दृष्टिकोण है जो उत्पादकों को **उपभोक्ता-उपरांत चरण सहित संपूर्ण जीवनचक्र के दौरान अपने उत्पादों के लिये उत्तरदायी** बनाता है।
- यह उपभोक्ता के बाद के अपशिष्ट के **पुनर्चक्रण तथा एक प्रतिवर्ती संग्रहण प्रणाली का समर्थन करने के लिये उत्पादक द्वारा दी गई प्रतिबद्धता** है।
- ऐसा करने से, यह पुनर्चक्रण लक्ष्य जैसे **पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायता** प्रदान करता है। **अत: विकल्प D सही है।**

**105. नेपाल में मधेसी लोगों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उनकी जाति और नृजातीयता बिहार तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश की संस्कृति के समान हैं।
2. वे मधेश क्षेत्र से संबंधित हैं जो ऐतिहासिक रूप से बड़े मिथिला क्षेत्र का हिस्सा रहा है।
3. वे नेपाल में मूल निवासियों का सबसे बड़ा समूह हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मधेसी समुदाय:**

- **मधेसी लोगों** की जाति और **नृजातीयता बिहार** तथा **पूर्वी उत्तर प्रदेश** के लोगों की संस्कृति के समान है एवं सीमा के दोनों ओर के परिवारों के बीच अक्सर **अंतर्जातीय विवाह** होते रहते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **मधेश क्षेत्र** ऐतिहासिक रूप से बड़े **मिथिला क्षेत्र** का हिस्सा रहा है, जिसमें बिहार का कुछ हिस्सा भी शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **थारू मूल** निवासियों का सबसे **बड़ा समूह** है और उन्हें **मधेसी** कहलाना **पसंद नहीं** है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**106. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (MGNREGA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य एक वित्तीय वर्ष में कम-से-कम 200 दिन की गारंटीकृत मज़दूरी रोज़गार प्रदान करके आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है।
2. गारंटीकृत मज़दूरी रोज़गार शहरी और ग्रामीण दोनों परिवारों को दिया जाता है जिनके वयस्क सदस्य अकुशल मैनुअल काम करने के लिये स्वेच्छा से काम करते हैं।
3. यह पंचायत राज संस्थाओं को मज़बूत करके समुदाय और सामूहिक ज़िम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (MGNREGA):**

- **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा)** का उद्देश्य एक वित्तीय वर्ष में **कम-से-कम 100 दिनों** का गारंटीकृत मज़दूरी रोज़गार प्रदान करके **देश भर में ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रत्येक ग्रामीण परिवार को **गारंटीकृत मज़दूरी रोज़गार** दिया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य **अकुशल शारीरिक श्रम** करने के लिये स्वेच्छा से आगे आते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **पंचायती राज संस्थाओं** को मज़बूत करके समुदाय और **सामूहिक ज़िम्मेदारी** की भावना को प्रोत्साहित करता है। यह **परियोजनाओं की योजना** तथा क्रियान्वयन में **नीचे से ऊपर की ओर** दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**107. "राइज़िंग एबव द हीट: स्ट्रेंथनिंग विमेंस रेज़िलिएशन टू हीट स्ट्रेस" रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गई है?**

A. विश्व मौसम विज्ञान संगठन
B. विश्व बैंक
C. एशियाई विकास बैंक
D. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**"राइज़िंग एबव द हीट: स्ट्रेंथनिंग विमेंस रेज़िलिएशन टू हीट स्ट्रेस" रिपोर्ट**

- **एशियाई विकास बैंक (ADB)** ने **"राइज़िंग एबव द हीट: स्ट्रेंथनिंग विमेंस रेज़िलिएशन टू हीट स्ट्रेस" शीर्षक** से रिपोर्ट जारी की है।
- यह विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन से प्रभावित क्षेत्रों में **महिलाओं पर हीट स्ट्रेस के प्रभाव को समझने और उसका समाधान करने पर केंद्रित** है।
- इसका उद्देश्य बढ़ते तापमान के कारण महिलाओं के सामने आने वाली **चुनौतियों की पहचान करना तथा उनकी सहनशीलता बढ़ाने हेतु रणनीतियाँ एवं समाधान** प्रस्तावित करना है।
- इसमें **स्वास्थ्य, आर्थिक एवं सामाजिक आयामों की जाँच** करना शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएँ गर्मी से होने वाले तनाव के बढ़ते खतरे से निपट सकें और उसके अनुकूल बन सकें। **अत: विकल्प C सही है।**

**108. दीर्घकाल में मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी के बीच संबंध दर्शाने वाले फिलिप्स वक्र को माना जाता है:**

A. नीचे की ओर ढलान
B. ऊपर की ओर ढलान
C. क्षैतिज
D. ऊर्ध्वाधर

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**फिलिप्स वक्र:**

- प्रख्यात **ब्रिटिश अर्थशास्त्री ए.डब्ल्यू. फिलिप्स** इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि **बेरोज़गारी की दर तथा मुद्रास्फीति की दर के बीच विपरीत** संबंध व्याप्त है।
- यह व्युत्क्रम संबंध एक समझौता दर्शाता है, अर्थात् **बेरोज़गारी को कम करने के लिये उच्च मुद्रास्फीति** को स्वीकार करना होगा और **मुद्रास्फीति को कम करने के लिये उच्च बेरोज़गारी** को स्वीकार करना होगा।
- यह एक **नीचे की ओर झुका हुआ वक्र** है जो **मुद्रास्फीति की दर और बेरोज़गारी की दर के बीच विपरीत संबंध** दर्शाता है।
- दीर्घावधि में **अर्थव्यवस्था बेरोज़गारी की प्राकृतिक दर और स्थिर संतुलन पर** वापस आती है। इसलिये लंबे समय तक चलने वाला **फिलिप्स वक्र एक ऊर्ध्वाधर रेखा** है। **अत: विकल्प D सही है।**

**109. अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों द्वारा किया जाता है।
2. यदि किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में वोटों का बहुमत प्राप्त नहीं होता है तो अंतिम निर्णय प्रतिनिधि सभा द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव:**

- **राष्ट्रपति** और **उप-राष्ट्रपति** का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से नागरिकों द्वारा नहीं किया जाता है। इसके स्थान पर उनका चुनाव **इलेक्टोरल कॉलेज प्रक्रिया** के माध्यम से किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यदि किसी भी उम्मीदवार को चुनाव में वोटों का **बहुमत** नहीं मिलता है तो इसके संबंध में **अंतिम निर्णय** प्रतिनिधि सभा द्वारा किया जाता है।
  - **वर्ष 1800 के राष्ट्रपति चुनाव** में प्रतिनिधि सभा ने **थॉमस जेफरसन** को राष्ट्रपति के रूप में चुना। **वर्ष 1824** के राष्ट्रपति चुनाव में प्रतिनिधि सभा ने **जॉन क्विंसी एडम्स** को राष्ट्रपति के रूप में चुना। **अत: कथन 2 सही है।**

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पूर्वी हिमालय का उदय मैदानों से सहसा ऊपर की ओर होता है और पहाड़ों की तलहटी से कुछ ही दूरी पर ये उच्च तुंगता प्राप्त करते हैं।
2. पश्चिमी हिमालय में ऊँचाई, तुंगता की कई श्रेणियों के साथ होती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हिमालय:**

- **पूर्वी हिमालय** का उदय मैदानों से **सहसा ऊपर की ओर** होता है और पहाड़ों की तलहटी से कुछ ही दूरी पर ये उच्च तुंगता प्राप्त करते हैं। इस प्रकार कंचनजंगा तथा एवरेस्ट की चोटियाँ तल से केवल कुछ किलोमीटर की दूरी पर हैं एवं वहाँ से स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- पश्चिमी हिमालय में ऊँचाई, तुंगता की कई श्रेणियों के साथ होती है। इनकी निरंतर जारी रहने वाली हिमवर्षण की चोटियों की मैदानी क्षेत्रों से ऊँचाई **150 से 200 किमी.** है। **अतः कथन 2 सही है।**

**111. आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS) द्वारा मुख्य रूप से कौन सा क्षेत्र लक्षित है?**

A. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम

B. पर्यटन

C. स्वास्थ्य सेवा

D. कृषि

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS):**

- **आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (Emergency Credit Line Guarantee Scheme - ECLGS)** को 2020 में **आत्मनिर्भर भारत पैकेज** के हिस्से के रूप में पेश किया गया था।
- इसका लक्ष्य **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME)** को उनके परिचालन व्यय को पूरा करने तथा **COVID-19 संकट** के कारण उत्पन्न व्यवधानों के कारण परिचालन को फिर से शुरू करने में मदद करना है।
- इसका लक्ष्य MSME को **3 लाख करोड़ रुपए** के असुरक्षित ऋण प्रदान करना है। **अतः विकल्प A सही है।**

**112. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यक्तिगत बचत दर प्रयोज्य (Disposable) आय का वह प्रतिशत है जो सेवानिवृत्ति या अन्य लक्ष्यों के लिये बचत में जाता है।
2. प्रयोज्य (Disposable) आय वह धन है जो किसी व्यक्ति या परिवार के पास करों और अन्य अनिवार्य शुल्कों में कटौती के बाद खर्च करने या बचत करने के लिये होता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्यक्तिगत प्रयोज्य आय (Personal Disposable Income - PDI):**

- **व्यक्तिगत बचत दर प्रयोज्य (Disposable) आय** का वह प्रतिशत है जो सेवानिवृत्ति या अन्य लक्ष्यों के लिये बचत में जाता है। इसकी गणना व्यक्तिगत बचत को व्यक्तिगत **प्रयोज्य (Disposable) आय** से विभाजित करके और फिर प्रतिशत प्राप्त करने के लिये **100 से गुणा** करके की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **प्रयोज्य (Disposable) आय** वह धन है जो किसी व्यक्ति या परिवार के पास करों और अन्य अनिवार्य **शुल्कों को काटने के बाद** खर्च करने या बचाने के लिये बचा रहता है। इस आय को **वस्तुओं एवं सेवाओं** पर खर्च किया जा सकता है, भविष्य की ज़रूरतों के लिये बचाया जा सकता है या **निवेश** किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**113. सकल घरेलू उत्पाद अपस्फीतिकारक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद के बीच संबंध को दर्शाता है।
2. इसमें मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य शामिल है।
3. यह विदेशों से आयातित वस्तुओं की कीमतों में होने वाले बदलावों को दर्शाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिकारक (GDP deflator):**

- **GDP अवस्फीतिकारक नाममात्र GDP और वास्तविक GDP** के बीच संबंध को दर्शाता है। यह किसी अर्थव्यवस्था

द्वारा किसी विशेष वर्ष में वर्तमान कीमतों पर उत्पादित **वस्तुओं तथा सेवाओं के मूल्य** एवं आधार वर्ष के दौरान प्रचलित कीमतों के बीच का अनुपात है। **अतः कथन 1 सही है।**

- इसमें **दोहरी गणना** से बचने के लिये **मध्यवर्ती वस्तुओं का मूल्य** शामिल **नहीं** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- चूँकि यह घरेलू स्तर पर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है, इसलिये यह पेट्रोल तथा पेट्रोलियम उत्पादों जैसी विदेशों से आयातित वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को नहीं मापता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**114. निम्नलिखित में से कौन "बच्चों की जलवायु जोखिम सूचकांक (CCRI)" रिपोर्ट जारी करता है?**

A. विश्व स्वास्थ्य संगठन
B. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष
C. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन
D. बाल अंतर्राष्ट्रीय

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बच्चों की जलवायु जोखिम सूचकांक (CCRI) रिपोर्ट:**

- **संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (United Nations Children's Fund- UNICEF)** ने **"बच्चों की जलवायु जोखिम सूचकांक (CCRI)"** रिपोर्ट जारी की।
- यूनिसेफ की बाल जलवायु जोखिम सूचकांक (CCRI) 2021 रिपोर्ट में **भारत को 163 देशों में से 26वें** स्थान पर रखा गया है, जो दर्शाता है कि भारतीय बच्चे जलवायु परिवर्तन से सबसे अधिक जोखिम वाले देशों में से हैं।
- यह जलवायु और **पर्यावरणीय क्षति**, जैसे **चक्रवात** तथा **हीटवेव** के साथ-साथ **आवश्यक सेवाओं** तक उनकी पहुँच के आधार पर उन झटकों के प्रति उनकी **संवेदनशीलता** के आधार पर देशों को रैंक करता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**115. किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक बच्चे को उस व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसने 16 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है।
2. यह किशोर न्याय बोर्ड (JJB) के गठन का प्रावधान करता है।
3. JJB किसी व्यक्ति को वयस्क के रूप में सुनवाई के लिये बाल न्यायालय में स्थानांतरित कर सकता है बशर्ते उस पर जघन्य अपराध करने का आरोप हो।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015:**

- किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की **धारा 2(12)** के तहत एक **बच्चे** को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है, **जिसने 18 वर्ष की आयु पूरी नहीं की है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अधिनियम की धारा 4 किशोर न्याय बोर्ड (JJB)** के गठन का प्रावधान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम की **धारा 15** के अनुसार, यदि **16 से 18 वर्ष** की आयु के किसी व्यक्ति पर **जघन्य अपराध** का आरोप लगाया जाता है, तो JJB **प्रारंभिक मूल्यांकन** करता है और मामले को सुनवाई के लिये **बाल न्यायालय** में **स्थानांतरित** कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**116. PM स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्र प्रायोजित योजना है जिसे केंद्र और सभी राज्यों द्वारा 60:40 के अनुपात में वित्त पोषित किया जाएगा।
2. पीएम श्री स्कूलों का प्रबंधन केवल केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।
3. यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन को दर्शाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**PM स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री):**

- **पीएम श्री स्कूल** एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है। इसे **केंद्र और राज्यों** द्वारा **60:40 के अनुपात** में वित्त पोषित किया जाता है, 11 पूर्वोत्तर तथा हिमालयी राज्यों को छोड़कर, जिन्हें लागत का केवल 10% वहन करना होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इसका उद्देश्य **केंद्र सरकार, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों, स्थानीय निकायों के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) और नवोदय विद्यालय समिति (NVS) द्वारा प्रबंधित 14,500 से अधिक PM SHRI स्कूल** स्थापित करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- पीएम श्री स्कूल **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन** को प्रदर्शित करते हैं और समय के साथ **अनुकरणीय स्कूल** के रूप में उभरे हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**117. निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थशास्त्र में रिसाव की अवधारणा का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. घरेलू निवेश में वृद्धि।
B. सरकारी खर्च में कमी।
C. अर्थव्यवस्था से धन का बहिर्गमन, घरेलू खर्च के लिये धन में कमी।
D. घरेलू बाज़ार से विदेशी पूंजी का बहिर्गमन।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रिसाव:**

- **रिसाव** एक **आर्थिक शब्द** है जो आय के **चक्राकार प्रवाह मॉडल** के संदर्भ में अर्थव्यवस्था से बाहर निकलने वाली पूंजी या आय का वर्णन करता है।
- रिसाव से उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिये वस्तुओं तथा सेवाओं की **खरीद एवं विनिर्माण हेतु उपलब्ध** धन में कमी आती है।
- **आयातित वस्तुओं** को कभी-कभी **"रिसाव"** का स्रोत कहा जाता है, क्योंकि वे एक देश में **अर्जित आय** को दूसरे देश में स्थानांतरित करने का प्रभाव डाल सकती हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

**118. भुगतान बैंकों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. इसकी स्थापना नचिकेत मोर समिति की सिफारिशों पर की गई थी।
B. जमा के रूप में प्राप्त धन को केवल वैधानिक तरलता अनुपात (SLR) के रूप में सुरक्षित सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश किया जा सकता है।
C. यह बचत और चालू खातों के रूप में मांग जमा स्वीकार कर सकता है।
D. वे भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत पंजीकृत हैं।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भुगतान बैंक:**

- नचिकेत मोर समिति की सिफारिशों के आधार पर **भुगतान बैंकों** की स्थापना की गई थी, ताकि **न्यूनतम ऋण जोखिम के साथ छोटे पैमाने पर कम** किया जा सके।
- जमा के रूप में प्राप्त **धनराशि को केवल वैधानिक तरलता अनुपात (SLR)** के रूप में सुरक्षित सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश किया जा सकता है।
- वे **2,00,000 रुपए तक जमा स्वीकार** कर सकते हैं। यह **बचत और चालू खातों के रूप में मांग जमा** स्वीकार कर सकता है।
- वे **कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत पंजीकृत** हैं और **बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949**, RBI अधिनियम, 1934, विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 तथा **भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007** सहित विभिन्न कानूनों द्वारा शासित हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

**119. अदन की खाड़ी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अरब प्रायद्वीप और हॉर्न ऑफ अफ्रीका के बीच स्थित है।
2. यह होर्मुज़ जलडमरूमध्य के माध्यम से लाल सागर को अरब सागर से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अदन की खाड़ी:**

- **अदन की खाड़ी अरब प्रायद्वीप (उत्तर)** और **हॉर्न ऑफ अफ्रीका (दक्षिण)** के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **लाल सागर** को **बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य** के माध्यम से **अरब सागर** से जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **स्वेज़ नहर के नौवहन मार्ग** का भी एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है जो **लाल सागर** और **भूमध्य सागर** से जोड़ता है।

नोट :

**120. भोजशाला मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मूल रूप से मध्य प्रदेश के भोपाल में स्थित देवी सरस्वती का मंदिर था।
2. इसका निर्माण परमार राजा भोज ने 11वीं शताब्दी ई. में करवाया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भोजशाला मंदिर:**

- **भोजशाला मंदिर** मूल रूप से **धार, मध्य प्रदेश** में स्थित **देवी सरस्वती** का मंदिर था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका निर्माण **परमार राजा भोज** ने **11वीं शताब्दी ई.** में करवाया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस मंदिर को **धारानगरी के 84 चौराहों का आभूषण** कहा जाता था।
- मतों के अनुसार कला और साहित्य के महान संरक्षक के रूप में प्रसिद्ध **राजा भोज** ने एक **स्कूल** की स्थापना की थी जिसे अब भोजशाला के नाम से जाना जाता है।

**121. रोबोट टैक्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रोबोट टैक्स का अर्थ यह है कि मानव कर्मचारियों की जगह स्वचालित मशीनें रखने वाले व्यवसायों को कर चुकाने के लिये बाध्य होना चाहिये।
2. जब कंपनियाँ लोगों के स्थान पर मशीनें लगाती हैं, तो सरकार को कर राजस्व का नुकसान होता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रोबोट टैक्स:**

- **रोबोट टैक्स** का अर्थ यह है कि **मानव कर्मचारियों की जगह स्वचालित मशीनें रखने वाले व्यवसायों** को कर चुकाने के लिये बाध्य होना चाहिये। **अतः कथन I सही है।**
- जब कंपनियाँ लोगों के स्थान पर मशीनें लगाती हैं, तो सरकार कर्मचारियों पर कर **लगाने की क्षमता खो देती** है, जिसके परिणामस्वरूप कर **राजस्व में कमी** आती है। एक कंपनी विस्थापित मानव कर्मचारी के वेतन के आधार पर **प्रत्येक रोबोट पर आयकर का भुगतान कर** सकती है। **अतः कथन II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**122. निम्नलिखित में से कौन-सा रिकार्डियन तुल्यता सिद्धांत का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. जब कोई देश अपने द्वारा बनाई गई सर्वश्रेष्ठ वस्तुओं का उत्पादन करता है, तो वह अन्य देशों के साथ अधिक कुशलता से व्यापार कर सकता है।
B. सरकारी घाटे से मांग प्रभावित नहीं होती है क्योंकि लोग अधिक बचत करते हैं, भविष्य में करों से ऋण चुकाने की उम्मीद करते हैं।
C. लंबे समय में अर्थव्यवस्था अपने आप ही पूर्ण रोज़गार पर लौट आएगी, चाहे राजकोषीय या मौद्रिक नीतियाँ कुछ भी हों।
D. मुद्रा आपूर्ति में परिवर्तन सीधे मूल्य स्तरों और मुद्रास्फीति को प्रभावित करते हैं, लेकिन दीर्घ अवधि में वास्तविक उत्पादन या रोज़गार को नहीं।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रिकार्डियन तुल्यता सिद्धांत:**

- **रिकार्डियन समतुल्यता** एक आर्थिक सिद्धांत है जो बताता है कि **सरकारी उधार और कराधान का समग्र** अर्थव्यवस्था पर समान प्रभाव पड़ता है, जिससे समग्र मांग तथा आर्थिक गतिविधि अपरिवर्तित रहती है।
- अगर सरकार **खर्च बढ़ाती** है और उस खर्च (सरकारी घाटा) को पूरा करने के लिये **पैसे उधार लेने** का फैसला करती है, तो लोगों को उम्मीद होती है कि सरकार को भविष्य में उस उधार को चुकाना होगा। इसलिये वे कम खर्च करते हैं तथा **भविष्य के कर दायित्वों हेतु तैयार** रहने के लिये अधिक बचत करते हैं।

नोट :

- इसलिये सरकारी **घाटा मांग को प्रभावित नहीं** करता है क्योंकि लोग अधिक बचत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में कर से कर्ज़ चुकाया जा सकेगा। **अतः विकल्प B सही है।**

**123. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैश्विक कृषि उत्पादन में भारत पाँचवें स्थान पर है।
2. वैश्विक कृषि निर्यात में भारत की हिस्सेदारी लगभग 8% है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय कृषि उत्पादन:**

- **भारत वैश्विक कृषि उत्पादन** में दूसरे स्थान पर है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वैश्विक कृषि निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4% है, जो इसे दुनिया में 8वें स्थान पर रखती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **घरेलू योगदान** के संदर्भ में कृषि निर्यात भारत के **सकल घरेलू उत्पाद** का 2% से भी कम है।
- भारत के कृषि निर्यात में **महाराष्ट्र** का योगदान लगभग **16.58%** है।

**124. संविधान के अनुच्छेद 341 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 341(1) के अनुसार राष्ट्रपति किसी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के लिये जातियों, मूलवंशों या जनजातियों को अनुसूचित जातियों के रूप में निर्दिष्ट कर सकता है।
2. केंद्र सरकार और राष्ट्रपति संसद द्वारा निर्मित विधि के बिना अनुच्छेद 341(1) के तहत जारी अधिसूचना में संशोधन नहीं कर सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 341:**

- अनुच्छेद 341(1) के अनुसार, राष्ट्रपति लोक अधिसूचना द्वारा उन जातियों, मूलवंशों या जनजातियों को विनिर्दिष्ट कर सकता है जिन्हें संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में अनुसूचित जातियाँ समझा जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- **संसद** विधि द्वारा अनुच्छेद 341(1) के तहत जारी अधिसूचना में विनिर्दिष्ट जातियों, मूलवंशों या जनजातियों को **अनुसूचित जातियों** की सूची में **सम्मिलित** या उसमें से **अपवर्जित** कर सकती है। हालाँकि इस प्रावधान के अतिरिक्त **कोई भी बाद में जारी की गई अधिसूचना** प्रारंभिक **अधिसूचना को बदल नहीं सकती** है।
- **केंद्र सरकार** और **राष्ट्रपति** संसद द्वारा निर्मित विधि के बिना अनुच्छेद 341(1) के तहत जारी अधिसूचना में **संशोधन नहीं कर सकते। अतः कथन 2 सही है।**

**125. भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग (IKS प्रभाग) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आयुष मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
2. इसकी स्थापना सामाजिक उद्देश्यों और गहन अध्ययन हेतु IKS को संरक्षित एवं प्रसारित करने के लिये की गई है।
3. यह किसी भी गतिविधि को प्रारंभ करते समय पाँच मूलभूत सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग (IKS प्रभाग):**

- **भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग** (IKS प्रभाग) **अक्तूबर 2020** में स्थापित किया गया था और साथ ही यह **शिक्षा मंत्रालय (MoE) के तहत** कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना IKS के सभी पहलुओं पर **अंतःविषयक अनुसंधान को बढ़ावा** देने, गहन अध्ययन और सामाजिक अनुप्रयोगों के लिये **IKS को संरक्षित एवं प्रसारित करने** के लिये की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह किसी भी गतिविधि को **प्रारंभ करते समय तीन मूलभूत सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित** करता है:
  - **परंपरा:** भारत की **अनादि काल से चली आ रही ज्ञान परंपरा**।
  - **दृष्टि:** अद्वितीय दृष्टिकोण जो इस ज्ञान प्रणाली को **"भारतीयों" एवं विश्व के लिये मूल्यवान** बनाते हैं।
  - **लौकिक प्रयोजन:** भारत एवं विश्व की **वर्तमान एवं उभरती समस्याओं के समाधान हेतु व्यावहारिक उपयोगिता। अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**126. कभी-कभी समाचारों में आने वाले इनवर्स एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

A. विभिन्न प्रतिद्वंद्वी क्षेत्रों के शेयरों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करना।

B. अधिक आक्रामक तरीके से निवेश करने के लिये उधार लेकर अंतर्निहित सूचकांक के रिटर्न को बढ़ाना।

C. अंतर्निहित सूचकांक या परिसंपत्ति के प्रदर्शन के विपरीत दिशा में जाने वाले रिटर्न उत्पन्न करना।

D. वायदा अनुबंधों के माध्यम से सोने या चाँदी जैसी वस्तुओं में निवेश करना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इनवर्स एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF):**

- **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)** द्वारा एक नया परिसंपत्ति वर्ग प्रस्तावित किया गया, जो निवेशकों को अधिक जोखिम सहनशीलता और **बड़े आकार के साथ एक विनियमित निवेश उत्पाद** प्रदान करता है।
- इसका **उद्देश्य अपंजीकृत और अनधिकृत निवेश उत्पादों के प्रसार पर अंकुश** लगाना था।
- नए परिसंपत्ति वर्ग के अंतर्गत **इनवर्स** एक ऐसा उत्पाद है जिसे प्रस्तुत किया जा सकता है।

**एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF).**

- यह ऐसे रिटर्न उत्पन्न करने का प्रयास करता है जो अंतर्निहित सूचकांक के रिटर्न से **नकारात्मक रूप से सहसंबद्ध** होते हैं अर्थात् **रिटर्न अंतर्निहित सूचकांक या परिसंपत्ति के प्रदर्शन के विपरीत दिशा में** चलते हैं।
- इसे **"शॉर्ट ETF"** या **"बियर ETF"** भी कहा जाता है। **अत: विकल्प C सही है।**

**127. व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग (BRSR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा विकसित किया गया है, जिसके तहत भारतीय कंपनियों को स्थिरता कारकों पर मापनीय डेटा प्रदान करना आवश्यक है।
2. प्रकटीकरण की आवश्यकताएँ ज़िम्मेदार व्यावसायिक आचरण के लिये राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के सिद्धांतों पर आधारित हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही कथनों का चयन कीजिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग (Business Responsibility and Sustainability Reporting):**

- **भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board in India- SEBI)** द्वारा **व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं स्थिरता रिपोर्टिंग (Business Responsibility and Sustainability Reporting)** विकसित की गई है, जिसके तहत भारतीय कंपनियों को स्थिरता कारकों पर मापनीय डेटा उपलब्ध कराना आवश्यक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उत्तरदायी व्यावसायिक आचरण के लिये राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के सिद्धांतों के आधार पर प्रकटीकरण आवश्यकताओं को **नौ मुख्य श्रेणियों** में बाँटा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**128. गन्ने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय फसल है।
2. इसे केवल जलोढ़ मिट्टी पर ही उगाया जा सकता है।
3. यह चीनी, गुड़, खांडसारी का मुख्य स्रोत है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

उत्तर: B

व्याख्या:

गन्ना (Sugarcane):

- **गन्ना** एक **उष्णकटिबंधीय** और **उपोष्णकटिबंधीय** फसल है। यह **21 डिग्री सेल्सियस से 27 डिग्री सेल्सियस तापमान** तथा **75 सेमी. से 100 सेमी.** के बीच वार्षिक वर्षा वाले **गर्म** एवं **आर्द्र जलवायु** में अच्छी तरह से बढ़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे रेतीली दोमट से लेकर चिकनी दोमट तक **सभी तरह की मिट्टी** में उगाया जा सकता है। हालाँकि **यह अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में सबसे अच्छी तरह पनपता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **चीनी, गुड़, खांडसारी** का मुख्य स्रोत है। **अतः कथन 3 सही है।**

**129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामरिक स्वायत्तता का तात्पर्य किसी देश की स्वयं की विदेश नीति में अन्य देशों से प्रभावित या नियंत्रित हुए बिना अपने निर्णय लेने की क्षमता से है।
2. सैद्धांतिक रूप से एकध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में केवल एक अकेली महाशक्ति के पास ही सही मायने में सामरिक स्वायत्तता होती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या करता है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

उत्तर: A

व्याख्या:

**सामरिक स्वायत्तता:**

- **सामरिक स्वायत्तता (Strategic Autonomy)** किसी राज्य (राष्ट्र) की अपने **राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने** और अन्य राज्यों द्वारा किसी भी प्रकार से **विवश हुए बिना** अपनी इच्छित **विदेश नीति अपनाने की क्षमता** को दर्शाती है। **अतः कथन-I सही है।**
- सैद्धांतिक रूप से **एकध्रुवीय** अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में केवल एक **अकेली महाशक्ति** के पास ही वास्तव में सामरिक स्वायत्तता होती है क्योंकि यह एकमात्र ऐसा देश होता है जिसके पास प्रबल **आर्थिक, औद्योगिक, सैन्य और तकनीकी क्षमता** होती है और इस प्रकार अन्य सभी देशों के दबाव का विरोध करने की शक्ति रखता है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**130. कभी-कभी समाचारों में रहने वाली "वन ट्रिलियन ट्रीज़" परियोजना, किसकी पहल है?**

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

B. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN)

C. वैश्विक वन गठबंधन (GFC)

D. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

उत्तर: D

व्याख्या:

**"वन ट्रिलियन ट्रीज़" परियोजना:**

- **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** ने **जैवविविधता का संरक्षण** करने और **जलवायु परिवर्तन** का सामना करने में मदद करने के लिये समग्र विश्व भर में **1 ट्रिलियन वृक्ष** उगाने, आरोग्य करने तथा संरक्षित करने के लिये "वन ट्रिलियन ट्रीज़" परियोजना शुरू की।
- इसका उद्देश्य **सरकारों, गैर-सरकारी संगठनों, व्यवसायों और व्यक्तियों** को बड़े पैमाने पर प्रकृति संरक्षण हेतु एकजुट करना है।
- यह **UN डिकेड ऑन इकोसिस्टम रीस्टोरेशन** (2021-2030) के समर्थन में प्रकृति-आधारित समाधानों को गति देगा।

**अतः विकल्प D सही है।**

**131. व्यापार घाटे के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तब होता है जब किसी देश के आयात का मूल्य उसके निर्यात के मूल्य से अधिक हो जाता है।
2. मुद्रा के अवमूल्यन से भारतीय निर्यात के लिये कीमतों में प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ने जैसे अनुकूल परिणाम सामने आते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्यापार घाटा:**

- **व्यापार घाटा** तब होता है जब किसी देश के **आयात का मूल्य उसके निर्यात के मूल्य से अधिक** हो जाता है, आयात और निर्यात दोनों **भौतिक वस्तुओं एवं सेवाओं** से संबंधित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मध्यवर्ती वस्तुओं या कच्चे माल का आयात किसी देश के **व्यापार घाटे को कम करने में सहायक** हो सकता है, क्योंकि इससे **निर्यात और उत्पादन को बढ़ावा** मिलता है।
- इसके परिणामस्वरूप **मुद्रा का अवमूल्यन** होता है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक **प्रतिस्पर्द्धी कीमतों के कारण भारतीय निर्यात को प्राथमिकता** जैसे लाभ प्राप्त होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**132. विदेशी अधिकरण (FT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी (अधिकरण) आदेश, 1964 के माध्यम से गठित विशुद्ध रूप से न्यायिक निकाय हैं।
2. किसी भी व्यक्ति को सम्मन भेजने तथा उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करने जैसे कुछ मामलों में उन्हें सिविल न्यायालय के समान शक्तियाँ प्राप्त हैं।
3. यदि कोई व्यक्ति अपनी नागरिकता का कोई दस्तावेज़ प्रस्तुत करने में असमर्थ हो तो FT को उस व्यक्ति को हिरासत केंद्र में भेजने का अधिकार है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विदेशी (अधिकरण) आदेश:**

- विदेशी अधिकरण (FT) **अर्द्ध-न्यायिक निकाय** हैं, जिनका गठन **विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 3** के अंतर्गत विदेशी (अधिकरण) आदेश, 1964 के माध्यम से किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- किसी भी **व्यक्ति को सम्मन भेजने तथा उसकी उपस्थिति सुनिश्चित करने** जैसे कुछ मामलों में उन्हें **सिविल न्यायालय के समान शक्तियाँ** प्राप्त हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यदि व्यक्ति **नागरिकता का कोई प्रमाण प्रस्तुत करने में असफल** रहता है, तो FT उसे बाद में निर्वासन के लिये **हिरासत केंद्र (ट्रांजिट कैंप)** में भेज सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**133. सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रारंभ में इसे विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (EPI) के रूप में लॉन्च किया गया था, लेकिन बाद में इसका नाम परिवर्तित कर UIP कर दिया गया।
2. UIP बाल जीवन रक्षा और सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम का एक हिस्सा है।
3. UIP के तहत हेपेटाइटिस-बी सहित विभिन्न रोकथाम योग्य बीमारियों के विरुद्ध टीकाकरण मुफ्त में प्रदान किया जा रहा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP):**

- प्रारंभ में **सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP)** को वर्ष 1978 में **विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (EPI)** के रूप में लॉन्च किया गया था, लेकिन बाद में वर्ष 1985 में इसका नाम परिवर्तित कर UIP कर दिया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1992 से UIP **बाल जीवन रक्षा और सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम** का एक हिस्सा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय स्तर पर UIP के तहत **11 वैक्सीन रोकथाम योग्य बीमारियों** के विरुद्ध टीकाकरण मुफ्त में प्रदान किया जा रहा है। इसमें डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियो, खसरा, रूबेला, तपेदिक, रोटावायरस डायरिया, **हेपेटाइटिस-बी**, मेनिनजाइटिस और निमोनिया एवं न्यूमोकोकल निमोनिया शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**134. निम्नलिखित में से कौन अर्थशास्त्र में "किराये की मांग (Rent-Seeking)" को उचित रूप से परिभाषित करता है?**

A. संपत्ति निवेश से किराये की आय अर्जित करने की प्रक्रिया।
B. नवीन संपत्ति बनाए बिना मौजूदा संपत्ति में अपना हिस्सा बढ़ाने की प्रथा।

नोट :

C. भूमि बैंकों के साथ बेहतर किराये के समझौतों पर बातचीत करने का कार्य।

D. मुक्त बाज़ार में प्रतिस्पर्द्धी मूल्य निर्धारित करने की विधि।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**किराये की मांग (Rent-Seeking):**

- **किराये की मांग (Rent-Seeking), अर्थशास्त्र** में एक अवधारणा है जो बताती है कि एक व्यक्ति या संस्था **समाज** के लिये कोई लाभ या संपत्ति बनाए **बिना अपनी स्वयं की संपत्ति बढ़ाने** की कोशिश करती है।
- इसका उद्देश्य आर्थिक संसाधनों के वितरण में **हेर-फेर** के माध्यम से **वित्तीय लाभ** और अन्य लाभ प्राप्त करना है।
- यह आमतौर पर हानिकारक परिणामों की ओर ले जाता है, जिसमें **आय असमानता में वृद्धि, सरकारी राजस्व का नुकसान और प्रतिस्पर्द्धा में कमी** शामिल है। **अत: विकल्प B सही है।**

**135. सॉवरेन वेल्थ फंड्स (SWF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका स्वामित्व केंद्र सरकार और राज्य सरकारों दोनों के पास है।
2. इसका वित्तपोषण सरकारी अधिशेषों जैसे प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त राजस्व, विनिवेश, निजीकरण आदि से प्राप्त आय से होता है।
3. इसमें विदेशी वित्तीय परिसंपत्तियों और सार्वजनिक पेंशन फंडों में निवेश शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सॉवरेन वेल्थ फंड्स (SWFs):**

- **सॉवरेन वेल्थ फंड (SWF) का स्वामित्व सामान्य सरकार** के पास होता है, जिसमें केंद्र सरकार और राज्य सरकारें दोनों शामिल होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका वित्तपोषण सरकारी अधिशेषों जैसे **प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त राजस्व**, विदेशी मुद्रा भंडार, विनिवेश, निजीकरण आदि से प्राप्त आय द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें **विदेशी वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश शामिल** है, लेकिन सार्वजनिक पेंशन फंड शामिल नहीं हैं, जो अंतत: अंतर्निहित पॉलिसी धारकों के स्वामित्व में हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**136. व्यावहारिक अर्थशास्त्र में "नज सिद्धांत" के पीछे मुख्य अवधारणा क्या है?**

A. बड़े वित्तीय प्रोत्साहनों का उपयोग करके लोगों के व्यवहार को प्रभावित करना।

B. लोगों के कार्यों को बदलने के लिये प्रत्यक्ष आदेशों और जनादेशों का उपयोग करना।

C. पर्यावरण या विकल्पों में सूक्ष्म परिवर्तनों के माध्यम से वांछित व्यवहार को प्रोत्साहित करना।

D. बाज़ार गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिये सख्त नियमों को लागू करना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नज सिद्धांत:**

- **"नज सिद्धांत"** एक व्यावहारिक अर्थशास्त्र की अवधारणा है जो यह प्रस्तावित करती है कि **लोगों के निर्णयों और व्यवहारों को विकल्पों को प्रस्तुत करने के तरीके में छोटे बदलावों से पूर्वानुमानित तरीके** से प्रभावित किया जा सकता है।
- इसमें पर्यावरण या विकल्पों में **सूक्ष्म परिवर्तन के माध्यम से वांछित व्यवहार** को प्रोत्साहित करना शामिल है।
- इसमें किसी प्रकार का **दबाव या आर्थिक प्रोत्साहन में परिवर्तन** शामिल नहीं है।
- इसे पहली बार **रिचर्ड एच. थेलर** और **कैस आर. सनस्टीन** ने अपनी पुस्तक **"नज: इम्प्रूविंग डिसीज़न अबाउट हेल्थ, वेल्थ एंड हैप्पीनेस"** में लिखा था। **अत: विकल्प C सही है।**

**137. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 16 राज्य के अधीन किसी भी पद पर नियुक्ति या रोज़गार के मामले में सभी नागरिकों के लिये अवसर की समानता प्रदान करता है।
2. यह संसद और राज्य विधानसभाओं दोनों को ऐसे कानून बनाने का अधिकार देता है जो किसी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश में निवास को योग्यता के रूप में निर्धारित करते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 16:**

- **अनुच्छेद 16** राज्य के अधीन किसी भी पद पर **नियुक्ति या नियोजन** के मामले में **सभी नागरिकों के लिये अवसर की समानता** का प्रावधान करता है।
  - किसी भी नागरिक के साथ केवल **धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान या निवास** के आधार पर राज्य के अधीन किसी भी रोज़गार या कार्यालय के लिये भेदभाव नहीं किया जा सकता है या उसे अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 16(3) संसद (राज्य विधानमंडल को नहीं)** को राज्य के तहत रोज़गार या नियुक्तियों के कुछ वर्गों के लिये राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के भीतर निवास योग्यता निर्धारित करने वाले कानून बनाने का अधिकार देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**138. असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (ASUSE) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के अनौपचारिक क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिये श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।
2. इसे केवल असंगठित गैर-कृषि विनिर्माण व्यवसायों की गतिविधियों को निर्धारित करने के लिये तैयार किया गया है।
3. यह राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के संकलन में सहायता करता है और मांग-पक्ष रोज़गार परिदृश्य का भी आकलन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**असंगठित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (ASUSE):**

- भारत के अनौपचारिक क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने के लिये **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)** द्वारा **असंगठित क्षेत्र उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण (ASUSE)** जारी किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO)** ने इसे असंगठित गैर-कृषि **विनिर्माण, व्यापार और अन्य सेवा क्षेत्रों (निर्माण को छोड़कर) की गतिविधियों** को निर्धारित करने के लिये तैयार किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह **राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी** के संकलन में सहायता करता है और **मांग-पक्ष रोज़गार परिदृश्य को मापने में भी सहायता करता है। अतः कथन 3 सही है।**

**139. पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद पारंपरिक बीमा उत्पादों से किस प्रकार भिन्न हैं?**

A. वे केवल संपत्ति के नुकसान के लिए कवरेज प्रदान करते हैं।

B. वे पूर्वनिर्धारित मापदंडों या ट्रिगर्स के आधार पर भुगतान करते हैं।

C. दावों को संसाधित करने के लिये उन्हें व्यापक दस्तावेज़ीकरण की आवश्यकता होती है।

D. यह क्षतिपूर्ति-आधारित है और वास्तविक नुकसान की भरपाई करता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद:**

- **पैरामीट्रिक बीमा उत्पाद** एक प्रकार का बीमा है **जो पूर्वानुमानित घटनाओं या मापदंडों** जैसे लगातार दो दिनों तक **प्रतिदिन 100 मिमी. से अधिक वर्षा या विशिष्ट बाढ़** का स्तर और हवा की गति **के आधार पर भुगतान प्रदान करता** है।
- यह **वास्तविक नुकसान के आकलन पर आधारित नहीं** है।
- इसका उपयोग आमतौर पर **कृषि (जैसे, फसल बीमा)**, आपदा जोखिम प्रबंधन और यात्रा बीमा में किया जाता है।
- यह उन स्थितियों में **विशेष रूप से उपयोगी है जहाँ त्वरित वित्तीय सहायता आवश्यक** है और जहाँ **पारंपरिक हानि आकलन जटिल या विलंबित** हो सकता है। **अतः विकल्प B सही है।**

**140. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. चीन
2. जापान
3. भारत
4. म्याँमार
5. फिलीपींस
6. ऑस्ट्रेलिया

नोट :

उपर्युक्त देशों में से कितने देश क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) के सदस्य हैं?

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. केवल पाँच

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP):**

- क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP) **आसियान सदस्यों और मुक्त व्यापार समझौता (FTA)** भागीदारों के बीच एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक समझौता है।
- इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच **आर्थिक एकीकरण**, व्यापार उदारीकरण और सहयोग को बढ़ावा देना है।
- इसके सदस्यों में **चीन, जापान, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और आसियान देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम)** शामिल हैं।
- नवंबर 2019 में भारत ने **RCEP व्यापार समझौते में शामिल न होने का** फैसला किया। **अतः विकल्प D सही है।**

**141. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. मलिमथ समिति
2. जस्टिस वर्मा पैनल
3. रणबीर सिंह समिति

**आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिये उपरोक्त में से कितनी समिति/पैनल गठित की गईं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आपराधिक कानूनों में सुधार:**

- **आपराधिक न्याय प्रणाली** में सुधार के उपायों पर विचार करने के लिये वर्ष 2003 में **मलिमथ समिति** का गठन किया गया था।
- **न्यायमूर्ति वर्मा पैनल (2013)** का गठन महिलाओं के खिलाफ **यौन उत्पीड़न (निर्भया केस)** के आरोपी अपराधियों के लिये त्वरित सुनवाई और कड़ी सज़ा सुनिश्चित करने के लिये किया गया था।
- **रणबीर सिंह समिति (2020)** का गठन **भारतीय दंड संहिता (IPC),** 1860, **दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC),** 1973 और **भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872** की समीक्षा के लिये किया गया था। **अतः विकल्प C सही है।**

**142. इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट (EGR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पहला स्पॉट फिजिकल गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडिंग उत्पाद है।
2. वे स्टॉक के समान हैं और डीमैट खातों में कारोबार और रखे जाते हैं।
3. व्यक्तिगत निवेशकों को स्टॉक एक्सचेंजों पर सोना खरीदने और बेचने की अनुमति नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट (EGRs):**

- इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीप्ट (EGR) **पहला स्पॉट फिजिकल गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडिंग उत्पाद** है। सामान्य तौर पर भारत में इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड ट्रेडिंग गोल्ड डेरिवेटिव या **गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के** माध्यम से होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वे स्टॉक के समान हैं और डीमैट खातों में कारोबार और रखे जाते हैं। निवेशक डीमैट रूप में सोना खरीदते हैं और उन्हें भौतिक सोने/फिजिकल गोल्ड के बजाय गोल्ड रिसीप्ट दी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- EGR **सभी बाज़ार सहभागियों** यानी व्यक्तिगत और **वाणिज्यिक निवेशकों के साथ-साथ आयातकों,** बैंकों, रिफाइनरों, बुलियन व्यापारियों, आभूषण निर्माताओं तथा खुदरा विक्रेताओं को सेवाएँ प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**143. प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (PMSSY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के समग्र प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है।
2. एम्स की स्थापना और सरकारी मेडिकल कॉलेज (GMC) का उन्नयन PMSSY के दो घटक हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना ( PMSSY ):**

- **प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना ( PMSSY ) वर्ष** 2003 में सस्ती/विश्वसनीय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की **उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करने और देश में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा** शिक्षा के लिये सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय इस केंद्रीय क्षेत्र की योजना के समग्र प्रशासन के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 1 सही है।
- स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढाँचे और चिकित्सा शिक्षा में सुधार के लिये **एम्स की स्थापना और सरकारी मेडिकल कॉलेज ( GMC )** का उन्नयन, PMSSY के दो घटक हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**144. बनिहाल दर्रा निम्नलिखित में से किस हिमालय पर्वतमाला में स्थित है ?**

A. पीर पंजाल पर्वतमाला

B. ज़ांस्कर पर्वतमाला

C. धौलाधार पर्वतमाला

D. काराकोरम पर्वतमाला

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बनिहाल दर्रा:**

- **बनिहाल दर्रा, पीर पंजाल दर्रा,** बिदिल दर्रा और गोलाबघर दर्रा पश्चिमी हिमालय की पीर पंजाल शृंखला में स्थित हैं।
- बनिहाल दर्रा **जम्मू क्षेत्र और कश्मीर घाटी के बीच एक महत्त्वपूर्ण माध्यम** है। यह पारंपरिक मार्ग है जो जम्मू शहर को श्रीनगर से जोड़ता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**145. निम्न में से कौन-सा क्राउडस्ट्राइक का सबसे अच्छा वर्णन करता है, जिसे कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है ?**

A. क्लाउड-आधारित डेटा स्टोरेज समाधानों में विशेषज्ञता वाली एक कंपनी।

B. एक साइबर सुरक्षा फर्म जो अपने एंडपॉइंट सुरक्षा और खतरे की खुफिया सेवाओं के लिये जानी जाती है।

C. पेशेवरों के लिये एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म।

D. निवेश बैंकिंग और धन प्रबंधन की पेशकश करने वाली एक वित्तीय सेवा कंपनी।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्राउडस्ट्राइक:**

- **क्राउडस्ट्राइक** एक **अमेरिकी साइबर सुरक्षा फर्म** है जो अपनी एंडपॉइंट सुरक्षा और खतरे की खुफिया सेवाओं के लिये जानी जाती है।
- यह बड़े संगठनों को उनकी **जटिल सुरक्षा वास्तुकला** में मदद करने के लिये अनुकूलित साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करने के लिये जानी जाती है।
- यह संगठनों को **साइबर खतरों** की पहचान करने और उन्हें रोकने में मदद करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। **अत: विकल्प B सही है।**

**146. आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था ( CRA ) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?**

A. कृषि उत्पादों के लिये बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली बनाना।

B. ब्रिक्स देशों के बीच आपातकालीन वित्तीय सहायता के लिये एक रूपरेखा स्थापित करना।

C. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था ( CRA ):**

- **आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था ( CRA )** ब्रिक्स देशों (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा स्थापित एक वित्तीय तंत्र है, जो वित्तीय संकट के समय सदस्य देशों को सुरक्षा जाल प्रदान करता है।
- यह भुगतान **संतुलन की समस्याओं या तरलता संकट** का सामना करने वाले सदस्य देशों को आपातकालीन वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है।
- इसकी कुल निधि का आकार **100 बिलियन अमरीकी डॉलर** है, जिसे ब्रिक्स देशों के बीच साझा किया जाता है।
- प्रत्येक सदस्य का योगदान समूह के भीतर उनके **आर्थिक वज़न** पर आधारित होता है। **अत: विकल्प C सही है।**

**147. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. मूल सीमा शुल्क (BCD)
2. प्रतिकारी प्रशुल्क (CVD)

3. अतिरिक्त सीमा शुल्क या विशिष्ट CVD
4. सुरक्षात्मक शुल्क

**उपर्युक्त करों में से कौन-सा सीमा शुल्क का उदाहरण है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सीमा शुल्क:**

- **सीमा शुल्क** से तात्पर्य उन **वस्तुओं पर लगाए गए कर** से है, जब उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार परिवहन किया जाता है। यह वह कर है जो **वस्तुओं के आयात और निर्यात पर** लगाया जाता है।
- भारत में सीमा शुल्क को **सीमा शुल्क अधिनियम, 1962** के तहत परिभाषित किया गया है और इससे संबंधित सभी मामले **केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC)** के अंतर्गत आते हैं।
- सीमा शुल्क के उदाहरण **मूल सीमा शुल्क (BCD), प्रतिकारी प्रशुल्क (CVD), अतिरिक्त सीमा शुल्क या विशिष्ट CVD, सुरक्षा शुल्क** और **एंटी-डंपिंग शुल्क** हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

**148. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें कहा गया है कि सभी व्यक्तियों को धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, उसका अभ्यास करने और उसका प्रचार करने का अधिकार है।
2. इसमें धार्मिक विश्वास और धार्मिक प्रथाएँ दोनों शामिल हैं।
3. यह प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25:**

- **अनुच्छेद 25** में कहा गया है कि सभी व्यक्तियों को अंत: करण की स्वतंत्रता और धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, अभ्यास करने एवं प्रचार करने का समान अधिकार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें न केवल **धार्मिक विश्वास (सिद्धांत)** बल्कि **धार्मिक प्रथाएँ (अनुष्ठान)** भी शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 26** प्रत्येक **धार्मिक संप्रदाय** या उसके किसी भी वर्ग को सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन अपने **धार्मिक मामलों का प्रबंधन** करने की स्वतंत्रता प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**149. समान नागरिक संहिता (UCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यक्तिगत कानून विषयों पर समान नियमों का एक समूह है जो धर्म, समुदाय, नस्ल, लिंग या जाति की परवाह किये बिना सभी नागरिकों पर लागू होता है।
2. यह संविधान के भाग IV-A में उल्लिखित निर्देशक सिद्धांतों में से एक है।
3. विवाह, तलाक, उत्तराधिकार जैसे व्यक्तिगत कानून विषय संविधान की समवर्ती सूची के अंतर्गत आते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**समान नागरिक संहिता (UCC):**

- **समान नागरिक संहिता (UCC): उत्तराधिकार, विवाह, गोद लेने और तलाक जैसे व्यक्तिगत कानून विषयों पर समान नियमों का एक समूह है जो धर्म, समुदाय, नस्ल, लिंग या जाति** की परवाह किये बिना सभी नागरिकों पर लागू होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह संविधान के **भाग IV** में उल्लिखित **निर्देशक सिद्धांतों** में से एक है। **वे न्यायोचित नहीं हैं** (किसी भी न्यायालय द्वारा लागू नहीं किये जा सकते) लेकिन उनमें निर्धारित सिद्धांत शासन में मौलिक हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **विवाह, तलाक,** उत्तराधिकार जैसे व्यक्तिगत कानून विषय संविधान की समवर्ती सूची में आते हैं।
  - **संसद और राज्य विधानमंडल दोनों समवर्ती सूची** के अंतर्गत आते है। **अत: कथन 3 सही है।**

**150. राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य पात्र राज्य उच्च शिक्षण संस्थानों को रणनीतिक वित्तपोषण उपलब्ध कराना है।

नोट :

2. राज्यों को केंद्रीय वित्तपोषण राज्य उच्च शिक्षा योजनाओं के आलोचनात्मक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।
3. यह मौजूदा स्वायत्त कॉलेजों के उन्नयन और कॉलेजों को एक समूह में परिवर्तित करके नए विश्वविद्यालयों का निर्माण करेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA):**

- **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)** का उद्देश्य पात्र राज्य **उच्च शिक्षण संस्थानों को रणनीतिक** वित्तपोषण प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय वित्तपोषण केंद्रीय मंत्रालय से **राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों के माध्यम से राज्य उच्च शिक्षा** परिषदों और चिह्नित संस्थानों तक पहुँचता है।
  - राज्यों को वित्तपोषण **राज्य उच्च शिक्षा योजनाओं के आलोचनात्मक मूल्यांकन** के आधार पर किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह मौजूदा स्वायत्त कॉलेजों के उन्नयन और कॉलेजों को एक **क्लस्टर** में परिवर्तित करके **नए विश्वविद्यालयों का निर्माण** करेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

**151. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय राज्य बांग्लादेश के साथ सीमा साझा नहीं करता है?**

A. मणिपुर
B. मिज़ोरम
C. मेघालय
D. त्रिपुरा

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारत-बांग्लादेश सीमा:**

- बांग्लादेश की भूमि सीमा के **तीन किनारे भारत** के साथ लगते हैं और एक सीमा **बंगाल की खाड़ी** के किनारे है।
- **भारत और बांग्लादेश के बीच 4096.7 किलोमीटर** लंबी सीमा है यह भारत के पड़ोसी देशों के साथ **सबसे लंबी भूमि सीमा** है।
- **असम, पश्चिम बंगाल, मिज़ोरम, मेघालय और त्रिपुरा** ऐसे भारतीय राज्य हैं जो बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करते हैं।




**अतः विकल्प A सही है।**

**152. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर की रिपोर्ट के बाद सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में स्थापित किया गया था।
2. बागवानी, मात्स्यिकी और पशु विज्ञान सहित कृषि के क्षेत्र में समन्वयन, मार्गदर्शन तथा अनुसंधान प्रबंधन एवं शिक्षा के लिये यह परिषद भारत का एक सर्वोच्च निकाय है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR):**

- **भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की स्थापना 16 जुलाई, 1929** को **रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर** की रिपोर्ट के बाद **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860** के तहत एक पंजीकृत सोसायटी के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बागवानी, मात्स्यिकी और पशु विज्ञान सहित कृषि के क्षेत्र में समन्वयन, मार्गदर्शन तथा अनुसंधान प्रबंधन एवं शिक्षा** के लिये यह परिषद भारत का एक सर्वोच्च निकाय है। **अतः कथन 2 सही है।**

**153. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. एक वर्ष में उत्पादित अंतिम उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य
2. उत्पादित नई पूंजीगत वस्तुओं का मूल्य और वस्तुओं के भंडार में वृद्धि
3. विदेश से शुद्ध कारक आय

**सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की गणना के लिये उपर्युक्त में से किन पर विचार किया जाता है?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सकल घरेलू उत्पाद (GDP):**

- **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** की गणना के लिये निम्नलिखित कारकों पर विचार किया जाता है:
  - **एक वर्ष में उत्पादित अंतिम उपभोक्ता वस्तुओं** और **सेवाओं का मूल्य**।
  - उत्पादित नई पूंजीगत वस्तुओं का मूल्य तथा वर्ष के दौरान उत्पादित लेकिन न बिकने वाली कच्ची सामग्री, अधूरी वस्तुएँ और उपभोक्ता वस्तुओं जैसी वस्तुओं की सूची में वृद्धि।
  - सामान्य सरकार के **उत्पादन का मूल्य (सरकारी व्यय)।**
  - **शुद्ध निर्यात (NX)** जो निर्यातित माल के मूल्य में से आयातित माल के मूल्य (M) को घटाकर प्राप्त होता है।
- **सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GNP)** की गणना करते समय विदेश से प्राप्त शुद्ध कारक आय को ध्यान में रखा जाता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भित्तिचित्र पद्धति में गीले प्लास्टर पर पेंटिंग बनाई जाती है, जिससे रंग दीवार में समा जाते हैं।
2. टेम्पोरा सूखे प्लास्टर पर पेंटिंग करने की विधि है जिसे चूने के पानी से फिर से गीला किया जाता है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चित्रकला:**

- **भित्तिचित्र पद्धति** में पेंटिंग तब की जाती है जब **सतह की दीवार गीली होती** है, ताकि रंग **दीवार की सतह के अंदर गहराई तक चले** जाए। **अतः कथन 1 सही है।**
- टेम्पोरा, चूने से प्लास्टर की गई **सतह पर पेंटिंग करने की एक विधि है,** जिसे पहले सूखने दिया जाता है और **फिर ताज़े चूने के पानी से गीला किया जाता** है।
  - उपयोग में आने वाले मुख्य रंग **लाल गेरू, चमकीला लाल** (सिंदूरी), पीला गेरू, नील, लापीस लाजुली, दीप काला (कज्जल), चाक सफेद और हरा थे। **अतः कथन 2 सही है।**

**155. वेस्ट बैंक, दो फिलिस्तीनी क्षेत्रों में से बड़ा, निम्नलिखित में से किसके साथ सीमा साझा करता है?**

A. भूमध्य सागर
B. मृत सागर
C. लाल सागर
D. फारस की खाड़ी

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वेस्ट बैंक:**

- **मृत सागर** एक **अत्यधिक खारी झील** है जो एक **अवसाद** में स्थित है, जो जॉर्डन भ्रंश घाटी का हिस्सा है।
- मृत सागर (Dead Sea) की सीमा **इज़रायल, जॉर्डन तथा पश्चिमी तट** क्षेत्रों से लगती है, जो फिलिस्तीनी नियंत्रण में हैं।
- **वर्ष 1976 में समुद्र** का स्तर गिर गया, जिससे मृत सागर एक गहरे **उत्तरी बेसिन और एक उथले दक्षिणी बेसिन** में विभाजित हो गया। **अतः विकल्प B सही है।**

**156. आर्थिक सर्वेक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. यह वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाने वाला एक वार्षिक दस्तावेज़ है, जो आमतौर पर केंद्रीय बजट से एक दिन पहले जारी किया जाता है।
2. इसे वित्त सचिव के मार्गदर्शन में आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) द्वारा तैयार किया जाता है।
3. वर्ष 1991 तक इसे केंद्रीय बजट के साथ ही प्रस्तुत किया जाता था।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आर्थिक सर्वेक्षण:**

- **भारत का आर्थिक सर्वेक्षण वित्त मंत्रालय द्वारा जारी** किया जाने वाला एक वार्षिक दस्तावेज़ है। **इसे आमतौर पर केंद्रीय बजट से** एक दिन पहले संसद में पेश किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **इसे मुख्य आर्थिक सलाहकार के मार्गदर्शन में आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) के अर्थशास्त्र** प्रभाग द्वारा तैयार किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1964 तक इसे केंद्रीय बजट के साथ ही पेश किया जाता था। वर्ष 1964 के बाद से इसे बजट से अलग कर दिया गया है। अतः कथन 3 सही नहीं है।

**157. जलवायु वित्त पर नए सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक नया वार्षिक वित्तीय लक्ष्य है जिसे वर्ष 2030 से विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों को जलवायु वित्त प्रदान करने के लिये पूरा करना होगा।
2. यह प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमरीकी डालर की विगत प्रतिबद्धता जो विकसित देशों ने संकल्प किया था, का पूरक होगा।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जलवायु वित्त पर नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (New Collective Quantified Goal on Climate Finance- NCQG):**

- **जलवायु वित्त पर नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (NCQG)** एक नया **वार्षिक वित्तीय लक्ष्य** है जिसे **वर्ष 2025 से** विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों को **जलवायु वित्त प्रदान करने के लिये** पूरा करना होगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **प्रतिवर्ष 100 बिलियन अमरीकी डालर** की **विगत प्रतिबद्धता की जगह लेगा** जिसका विकसित देशों ने **वर्ष 2009 में वादा किया था** लेकिन पूरा करने में विफल रहे। **अतः कथन 2 सही नहीं है। अतः विकल्प D सही है।**

**158. PRASHAD योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. इसे धार्मिक पर्यटन के अनुभव को समृद्ध करने के लिये शुरू किया गया था।
2. संस्कृति मंत्रालय चिह्नित स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA) प्रदान करता है।
3. इसमें सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) को शामिल करने का भी प्रयास किया गया है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**'प्रसाद' (PRASHAD) योजना:**

- **PRASHAD योजना** पूरे भारत में **तीर्थ स्थलों को विकसित करने** और उनकी पहचान करने तथा **धार्मिक पर्यटन के अनुभव को समृद्ध करने के लिये शुरू की गई थी। अतः कथन 1 सही है।**
- इसके तहत, **पर्यटन मंत्रालय** चिह्नित स्थलों पर **पर्यटन को बढ़ावा देने** के लिये राज्य सरकारों को **केंद्रीय वित्तीय सहायता (CFA)** प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- परियोजना की बेहतर स्थिरता के लिये, इसमें **सार्वजनिक निजी भागीदारी (PPP) और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR)** को भी शामिल करने का प्रयास किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**159. व्यापार और विकास रिपोर्ट किस संगठन द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है?**

A. विश्व बैंक

B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

C. व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)

D. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

नोट :

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**व्यापार और विकास रिपोर्ट:**

- **व्यापार और विकास रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD)** द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है।
- यह वर्तमान **आर्थिक रुझानों और अंतर्राष्ट्रीय चिंता** के प्रमुख **नीतिगत मुद्दों** का विश्लेषण करती है तथा विभिन्न स्तरों पर इन मुद्दों को संबोधित करने के लिये **सुझाव** देती है। **अतः विकल्प C सही है।**

**160. G-20 समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी उत्पत्ति वर्ष 1997-98 के वित्तीय संकट से हुई थी, जिसने पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों को प्रभावित किया था।
2. शुरू में इसने प्रमुख औद्योगिक और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंक गवर्नरों एवं वित्त मंत्रियों के लिये एक मंच के रूप में कार्य किया।
3. वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद, इसे राष्ट्राध्यक्षों के स्तर तक उन्नत किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

**G20 समूह:**

- G20 समूह की उत्पत्ति **1997-98 के वित्तीय संकट** से हुई थी, जिसने पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया (एशियाई टाइगर्स) के देशों को प्रभावित किया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- शुरू में इसने **वैश्विक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता** पर चर्चा करने के लिये प्रमुख औद्योगिक तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंक गवर्नरों एवं वित्त मंत्रियों के लिए एक मंच के रूप में काम किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद**, इसमें राष्ट्राध्यक्षों को शामिल करने के लिये अपग्रेड किया गया क्योंकि **संकट के समन्वय के लिये उच्चतम राजनीतिक स्तर की आवश्यकता** थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**161. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952 (EPF)
2. कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (EPS)
3. कर्मचारी डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम 1976 (EDLI)

**उपर्युक्त में से कौन-सी योजनाएँ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के तहत केंद्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा संचालित की जाती हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय न्यासी बोर्ड:**

- **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)** एक **वैधानिक निकाय** है जो **कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952** के तहत अस्तित्व में आया।
- अधिनियम और इसकी सभी योजनाओं का प्रशासन **केंद्रीय न्यासी बोर्ड** द्वारा किया जाता है।
- केंद्रीय न्यासी बोर्ड 3 योजनाएँ संचालित करता है:
  - कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 1952 (EPF)
  - कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 (EPS)
  - कर्मचारी डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम, 1976 (EDLI) **अतः विकल्प D सही है।**

**162. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रशासित है और इसे केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही लागू किया जा रहा है।
2. इसका उद्देश्य नागरिकों के लिये आजीविका के पर्याप्त साधन सुरक्षित करना और जीवन स्तर को ऊपर उठाना है।
3. अन्नपूर्णा योजना उन वरिष्ठ नागरिकों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करती है जो इसके पात्र हैं लेकिन राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (NOAPS) के अंतर्गत नहीं आते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP):**

- **राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) ग्रामीण विकास मंत्रालय** द्वारा प्रशासित है और इसे **ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों** में भी लागू किया जा रहा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका उद्देश्य नागरिकों के लिये **आजीविका** के पर्याप्त साधन सुरक्षित करना, **जीवन स्तर** को ऊपर उठाना, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार करना, बच्चों के लिये मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना आदि है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अन्नपूर्णा योजना का उद्देश्य उन वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिये **खाद्य सुरक्षा** प्रदान करना है जो पात्र होने के बावजूद **राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (NOAPS)** के तहत लाभ से वंचित रह गए हैं।
  - इस योजना के तहत लाभार्थी को **प्रति माह 10 किलोग्राम खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जाता है। अतः कथन 3 सही है।**

**163. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजकोषीय समेकन का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. सरकारी घाटे और ऋण संचय को कम करने की प्रक्रिया।
B. सरकारी व्यय बढ़ाने और राजकोषीय घाटे का विस्तार करने की प्रक्रिया।
C. आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिये करों को कम करने की रणनीति।
D. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि करने की प्रथा।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राजकोषीय समेकन:**

- **राजकोषीय समेकन** से तात्पर्य सरकार द्वारा अपने **बजट घाटे को कम करने** और अपने **सार्वजनिक ऋण को स्थिर या कम करने** के लिये लागू की गई नीतियों एवं उपायों से है।
- इसमें अक्सर **सार्वजनिक व्यय को कम करना, करों में वृद्धि करना और आर्थिक दक्षता तथा विकास को बढ़ाने** के उद्देश्य से **संरचनात्मक सुधारों** को लागू करना शामिल होता है।
- राजकोषीय समेकन का लक्ष्य **दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता** सुनिश्चित करना और सरकार के **वित्तीय प्रबंधन** में निवेशकों का विश्वास बनाए रखना है। **अतः विकल्प A सही है।**

**164. निम्नलिखित में से कौन पूंजीगत परिसंपत्तियों के उदाहरण हैं?**

1. ग्रामीण भारत में कृषि भूमि
2. भारत में किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध कंपनी में इक्विटी शेयर
3. ज़ीरो कूपन बॉण्ड

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पूंजीगत परिसंपत्तियाँ :**

- नीचे सूचीबद्ध **परिसंपत्तियाँ** यदि **12 महीने** से अधिक अवधि के लिये रखी जाती हैं, तो उन्हें **पूंजीगत परिसंपत्तियाँ** माना जाएगा:
  - **भारत में किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में** सूचीबद्ध कंपनी में इक्विटी या वरीयता **शेयर।**
  - भारत में किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध **प्रतिभूतियाँ** (जैसे- **डिबेंचर, बॉण्ड,** सरकारी प्रतिभूतियाँ आदि)।
  - **ज़ीरो कूपन बॉण्ड**।
- **ग्रामीण भारत में कृषि भूमि पूंजीगत परिसंपत्ति की श्रेणी** में नहीं आती है। **अतः विकल्प B सही है।**

**165. प्रधानमंत्री समग्र पोषण योजना (PM-POSHAN) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. यह उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना है।
B. सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एक बार गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जाता है।
C. यह भारत में अधिकांश बच्चों की दो सबसे बड़ी समस्याओं यानी भूख और शिक्षा को संबोधित करता है।
D. यह एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (ICDS) के अंतर्गत आने वाली कई योजनाओं में से एक है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**समग्र पोषण के लिये प्रधानमंत्री की व्यापक योजना (पीएम-पोषण):**

- **समग्र पोषण के लिये प्रधानमंत्री की व्यापक योजना (PM-POSHAN) शिक्षा मंत्रालय** के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा केंद्र प्रायोजित योजना है।
- **सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त** दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एक बार गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जाता है।
- यह भारत में बहुसंख्यक बच्चों की दो प्रमुख समस्याओं **अर्थात् भूख और शिक्षा,** का समाधान करता है तथा इसके लिये **पात्र बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार** करता है।
- यह **एकीकृत बाल विकास सेवा योजना (Integrated Child Development Services Scheme-ICDS)** के अंतर्गत आने वाली कई योजनाओं में से एक है। **अत: विकल्प A सही है।**

**166. एंजल टैक्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शेयर जारी करके सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा किये गए निवेश को लक्षित करता है।
2. यह निवेशकों द्वारा शेयरों के उचित बाज़ार मूल्य से अधिक भुगतान किये गए प्रीमियम पर लगाया गया था।
3. इसे मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिये पेश किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**एंजल टैक्स:**

- **एंजल टैक्स गैर-सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा शेयर जारी** करके किये गए निवेश को लक्षित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे निवेशकों द्वारा शेयरों के उचित बाज़ार मूल्य से ऊपर भुगतान किये गए प्रीमियम पर लगाया गया था, इसे **"अन्य स्रोतों से आय"** के रूप में वर्गीकृत किया गया था और इसे कराधान के अधीन किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे **मनी लॉन्ड्रिंग और अघोषित धन के प्रवाह से संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिये** प्रस्तुत किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**167. "कर संग्रहण में उछाल" का शाब्दिक अर्थ क्या है?**

A. आर्थिक विकास को कम किये बिना कर दरों को बढ़ाने की सरकार की क्षमता।
B. कर दर में परिवर्तन के लिये कर राजस्व की अनुक्रियाशीलता।
C. कर राजस्व की वृद्धि दर और अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के बीच संबंध।
D. स्थिर आर्थिक वातावरण में राजस्व उत्पन्न करने के लिये कर प्रणाली की क्षमता।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कर संग्रहण में उछाल (Tax Buoyancy):**

- **कर संग्रहण में उछाल सरकार के कर राजस्व** वृद्धि में परिवर्तन और अर्थव्यवस्था की **वृद्धि दर** में परिवर्तन के बीच **संबंध** को स्पष्ट करता है।
- जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था **तेज़ी से विकास** करती जाती है, सरकार का **कर राजस्व भी बढ़ता जाता है।**
- जब कोई कर प्रणाली **कर दर** में किसी भी बदलाव के बिना **अधिक राजस्व संग्रह/एकत्र** करती है, तो इसे **कर संग्रहण में उछाल** माना जाता है। **अत: विकल्प C सही है।**

**168. निम्नलिखित में से कौन-सा "बीज ग्राम अवधारणा" के मुख्य उद्देश्य का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. किसानों को अपने स्वयं के बीजों का उपयोग करने और अन्य स्रोतों से बीज न खरीदने के लिये प्रोत्साहित करना।
B. किसानों को सही समय और सस्ती कीमत पर दूसरों के लिये उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन करने के लिये प्रशिक्षित करना।
C. कुछ गाँवों को विशेष रूप से प्रमाणित बीजों के उत्पादन के लिये नामित करना।
D. गाँव के उद्यमियों को प्रौद्योगिकी और वित्त प्रदान कर बीज कंपनियाँ स्थापित करने में सहायता करना।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बीज ग्राम अवधारणा (Seed Village Concept):**

- **बीज ग्राम की अवधारणा** एक रणनीति है जिसका उद्देश्य **बीज उत्पादन** और वितरण में सुधार करना है। इसमें शामिल हैं:
  - स्थानीय किसानों को **उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन करने के संदर्भ में शिक्षित करना।**

नोट :

- यह सुनिश्चित करना कि ये किसान **उच्च गुणवत्ता वाले और सस्ते** दोनों तरह के **बीजों का उत्पादन** करें।
- यह सुनिश्चित करना कि ये बीज क्षेत्र के अन्य **किसानों को सही समय और लागत पर उपलब्ध** हों। **अत: विकल्प B सही है।**

**169. निम्नलिखित में से कौन-सा "प्रभावी पूंजीगत व्यय" का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. वेतन और रखरखाव जैसी आवर्ती परिचालन लागतों पर व्यय।

B. पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिये पूंजीगत व्यय और अनुदान सहायता की राशि।

C. मौजूदा योजनाओं की क्षमता या पहुँच का विस्तार करने के लिये किये गए निवेश पर व्यय।

D. क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा उपायों पर निवेश।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रभावी पूंजीगत व्यय:**

- **प्रभावी पूंजीगत व्यय** से तात्पर्य **पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिये पूंजीगत व्यय और अनुदान** सहायता के योग से है।
- बजट में **अनुदानों** को **राजस्व व्यय** के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, लेकिन वे सड़क, पुल, स्कूल, अस्पताल आदि जैसी अचल संपत्तियों के निर्माण में भी योगदान देते हैं।
- इसलिये **केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक निवेश की वास्तविक सीमा को समझने** के लिये **'प्रभावी पूंजीगत व्यय' की** अवधारणा शुरू की गई है। **अत: विकल्प B सही है।**

**170. राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (NUDM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य शहरी पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमता को मज़बूत करने के लिये साझा डिजिटल बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना है।
2. पीपुल्स, प्रोसेस और प्लेटफॉर्म NUDM के तीन प्रमुख स्तंभ हैं।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (NUDM):**

- **राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन (NUDM)** का उद्देश्य जटिल समस्याओं को हल करने के लिये शहरी **पारिस्थितिकी तंत्र की क्षमता को मज़बूत करने के लिये एक साझा डिजिटल बुनियादी ढाँचे** का निर्माण करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **NUDM के तीन प्रमुख स्तंभ** हैं:
  - **पीपुल्स:** शहरी पारिस्थितिकी तंत्र में हितधारकों को संगठित, सक्षम और सशक्त बनाना।
  - **प्रोसेस:** सहयोग और प्रभाव के लिये मानकों तथा रूपरेखाओं के माध्यम से शासन में सुधार।
  - **प्लेटफॉर्म:** प्रत्येक नागरिक के जीवन की बेहतर गुणवत्ता की सेवा में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना। **अत: कथन 2 सही है।**

**171. U-WIN प्लेटफॉर्म के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) को डिजिटल बनाना है।
2. यह UIP के तहत सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों के प्रत्येक टीकाकरण कार्यक्रम को दर्शाता है।
3. Co-WIN से लाभार्थी रिकॉर्ड को U-WIN के माध्यम से एक्सेस नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**U-WIN प्लेटफॉर्म:**

- **U-WIN पोर्टल** नियमित टीकाकरण की **इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री** बनाए रखता है और इसका उद्देश्य भारत के **सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP)** को डिजिटल बनाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह UIP के तहत सभी **गर्भवती महिलाओं और बच्चों के प्रत्येक टीकाकरण कार्यक्रम** को दर्शाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- **U-WIN पोर्टल Co-WIN पोर्टल** से जोड़ा गया है और बच्चों के पंजीकरण की सुविधा के लिये **पंजीकृत मोबाइल नंबर** का उपयोग करके U-WIN के माध्यम से को-विन से लाभार्थी रिकॉर्ड तक पहुँचा जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**172. कराधान के संदर्भ में "टेक्स नेट" शब्द का क्या अर्थ है?**

A. सरकार द्वारा एकत्र किये गए कर की कुल राशि।

B. कर संग्रह को नियंत्रित करने वाले कानूनों और विनियमों का ढाँचा।

C. कर देनदारियों को कम करने के लिये डिज़ाइन किये गए वित्तीय प्रोत्साहन कार्यक्रम।

D. कर के अधीन आने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं की श्रेणी।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**टेक्स नेट:**

- "**कर जाल**" शब्द का तात्पर्य ऐसे **व्यक्तियों, व्यवसायों और संस्थाओं** से है जो सरकार द्वारा कराधान के अधीन हैं।
- इसमें वे सभी लोग शामिल हैं **जिन्हें कानूनी तौर पर अपनी आय, संपत्ति, बिक्री या अन्य** कर योग्य गतिविधियों पर कर का भुगतान करना आवश्यक है।
- कर का दायरा जितना **व्यापक** होगा, कर योग्य संस्थाओं का **कवरेज उतना ही व्यापक** होगा, जिससे संभावित रूप से **कर संग्रहण और कर भार** का वितरण अधिक न्यायसंगत होगा। **अतः विकल्प D सही है।**

**173. उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता, आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन को बढ़ाने के लिये की गई थी।
2. दिये जाने वाले प्रोत्साहनों की गणना केवल वृद्धिशील बिक्री के आधार पर की जाती है।
3. केवल घरेलू कंपनियाँ ही भारत में विनिर्माण के लिये वित्तीय पुरस्कार प्राप्त करने की पात्र हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना:**

- **उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI)** योजना की परिकल्पना घरेलू विनिर्माण क्षमता ,आयात **प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन को बढ़ाने के लिये** की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- दिये जाने वाले **प्रोत्साहन की गणना वृद्धिशील बिक्री के आधार** पर की जाती है।
  - **उन्नत रसायन सेल बैटरी, कपड़ा उत्पाद और ड्रोन उद्योग जैसे कुछ क्षेत्रों में दिये जाने वाले प्रोत्साहनों की गणना बिक्री, प्रदर्शन तथा स्थानीय मूल्य संवर्द्धन** के आधार पर की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **घरेलू और विदेशी दोनों कंपनियाँ भारत में विनिर्माण के** लिये वित्तीय पुरस्कार प्राप्त करने की पात्र हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**174. कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. ये किसानों द्वारा संचालित स्वैच्छिक संगठन हैं जो मिलकर निर्णय लेते हैं और नीतियाँ निर्धारित करते हैं।

B. उन्हें केवल सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत किया जा सकता है।

C. लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC) FPO को सहायता प्रदान करता है।

D. यह कृषि या गैर-कृषि गतिविधियों के लिये उत्पादकों के एक समूह द्वारा बनाया जाता है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कृषक उत्पादक संगठन (FPOs):**

- **कृषक उत्पादक संगठन (FPO)** किसानों द्वारा संचालित स्वैच्छिक संगठन हैं जो मिलकर निर्णय लेते हैं और नीतियाँ निर्धारित करते हैं।
- इन्हें **कंपनी अधिनियम, 2013** के तहत या **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत सहकारी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।
- **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) तथा लघु कृषक कृषि व्यवसाय कंसोर्टियम (SFAC)** FPO को सहायता प्रदान करते हैं।
- इसका गठन **कृषि या गैर-कृषि** गतिविधियों (जैसे हथकरघा या हस्तशिल्प) के लिये उत्पादकों के एक समूह द्वारा किया जाता है। **अतः विकल्प B सही है।**

नोट :

**175. प्राकृतिक खेती हेतु राष्ट्रीय मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (BPKP) को उन्नत करके तैयार किया गया है।
2. किसानों को कृषि इनपुट उत्पादन अवसंरचना के निर्माण के लिये वित्तीय सहायता मिलती है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्राकृतिक खेती हेतु राष्ट्रीय मिशन:**

- देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये **भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति (BPKP)** को उन्नत करके **प्राकृतिक खेती हेतु राष्ट्रीय मिशन (NMNF)** तैयार किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसानों को **कृषि इनपुट उत्पादन अवसंरचना के निर्माण के लिये तीन वर्षों तक** प्रतिवर्ष प्रति हेक्टेयर 15,000 रुपए की वित्तीय सहायता मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**176. उपनिषदों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये दार्शनिक और आध्यात्मिक ग्रंथ हैं जो वेदों के संदर्भ से बाहर लिखे गए थे।
2. वे ब्रह्म को दिव्य सार के रूप में खोजते हैं जिससे आत्मा (आत्मन) उत्पन्न होती है।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**उपनिषद:**

- वे **दार्शनिक और आध्यात्मिक ग्रंथ हैं जो वेदों के संदर्भ में लिखे गए थे, जो हिंदू धर्म के लिये केंद्रीय ग्रंथों** का एक बड़ा संग्रह है। यह वैदिक शास्त्रों के शिखर का प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वे **ब्रह्म** को **दिव्य सार** और सभी अस्तित्व के स्रोत के रूप में खोजते हैं, जिससे **आत्मा (आत्मान) की उत्पत्ति** होती है। ब्रह्म प्रत्येक प्राणी के भीतर रहता है और **इस सार्वभौमिक ब्रह्म के साथ अपने आत्मा को** एकीकृत करना जीवन का उद्देश्य है। **अतः कथन 2 सही है।**

**177. निम्नलिखित में से कौन नाटो के एशिया-प्रशांत चार (AP4) देशों का हिस्सा नहीं है?**

A. दक्षिण कोरिया
B. जापान
C. ऑस्ट्रेलिया
D. फिलीपींस

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एशिया-प्रशांत चार (AP4) देश:**

- **जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड और दक्षिण कोरिया उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO)** के चार एशिया-प्रशांत साझेदार (AP4) हैं।
- **इंडो-पैसिफिक** क्षेत्र नाटो के लिये महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि उस क्षेत्र में होने वाले घटनाक्रम **यूरो-अटलांटिक सुरक्षा** को सीधे प्रभावित कर सकते हैं।
- इसके अलावा नाटो और क्षेत्र में उसके साझेदार समान मूल्यों को साझा करते हैं तथा **नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था** को बनाए रखने के लिये मिलकर काम करने का लक्ष्य रखते हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

**178. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. महाराष्ट्र
2. मध्य प्रदेश
3. छत्तीसगढ़
4. उड़ीसा
5. आंध्र प्रदेश
6. तमिलनाडु

**गोदावरी नदी बेसिन उपर्युक्त कितने राज्यों में फैला हुआ है?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल पाँच
D. सभी छह

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गोदावरी नदी बेसिन:**

- **पोलावरम सिंचाई परियोजना** गोदावरी नदी पर एक अंतर-राज्यीय परियोजना है जिसकी परिकल्पना **गोदावरी जल विवाद**

**न्यायाधिकरण (GWDT)** की सिफारिशों के एक भाग के रूप में की गई है।

- गोदावरी नदी महाराष्ट्र के **नासिक ज़िले के त्र्यम्बकेश्वर** से निकलती है।
- गोदावरी बेसिन **महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्यों** के अलावा **मध्य प्रदेश, कर्नाटक और केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी** के छोटे हिस्सों तक फैला हुआ है।

**अत: विकल्प C सही है।**

**179. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नरसंहार, युद्ध अपराध और मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोपी व्यक्तियों की जाँच एवं मुकदमा चलाता है।
2. अंतिम उपाय के रूप में यह राष्ट्रीय न्यायालयों का स्थान लेना चाहता है।
3. यह अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के बाद विश्व का दूसरा स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC):**

- **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिये चिंता के सबसे गंभीर अपराधों यानी** नरसंहार, युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध और आक्रामकता के अपराध के आरोपी व्यक्तियों की जाँच एवं मुकदमा चलाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतिम उपाय के रूप में यह राष्ट्रीय न्यायालयों को प्रतिस्थापित करने के बजाय उनका पूरक बनना चाहता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है। यह रोम संविधि (The Rome Statute) नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**180. मधुमेह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: मधुमेह एक दीर्घकालिक बीमारी है जो तब होती है जब शरीर अग्न्याशय द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाता है।**

**कथन-II: इंसुलिन एक हार्मोन है जो रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मधुमेह:**

- **मधुमेह एक दीर्घकालिक बीमारी** है जो या तो तब होती है जब **अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन** नहीं करता है या जब शरीर अपने द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- **इंसुलिन एक हार्मोन है** जो **रक्त शर्करा को नियंत्रित** करता है। **अत: कथन-II सही है।**
- **हाइपरग्लाइसीमिया**, जिसे बढ़ा हुआ रक्त ग्लूकोज़ या बढ़ा हुआ रक्त शर्करा भी कहा जाता है, अनियंत्रित मधुमेह का एक सामान्य प्रभाव है।

**कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**181. विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA), 2010 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में विदेशी दान प्राप्त करने के लिये FCRA के तहत पंजीकरण आवश्यक है।
2. यह पत्रकारों और मीडिया कंपनियों को विदेशी धन प्राप्त करने से रोकता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम, 2010:**

- भारत में विदेशी दान प्राप्त करने के लिये विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम, 2010 (FCRA) के तहत **पंजीकरण आवश्यक** है।

- यह **सांस्कृतिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न क्षेत्रों** में काम करने वाले व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- यह उम्मीदवारों, **पत्रकारों, मीडिया कंपनियों,** न्यायाधीशों, सरकारी कर्मचारियों, राजनेताओं और राजनीतिक संगठनों को विदेशी धन प्राप्त करने से रोकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**182. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन "फ्लाइंग गीज थ्योरी" में उल्लिखित प्रक्रिया का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. एक-दूसरे पर कोई प्रभाव डाले बिना स्वतंत्र रूप से विकास करने वाले देश

B. एशिया में अग्रणी देश का अनुसरण करते हुए क्रमिक रूप से उद्योग विकसित करने वाले देश

C. समकालिक तरीके से आर्थिक मंदी का सामना करने वाले देश

D. अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये कृषि निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर करने वाले देश

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फ्लाइंग गीज थ्योरी:**

- व्यापार का "**फ्लाइंग गीज थ्योरी**" एक आर्थिक विकास मॉडल है जो यह बताता है कि किसी क्षेत्र, विशेष रूप से एशिया में विभिन्न देशों में **औद्योगीकरण और आर्थिक विकास किस** प्रकार फैलता है।
- यह थ्योरी बताता है कि किसी क्षेत्र के देश एक क्रम में आर्थिक रूप से **विकसित** होते हैं।
- सबसे **उन्नत देश औद्योगिक विकास की पहल करता** है, उसके बाद क्षेत्र के अन्य देश आते हैं।
  - उदाहरण के लिये शुरू में जापान एशिया का सबसे उन्नत देश था। जैसे-जैसे जापान के उद्योग परिपक्व होते गए और **मूल्य शृंखला में ऊपर की ओर बढ़ते गए,** इसने क्षेत्र के अन्य देशों, जैसे **दक्षिण कोरिया, ताइवान तथा बाद में चीन एवं दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों** को कम परिष्कृत विनिर्माण आउटसोर्स करना शुरू कर दिया। **अत: विकल्प B सही है।**

**183. विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या (ULPIN) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अद्वितीय अल्फान्यूमेरिक कोड है जो प्रत्येक व्यक्तिगत भूमि पार्सल को एक सुस्पष्ट पहचान प्रणाली प्रदान करने के लिये सौंपा गया है।
2. यह डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) का हिस्सा है।
3. यह एक अंतर्राष्ट्रीय मानक पर आधारित है जो इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स कोड मैनेजमेंट एसोसिएशन (ECCMA) मानक का अनुपालन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या (ULPIN):**

- **विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या (ULPIN)** एक **अद्वितीय अल्फान्यूमेरिक कोड** है जो प्रत्येक **व्यक्तिगत भूमि पार्सल को एक मानकीकृत और स्पष्ट पहचान प्रणाली** प्रदान करने के लिये सौंपा गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP)** का हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह एक अंतर्राष्ट्रीय मानक पर आधारित है जो **इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स कोड मैनेजमेंट एसोसिएशन (ECCMA)** मानक और **ओपन जियोस्पेशियल कंसोर्टियम (OGC)** मानक का अनुपालन करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**184. प्राथमिक घाटे को निम्नलिखित के सूचक के रूप में देखा जाता है:**

A. आर्थिक स्थिरता

B. सरकारी दक्षता

C. सरकार के वित्त में संरचनात्मक असंतुलन

D. कम सार्वजनिक ऋण

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्राथमिक घाटा:**

- **प्राथमिक घाटा** चालू वर्ष के **राजकोषीय घाटे और पहले के उधारों पर ब्याज भुगतान** के बीच के अंतर के रूप में जाना जाता है।
- यह ब्याज को छोड़कर सरकार की **उधार आवश्यकताओं** को दर्शाता है।
- यह सरकार की **वार्षिक आय (मुख्यत: करों से) और वस्तुओं एवं सेवाओं** पर उसके व्यय के बीच संरचनात्मक असंतुलन को दर्शाता है। **अत: विकल्प C सही है।**

नोट :

**185. संविधान की सातवीं अनुसूची के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संघ सूची केंद्र सरकार को खानों और खनिज विकास को विनियमित करने की शक्ति देती है।
2. खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को दिया गया है।

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संविधान की सातवीं अनुसूची:**

- **संघ सूची की प्रविष्टि 54** केंद्र सरकार को खानों और खनिज विकास को विनियमित करने की शक्ति देती है। यह संसद को कानून द्वारा सार्वजनिक हित में समीचीन होने का अधिकार देती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सातवीं अनुसूची की **राज्य सूची में प्रविष्टि 50** के माध्यम से राज्यों को खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार प्रदान किया गया है।
  - इसे "खनिज विकास से संबंधित संसद द्वारा पारित कानून की सहायता से लगाए गए किसी भी **प्रतिबंध के अधीन**" बनाया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**186. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायालय केवल संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों के बीच कानूनी विवादों के मामलों पर विचार करता है।
2. इसका कोई सलाहकार क्षेत्राधिकार नहीं है।
3. सदस्य राज्यों के पास न्यायालय में मान्यता प्राप्त कोई स्थायी प्रतिनिधि नहीं है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ):**

- **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय** संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों और अन्य राज्यों के बीच कानूनी विवादों के मामलों पर विचार करता है जो न्यायालय के कानून के पक्ष बन गए हैं या जिन्होंने कुछ शर्तों के तहत इसके अधिकार क्षेत्र को स्वीकार कर लिया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **यह संयुक्त राष्ट्र के अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा संदर्भित कानूनी प्रश्नों पर सलाहकार की राय के** अनुरोधों को स्वीकार कर सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सदस्य राज्यों के पास न्यायालय में मान्यता प्राप्त कोई **स्थायी प्रतिनिधि नहीं है।** वे आमतौर पर अपने विदेश मंत्री या नीदरलैंड में मान्यता प्राप्त अपने **राजदूत के माध्यम से रजिस्ट्रार के साथ संवाद करते हैं। अत: कथन 3 सही है।**

**187. स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (APAAR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में सभी छात्रों के लिये कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा डिज़ाइन की गई एक विशेष पहचान प्रणाली है।
2. यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ संरेखित 'वन नेशन, वन स्टूडेंट आईडी' कार्यक्रम का हिस्सा है।
3. यह डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र, प्रशिक्षण विवरण और सह-पाठयक्रम उपलब्धियों सहित अकादमिक क्रेडिट को डिजिटल रूप से संग्रहीत, प्रबंधित तथा एक्सेस करने में मदद करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री (APAAR):**

- यह भारत के **सभी छात्रों के लिये शिक्षा मंत्रालय द्वारा तैयार की गई एक विशेष पहचान प्रणाली** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह केंद्र सरकार की **'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी'** पहल का हिस्सा है, जो नई **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020** पर आधारित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह **डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र, प्रशिक्षण विवरण और सह-पाठयक्रम उपलब्धियों सहित** अकादमिक क्रेडिट को डिजिटल रूप से **संग्रहीत, प्रबंधित तथा एक्सेस करने में मदद** करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**188. बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (BIMSTEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक क्षेत्रीय संगठन है जिसकी स्थापना नई दिल्ली घोषणा पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
2. इसमें दक्षिण एशिया से पाँच और दक्षिण-पूर्व एशिया से दो सदस्य शामिल हैं।
3. भारत, नेपाल और भूटान इसके संस्थापक सदस्यों में से थे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (BIMSTEC):**

- **बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (BIMSTEC)** एक क्षेत्रीय संगठन है जिसकी स्थापना **6 जून, 1997** को बैंकॉक घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें **दक्षिण एशिया** से पाँच सदस्य शामिल हैं, जिनमें **बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया** से दो सदस्य शामिल हैं, जिनमें **म्याँमार एवं थाईलैंड** शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड** इसके संस्थापक सदस्यों में से थे। म्याँमार को 22 दिसंबर, 1997 को तथा **भूटान एवं नेपाल** को फरवरी 2004 में इसमें शामिल किया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**189. ऑपरेशन ग्रीन्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (PMKSY) के तहत एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (NAFED) मूल्य स्थिरीकरण उपायों को लागू करने के लिये एक नोडल एजेंसी है।
3. इसके दीर्घकालिक कृषि हस्तक्षेपों में फसलों की कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं का विकास शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ऑपरेशन ग्रीन्स (Operation Greens):**

- **ऑपरेशन ग्रीन्स प्रधानमंत्री किसान SAMPADA योजना (PMKSY)** के तहत एक **केंद्रीय क्षेत्र की योजना** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड** (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Limited- **NAFED**) **मूल्य स्थिरीकरण** उपायों जैसे **अल्पकालिक हस्तक्षेपों** को लागू करने के लिये एक नोडल एजेंसी है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके **दीर्घकालिक कृषि हस्तक्षेपों** में **फसलों की कटाई के बाद** प्रसंस्करण सुविधाओं का विकास, **कृषि रसद में सुधार** आदि शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है। अतः विकल्प B सही है।**

**190. वैश्विक सभ्यता पहल (GCI) निम्नलिखित में से किसकी पहल है ?**

A. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को)
B. आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर समिति (CESCR)
C. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC)
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वैश्विक सभ्यता पहल**
**(Global Civilisation Initiative- GCI):**

- **वैश्विक सभ्यता पहल (GCI) चीन द्वारा एक प्रस्ताव** है जिसका उद्देश्य **वैश्विक स्तर पर** विभिन्न सभ्यताओं के बीच **संवाद और सहयोग को बढ़ावा** देना है।
- **"कुछ सभ्यताओं की श्रेष्ठता और सभ्यताओं के टकराव"** के **पश्चिमी दावों के विपरीत**, चीन ने **सभ्यताओं के बीच समानता, आपसी शिक्षा, संवाद एवं समावेशिता के सिद्धांतों** को बनाए रखने का आह्वान किया है।

- इन मूल्यों को बढ़ावा देकर, चीन का लक्ष्य एक अधिक सामंजस्यपूर्ण और **स्थिर विश्व व्यवस्था** बनाना है जहाँ विविध संस्कृतियाँ एवं सभ्यताएँ **शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व** में हों। **अत: विकल्प D सही है।**

**191. मार्च 2011 में वित्त मंत्रालय द्वारा गठित बी.एन. श्रीकृष्ण समिति का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?**

A. भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र में सुधार करना

B. भारत के वित्तीय क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले विधायी ढाँचे में बदलाव की सिफारिश करना

C. भारत में डिजिटल बैंकिंग के कार्यान्वयन की देख-रेख करना

D. भारत के लिये एक नई आर्थिक नीति विकसित करना

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बी.एन. श्रीकृष्ण समिति:**

- **बी.एन. श्रीकृष्ण** की अध्यक्षता में **वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग (FSLRC)** का गठन वित्त मंत्रालय द्वारा मार्च 2011 में किया गया था। इसे भारत की वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करने वाले कानूनों की व्यापक समीक्षा करने और उन्हें फिर से तैयार करने के लिये कहा गया था।
- इसने **गैर-क्षेत्रीय, सिद्धांत-आधारित दृष्टिकोण** द्वारा वित्तीय क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले विधायी ढाँचे को नया रूप देने और मौजूदा नियामक एजेंसियों का पुनर्गठन करने तथा जहाँ भी आवश्यक हो, नई एजेंसियों के निर्माण की सिफारिश की। **अत: विकल्प B सही है।**

**192. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. डेरिवेटिव्स
2. म्यूचुअल फंड की इक्विटी-उन्मुख इकाइयाँ
3. प्रतिभूतिकृत ऋण उपकरण

**उपर्युक्त में से किस प्रतिभूति पर प्रतिभूति लेन-देन कर (STT) लागू है?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**प्रतिभूति लेन-देन कर (STT):**

- **प्रतिभूति लेन-देन कर (STT) एक प्रत्यक्ष कर है** जो भारत में मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों की प्रत्येक खरीद और बिक्री पर लगाया जाता है।
- यह निम्नलिखित पर लागू है:
  - शेयर, स्क्रिप्स, स्टॉक, बॉण्ड, डिबेंचर, डिबेंचर स्टॉक या इसी प्रकार की अन्य विपणन योग्य प्रतिभूतियाँ।
  - डेरिवेटिव्स
  - किसी सामूहिक निवेश योजना द्वारा ऐसी योजनाओं में निवेशकों को जारी की गई इकाइयाँ या कोई अन्य उपकरण।
  - इक्विटी प्रकृति की सरकारी प्रतिभूतियाँ
  - म्यूचुअल फंड की इक्विटी-उन्मुख इकाइयाँ
  - प्रतिभूतियों में अधिकार या हित
  - प्रतिभूतिकृत ऋण उपकरण **अत: विकल्प D सही है।**

**193. नीति आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के प्रधानमंत्री नीति आयोग के पदेन अध्यक्ष हैं।
2. नीति आयोग के CEO आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रीय परिषद का गठन करते हैं।
3. यह एक सलाहकार निकाय है, जिसके पास राज्यों को संसाधन वितरण या आवंटन की कोई शक्ति नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**नीति आयोग:**

- भारत के **प्रधानमंत्री** नीति आयोग के **पदेन अध्यक्ष** हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- नीति आयोग के **अध्यक्ष** यानी भारत के **प्रधानमंत्री** आवश्यकता पड़ने पर **क्षेत्रीय परिषद** का गठन करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह राज्यों और अन्य निकायों को संसाधन वितरण या आवंटन की किसी भी शक्ति के बिना एक **सलाहकार निकाय** है तथा विभिन्न मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिये **सूचकांक बनाने** पर ध्यान केंद्रित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**194. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: CPCB एक वैधानिक संगठन है जिसका गठन जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत किया गया था।**

नोट :

**कथन-II: CPCB को वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत शक्तियाँ और कार्य सौंपे गए हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB):**

- **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) एक वैधानिक संगठन है** जिसका गठन **सितंबर, 1974** में **जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम,** 1974 के तहत किया गया था। **अत: कथन-I सही है।**
- इसके अलावा, CPCB को **वायु (प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम,** 1981 के तहत शक्तियाँ और कार्य सौंपे गए थे। **अत: कथन-II सही है।**
- CPCB के प्रमुख कार्यों में शामिल हैं:
  - जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन द्वारा राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में **नदियों व कुओं की स्वच्छता को बढ़ावा देना।**
  - देश में **वायु की गुणवत्ता में सुधार करना** तथा वायु प्रदूषण को रोकना, **नियंत्रित करना** या कम करना।

**अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**195. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: कोवैक्सिन को होल-विरियन इनएक्टिवेटेड वेरो सेल व्युत्पन्न प्लेटफॉर्म तकनीक का उपयोग करके विकसित किया गया है।**

**कथन-II: निष्क्रिय टीके प्रतिकृति नहीं बनाते हैं और इसलिये उनके विपरीत होने या रोगात्मक प्रभाव उत्पन्न करने की संभावना नहीं होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कोवैक्सिन:**

- **कोवैक्सिन** भारत बायोटेक द्वारा विकसित **भारत की पहली स्वदेशी कोविड-19 वैक्सीन है।**
- इसे **होल-विरियन इनएक्टिवेटेड वेरो सेल** व्युत्पन्न प्लेटफॉर्म तकनीक का उपयोग करके विकसित किया गया है। **अत: कथन-I सही है।**
- निष्क्रिय **टीके प्रतिकृति नहीं बनाते,** इसलिये इनके विपरीत प्रभाव उत्पन्न होने या रोगात्मक प्रभाव उत्पन्न होने की संभावना नहीं होती।
  - इनमें **मृत वायरस** होते हैं, जो लोगों को **संक्रमित करने में असमर्थ** होते हैं, लेकिन फिर भी संक्रमण के खिलाफ रक्षात्मक प्रतिक्रिया करने के लिये प्रतिरक्षा प्रणाली को निर्देश देने में सक्षम होते हैं। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**196. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के कार्यालय का निर्माण
2. त्रि-सेवा युद्ध थियेटरों का निर्माण
3. कमांडिंग अधिकारियों की आयु कम करना

**कारगिल समीक्षा समिति ने उपर्युक्त में से कितने की सिफारिश की थी?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कारगिल समीक्षा समिति (KRC):**

- के. सुब्रमण्यम समिति, जिसे लोकप्रिय रूप से कारगिल समीक्षा समिति के रूप में जाना जाता है इसका गठन वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध का गहन विश्लेषण करने के लिये किया गया था।

नोट :

- कुछ सिफारिशें इस प्रकार हैं:
  - चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के कार्यालय का निर्माण
  - त्रि-सेवा युद्ध थिएटरों का निर्माण (अंडमान और निकोबार - प्रथम त्रि-सेवा कमान)
  - मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग
  - कमांडिंग अधिकारियों की आयु कम करना **अतः विकल्प C सही है।**

**197. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंत्रिमंडलीय समितियाँ संविधान-बाह्य निकाय हैं।
2. रक्षामंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCS) रक्षा नीति और व्यय पर सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय लेती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कैबिनेट समितियाँ:**

- **मंत्रिमंडलीय समितियाँ संविधान-बाह्य निकाय हैं**, जिसका अर्थ है कि भारतीय संविधान में उनका उल्लेख नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **प्रधानमंत्री** की अध्यक्षता में सुरक्षा पर **मंत्रिमंडलीय समिति (CCS) रक्षा नीति** और व्यय पर सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय लेती है।
  - यह **राष्ट्रीय सुरक्षा संगठनों** में अधिकारियों की नियुक्तियों के लिये **ज़िम्मेदार सर्वोच्च प्राधिकरण** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**198. किसी अर्थव्यवस्था में ऋण-जीडीपी GDP अनुपात क्या दर्शाता है?**

A. किसी देश के वार्षिक राजस्व और उसके कुल ऋण का अनुपात
B. उधार लेने के कारण देश की आर्थिक स्थिति में वृद्धि
C. देश की ऋण चुकाने की क्षमता
D. देश की मौद्रिक नीति की प्रभावशीलता

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ऋण-GDP अनुपात:**

- **ऋण-GDP अनुपात** किसी देश के **सार्वजनिक ऋण और उसके सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** का अनुपात है।
- इस अनुपात का उपयोग किसी देश की **ऋण चुकाने की क्षमता** का आकलन करने के लिये किया जाता है।
- इस अनुपात की व्याख्या इस प्रकार भी की जा सकती है कि यदि **GDP का उपयोग पुनर्भुगतान** के लिये किया जाता है तो ऋण चुकाने में कितने वर्ष लगेंगे।
- उच्च ऋण-GDP अनुपात किसी देश द्वारा अपने **ऋण को चुकाने की संभावना** को कम करता है और डिफॉल्ट के जोखिम को बढ़ाता है। **अतः विकल्प C सही है।**

**199. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऑफ-बजट उधार के संबंध में सही नहीं है?**

A. यह आधिकारिक बजट में इन व्ययों को शामिल किये बिना सरकार द्वारा धन जुटाने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।
B. उन्हें पारंपरिक बजट के बाहर सरकारी कार्यक्रमों और सब्सिडी को वित्तपोषित करने के लिये राज्य द्वारा संचालित एजेंसियों द्वारा लिया जाता है।
C. यह देश के राजकोषीय घाटे को स्वीकार्य सीमा के भीतर रखने में मदद करता है।
D. राज्य द्वारा संचालित एजेंसियाँ सरकारी प्रतिभूतियों की तुलना में कम ब्याज दरों की पेशकश करने वाले बॉण्ड के माध्यम से धन जुटाती हैं।

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ऑफ-बजट उधार (Off-Budget Borrowings):**

- ऑफ-बजट उधार **आधिकारिक बजट** में इन **व्ययों को दर्शाए बिना** विभिन्न उद्देश्यों के लिये **धन जुटाने** की सरकार की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।
- उन्हें **पारंपरिक बजट के बाहर** सरकारी कार्यक्रमों और सब्सिडी को वित्तपोषित करने के लिये **राज्य द्वारा संचालित एजेंसियों द्वारा** लिया जाता है।
- चूँकि ऋण की देयता औपचारिक रूप से केंद्र पर नहीं है, इसलिये ऋण को राष्ट्रीय राजकोषीय घाटे में शामिल नहीं किया जाता है। इससे देश के **राजकोषीय घाटे** को **स्वीकार्य सीमा** के अंदर **रखने** में मदद मिलती है।
- राज्य द्वारा संचालित एजेंसियाँ सरकारी प्रतिभूतियों की तुलना में **उच्च ब्याज दरों** की पेशकश करने वाले बॉण्ड के माध्यम से धन जुटाती हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

**200. निम्नलिखित में से कौन-सा चराईदेव मोइदम का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. असम में पाई जाने वाली प्राचीन चट्टान की नक्काशी
B. असम में अहोम राजाओं के ऐतिहासिक दफन स्थल
C. पारंपरिक असमिया त्यौहार
D. असम में हिंदू देवताओं को समर्पित मंदिरों की एक श्रृंखला

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चराईदेव मोईदाम:**

- असम के **चराईदेव मोईदाम दफन स्थलों** को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन **(यूनेस्को) की विश्व धरोहर स्थलों** की सूची में शामिल किया गया है।
- ये अहोम राजवंश के **शाही दफन स्थल** हैं, जिन्होंने वर्ष 1228 से वर्ष 1826 ई. तक असम और उत्तर पूर्व के अधिकांश हिस्सों पर शासन किया था।
- चराईदेव में विशेष रूप से अहोम राजघरानों के मोइदम हैं, जबकि पूर्वी असम में अभिजात वर्ग और प्रमुखों के **अन्य मोईदाम** पाए जा सकते हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

**201. अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (PISA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन है जो 15 वर्षीय छात्रों की पढ़ने, गणित और विज्ञान साक्षरता को मापता है।
2. यह आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष में आयोजित किया जाता है।
3. भारत ने कभी भी PISA परीक्षण में भाग नहीं लिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (PISA):**

- अंतर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (PISA) एक अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन है जो 15 वर्षीय छात्रों की पढ़ने, गणित और विज्ञान साक्षरता को मापता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह महामारी के कारण वर्तमान चक्र (वर्ष 2021 से 2022 तक) में 1 वर्ष की देरी को छोड़कर प्रत्येक 3 वर्ष में आयोजित किया जाता है।
  - **वर्ष** 2025 के डेटा संग्रह के बाद PISA 4-वर्षीय डेटा संग्रह चक्र में बदल जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत ने वर्ष 2009-10 में PISA परीक्षण में भाग लिया और 74 देशों में से 73वें स्थान पर आकर बहुत खराब प्रदर्शन किया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**202. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: गोलान हाइट्स के शीर्ष से दक्षिणी सीरिया और राजधानी दमिश्क स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।**

**कथन-II: गोलान हाइट्स इज़रायल को सीरियाई गतिविधियों पर नज़र रखने के लिये एक उत्कृष्ट स्थान प्रदान करता है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**गोलान हाइट्स:**

- **गोलान हाइट्स दक्षिण-पश्चिमी सीरिया में एक चट्टानी पठार है।** यह दक्षिण में **यारमुक नदी** और **पश्चिम में गैलिली सागर** से घिरा हुआ है।
- गोलान हाइट्स के शीर्ष से **दक्षिणी सीरिया और राजधानी दमिश्क स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। अत: कथन-I सही है।**
- यह **सीरियाई गतिविधियों की निगरानी** के लिये इज़रायल को एक उत्कृष्ट सुविधाजनक स्थान देता है। स्थलाकृति सीरिया से किसी भी सैन्य हमले के खिलाफ एक **प्राकृतिक बफर** प्रदान करती है। **अत: कथन-II सही है।**

**अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।**

**203. भारत में जनगणना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में पहली गैर-समकालिक जनगणना वर्ष 1872 में गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो के शासनकाल के दौरान आयोजित की गई थी।
2. ब्रिटिश शासन के तहत पहली समकालिक जनगणना, जनगणना आयुक्त डब्ल्यू. डब्ल्यू. प्लाउडेन द्वारा की गई थी।

3. आधुनिक युग में दशकीय जनगणना आयोजित करने की ज़िम्मेदारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के पास है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत में जनगणना:**

- भारत में पहली **गैर-समकालिक जनगणना वर्ष 1872 में गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो** के शासनकाल में आयोजित की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- ब्रिटिश शासन के तहत पहली **समकालिक जनगणना,** जनगणना आयुक्त **डब्ल्यू. डब्ल्यू. प्लाडेन ने 17 फरवरी, 1881** को की थी। तब से, हर दस साल में एक बार निर्बाध रूप से जनगणना की जाती रही है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आधुनिक युग में **दशकीय जनगणना** आयोजित करने की ज़िम्मेदारी **भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त, गृह मंत्रालय के कार्यालय पर है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**204. मशीन लर्निंग के संदर्भ में डेटा पॉइज़निंग क्या है?**

A. मशीन लर्निंग मॉडल के प्रदर्शन को बढ़ाने की एक तकनीक।
B. मॉडल की सटीकता में सुधार करने के लिये डेटा को क्लीन करने और प्री-प्रोसेस करने की एक प्रक्रिया।
C. एक प्रकार का हमला जिसमें मशीन लर्निंग मॉडल के व्यवहार को बदलने के लिये प्रशिक्षण सेट में हार्मफुल डेटा को जोड़ा जाता है।
D. अनधिकृत पहुँच से बचाने के लिये डेटा को एन्क्रिप्ट करने की एक विधि।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डेटा पॉइज़निंग:**

- **डेटा पॉइज़निंग** एक प्रकार का **साइबर हमला** है जिसमें एक विरोधी जानबूझकर उस मॉडल के संचालन को प्रभावित करने या उसमें हेर-फेर करने के लिये AI या मशीन लर्निंग (ML) मॉडल द्वारा प्रयोग किये जाने वाले प्रशिक्षण **डेटासेट से समझौता** करता है।
- यह एक प्रकार का हमला है जिसमें मशीन लर्निंग **मॉडल के व्यवहार** को बदलने के लिये प्रशिक्षण सेट में **हार्मफुल डेटा** को जोड़ा जाता है।
- यह जनरेटिव AI मॉडल की **इंटीग्रिटी और रिलायबिलिटी को खतरे में डालता है। अतः विकल्प C सही है।**

**205. खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के संबंध में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. ज़िला खनिज फाउंडेशन (DMF) बनाने और राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (NMET) की स्थापना करने के लिये वर्ष 2015 में इसमें संशोधन किया गया था।
2. इसे वर्ष 2023 में संशोधित किया गया था, जिसमें परमाण्विक खनिजों के अन्वेषण में केवल राज्य एजेंसियों को ही अनुमति दी गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957:**

- खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 को वर्ष 2015 में संशोधित किया गया था, जिसमें **ज़िला खनिज फाउंडेशन (DMF) के निर्माण** तथा **राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (NMET) की स्थापना** का प्रावधान किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वर्ष 2023 में इसमें संशोधन** किया गया, जिससे निजी क्षेत्र को लिथियम, बेरिलियम, नियोबियम, टाइटेनियम, टैंटालम और ज़िरकोनियम जैसे **12 परमाण्विक खनिजों में से 6 का उत्खनन** करने की अनुमति मिल गई। **अतः कथन 2 सही नहीं है। अतः विकल्प A सही है।**

**206. 69वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1991 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 239AA के तहत केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली को 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' नाम दिया गया है।
2. केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली का प्रशासन एक लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG) द्वारा किया जाएगा, जो निर्वाचित विधान सभा की सहायता और सलाह पर काम करेगा।
3. इसने LG को मंत्रिपरिषद के साथ 'किसी भी मामले' पर मतभेद को राष्ट्रपति के पास भेजने का अधिकार दिया।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**69वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1991:**

- **संविधान के अनुच्छेद 239AA के तहत** केंद्रशासित प्रदेश **दिल्ली** को **'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र'** नाम दिया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें प्रावधान किया गया कि केंद्रशासित प्रदेश **दिल्ली का प्रशासन** एक **लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG)** द्वारा किया जाएगा, जो निर्वाचित विधान सभा की **सहायता और सलाह पर कार्य** करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसने LG को मंत्रिपरिषद के साथ **'किसी भी मामले'** पर **मतभेद** को **राष्ट्रपति के पास भेजने का अधिकार** दिया। **अतः कथन 3 सही है। अतः विकल्प D सही है।**

**207. द इमरजेंसी ऑफ नाउ: एंड्स एट क्रॉस रोड रिपोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित की गई है:**

A. द लैंसेट

B. मेडिसिन सैन्स फ्रंटियर्स

C. HIV/AIDS पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम (UNAIDS)

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**द इमरजेंसी ऑफ नाउ: एंड्स एट क्रॉस रोड रिपोर्ट :**

- **HIV/AIDS पर संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम (UNAIDS) ने "द इमरजेंसी ऑफ नाउ: एंड्स एट क्रॉस रोड रिपोर्ट"** शीर्षक से रिपोर्ट जारी की है।
- यह उपचार और रोकथाम में हुई **प्रगति को रेखांकित** करता है, साथ ही शेष चुनौतियों पर भी ध्यान केंद्रित करता है।
- यह रिपोर्ट **वर्ष 2030 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में AIDS को समाप्त करने की क्षमता** को रेखांकित करने के साथ असमानताओं को दूर करने, रोकथाम एवं उपचार तक पहुँच बढ़ाने और स्थायी संसाधनों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती है। **अतः विकल्प C सही है।**

**208. खेलो इंडिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे ज़मीनी स्तर पर बच्चों को शामिल करके भारत की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिये शुरू किया गया था।
2. खेलो इंडिया के हिस्से के रूप में खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) और खेलो इंडिया विंटर गेम्स (KIWG) को वार्षिक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के रूप में स्थापित किया गया था।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**खेलो इंडिया:**

- खेलो इंडिया को ज़मीनी स्तर पर बच्चों को शामिल करके भारत की **खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करने** के लिये शुरू किया गया था। यह **विभिन्न खेलों हेतु देश भर में बेहतर खेल बुनियादी ढाँचे और अकादमियों** के निर्माण पर भी केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- खेलो इंडिया के हिस्से के रूप में **खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG), खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (KIUG) और खेलो इंडिया विंटर गेम्स (KIWG)** को वार्षिक राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के रूप में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**209. राष्ट्रपति के विचार के लिये विधेयक आरक्षित करने की राज्यपाल की शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

1. यह अनुच्छेद 200 में निर्धारित है।
2. यह राज्यपाल की विवेकाधीन शक्ति नहीं है।
3. यदि विधेयक उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरे में डालता है तो यह अनिवार्य है।
4. वह राज्य विधानमंडल द्वारा पारित धन विधेयक को आरक्षित नहीं कर सकता।

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 3 और 4

C. केवल 1 और 3

D. केवल 2, 3 और 4

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल द्वारा विधेयक का आरक्षण:**

- जब राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कोई विधेयक राज्यपाल के समक्ष उनकी स्वीकृति के लिये प्रस्तुत किया जाता है, तो वह **संविधान के अनुच्छेद 200** के तहत **राष्ट्रपति** के विचार के लिये **विधेयक को सुरक्षित रख** सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्यपाल के पास राष्ट्रपति के विचार के लिये **विधेयक को आरक्षित करने का संवैधानिक विवेक** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपति के विचार के लिये **विधेयकों का आरक्षण अनिवार्य है, जहाँ राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्य उच्च न्यायालय की स्थिति को खतरे** में डालता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- वह **राष्ट्रपति के विचार के लिये धन विधेयक को सुरक्षित** रख सकता है। जब राज्यपाल राष्ट्रपति के विचार के लिये धन विधेयक को सुरक्षित रखता है, तो **विधेयक के अधिनियमन में उसकी कोई और भूमिका** नहीं होगी। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**

**210. संरचनात्मक बेरोज़गारी मुख्यत: निम्नलिखित कारणों से होती है:**

A. अर्थव्यवस्था में अस्थायी मंदी

B. रोज़गार के अवसरों में मौसमी बदलाव

C. व्यापार चक्र में बदलाव

D. श्रमिकों के कौशल और नई नौकरियों की आवश्यकताओं के बीच बेमेल

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संरचनात्मक बेरोज़गारी:**

- यह **बेरोज़गारी की एक श्रेणी** है जो श्रमिकों के कौशल और **नई नौकरियों की आवश्यकताओं** के बीच बेमेल के कारण होती है।
- यह एक **दीर्घकालिक स्थिति** है जो **अर्थव्यवस्था में मूलभूत परिवर्तनों के कारण उत्पन्न** होती है।
- **नई प्रौद्योगिकियों** के आने से कुछ **मौजूदा नौकरियाँ समाप्त हो सकती** हैं, जिससे अनेक लोग बेरोज़गार हो सकते हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

**211. भारतीय विधि आयोग (LCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक वैधानिक निकाय है जो विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
2. विधि के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिये इसके पास निश्चित कार्य-शर्तें हैं तथा यह रिपोर्ट के रूप में सरकार को सिफारिशें करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारतीय विधि आयोग (LCI):**

- भारतीय विधि आयोग (LCI) एक **गैर-सांविधिक निकाय** है और इसका गठन भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा किया जाता है। यह **विधि एवं न्याय मंत्रालय के अधीन कार्य करता** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **कानून के क्षेत्र में अनुसंधान करने** के लिये इसके पास निश्चित संदर्भ शर्तें हैं और यह **रिपोर्ट के रूप में सरकार को सिफारिशें** करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**212. 'चतुर्भुज सुरक्षा संवाद' (QSD) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. यह चार देशों, अर्थात् संयुक्त राज्य अमेरिका (USA), भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक रणनीतिक मंच है।

B. इसका प्राथमिक उद्देश्य एक स्वतंत्र, खुले, समृद्ध और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये काम करना है।

C. इसकी पहली बैठक 2017 में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN) के दौरान हुई थी।

D. जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे क्वाड के गठन का विचार रखने वाले पहले व्यक्ति थे।

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (QSD):**

- चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (QSD) एक **रणनीतिक मंच है जिसमें चार देश शामिल** हैं, **अर्थात् संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए), भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान।**
- इसका प्राथमिक उद्देश्य एक **स्वतंत्र, खुले, समृद्ध और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये काम** करना है।

नोट :

- इसकी पहली बैठक ASEAN में **दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (ASEAN)** की बैठक के दौरान हुई थी। **वर्ष 2007 में इसकी स्थापना के बाद से,** चार सदस्य देशों के प्रतिनिधि समय-समय पर मिलते रहे हैं।
- जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे वर्ष 2007 में क्वाड के गठन का विचार रखने वाले पहले व्यक्ति थे। **अतः विकल्प C सही है।**

**213. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में ज़िम्मरमैन योजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?**

A. प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी की मदद से भारत में सशस्त्र विद्रोह का निर्माण करना

B. स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना और ब्रिटिश वस्तुओं का बहिष्कार करना

C. द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय भागीदारी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अहिंसक विरोध की योजना बनाना

D. दांडी मार्च का आयोजन करना और सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करना

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ज़िम्मरमैन योजना:**

- **प्रथम विश्व युद्ध के दौरान**, **जतिंद्रनाथ मुखर्जी (बाघा जतिन)** के नेतृत्व में **जुगांतर/युगांतर पार्टी** ने अन्य देशों में **समर्थकों और क्रांतिकारियों** के साथ संबंध स्थापित किये।
- उन्होंने **अपनी क्रांतिकारी गतिविधियों** को समर्थन देने के लिये **जर्मन हथियारों और गोला-बारूद** के आयात की व्यवस्था की।
- **जतिन** ने **अखिल भारतीय विद्रोह** की भी योजना बनाई, जिसे **'जर्मन षडयंत्र' या 'ज़िम्मरमैन योजना'** के नाम से जाना जाता है।
- बंगाल में ये क्रांतिकारी गतिविधियाँ **प्रथम विश्व युद्ध** के दौरान **जर्मनी** की मदद से भारत में सशस्त्र विद्रोह करने के **क्रांतिकारियों के दृढ़ संकल्प** को दर्शाती हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**214. अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भूमध्यरेखीय अक्षांशों में कम दबाव का एक विस्तृत गर्त है जहाँ उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व व्यापारिक हवाएँ मिलती हैं।
2. यह पूरे वर्ष भूमध्य रेखा के समानांतर रहता है।
3. मानसून के मौसम में इसे मानसून-गर्त के रूप में भी जाना जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ):**

- **अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (ITCZ)** भूमध्यरेखीय अक्षांशों में **कम दबाव का एक विस्तृत गर्त** है। यह वह जगह है जहाँ **उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व व्यापारिक हवाएँ** मिलती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **भूमध्य रेखा के लगभग समानांतर स्थित** है, लेकिन **सूर्य की स्पष्ट गति के साथ उत्तर या दक्षिण** की ओर बढ़ता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मानसून के मौसम में इसे **मानसून गर्त के** नाम से भी जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**215. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निधि-प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्य का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. बड़े पैमाने पर विनिर्माण परियोजनाओं के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करना

B. प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप को प्रोटोटाइप और विचार विकसित करने में सहायता करना

C. वैज्ञानिक क्षेत्रों में शैक्षणिक अनुसंधान के लिये अनुदान प्रदान करना

D. ग्रामीण विकास और कृषि आधारित उद्यमों को बढ़ावा देना

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**निधि-प्रयास कार्यक्रम:**

- **निधि-प्रयास (युवा और महत्त्वाकांक्षी इनोवेटर्स और स्टार्टअप को बढ़ावा देना तथा उनमें तेज़ी लाना)** का उद्देश्य विशेष रूप से युवा नवप्रवर्तकों को उनके विचारों को **प्रोटोटाइप/प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट (PoC)** में बदलने में सहायता करना है।
- यह समर्थन नवप्रवर्तकों को असफलता के भय के बिना अपने विचारों को व्यवहार में आजमाने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे वे एक ऐसे स्तर पर पहुँच सकेंगे जहाँ उनके पास **तैयार उत्पाद** होगा और वे **व्यावसायीकरण के लिये इनक्यूबेटरों** से संपर्क करने हेतु तैयार होंगे।
- यह एक **प्री-इनक्यूबेशन पहल** है जो प्रोटोटाइप और विचारों को विकसित करने में **प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स** को सहायता प्रदान करती है। **अतः विकल्प B सही है।**

**216. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: सौर पैनल एक उपकरण है जो "फोटॉन" नामक ऊर्जा के कणों से बने सूर्य के प्रकाश को बिजली में परिवर्तित करता है।**

**कथन-II: फोटॉन इलेक्ट्रॉनों को उनकी परमाणु कक्षाओं से बाहर निकाल देते हैं, जिससे एक विद्युत क्षेत्र निर्मित होता है जो इन मुक्त इलेक्ट्रॉनों को एक दिशात्मक धारा में खींच लेता है, जिससे ऊर्जा उत्पन्न होती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सौर पैनल:**

- **सौर पैनल** एक ऐसा उपकरण है जो **सूर्य से आने वाले प्रकाश "फोटॉन" नामक ऊर्जा के कणों से बना होता** है और सूर्य के प्रकाश को बिजली में परिवर्तित करता है। **अतः कथन-I सही है।**
- जब **फोटॉन सौर पैनल की सतह से टकराते** हैं, तो वे **इलेक्ट्रॉनों को उनकी परमाणु कक्षाओं** से बाहर धकेल देते हैं। **सौर सेल** तब एक **विद्युत क्षेत्र** बनाते हैं जो इन **मुक्त इलेक्ट्रॉनों को एक दिशात्मक धारा** में खींचता है, जिससे ऊर्जा उत्पन्न होती है। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

नोट :